

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी



आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 113 रांची, सोमवार, 06 अप्रैल, 2026 (वैशाख, कृष्ण पक्ष 04, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## संक्षिप्त

### हिंद महासागर में 4.2 तीव्रता का आया भूकंप

**नई दिल्ली।** रविवार तड़के हिंद महासागर में 4.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिसने क्षेत्र में भूगर्भीय हलचल पैदा की। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक यह भूकंप समुद्र तल से करीब 90 किलोमीटर की गहराई पर आया। सुबह के समय आए इस भूकंप से किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। विशेषज्ञों ने इसे सामान्य और कम तीव्रता वाला भूकंप बताया है, जिसके कारण किसी बड़े खतरे की संभावना नहीं बनी। साथ ही, किसी भी प्रकार की सुनामी चेतावनी भी जारी नहीं की गई है। हालांकि वैज्ञानिकों का मानना है कि समुद्र के अंदर होने वाली ऐसी हलचलें भूगर्भीय गतिविधियों का संकेत होती हैं, जिन पर लगातार निगरानी बनाए रखना जरुरी है।

### भारत-पाकिस्तान सीमा के पास डेनमार्क का युवक गिरफ्तार

**बीकानेर।** भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक खाजूवाला क्षेत्र में डेनमार्क के एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए पकड़ा गया। वह करीब सात महीने पहले एक साल के टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। पुलिस के अनुसार, खाजूवाला बाजार के हॉस्पिटल रोड पर स्थानीय लोगों ने एक विदेशी युवक को संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा। सूचना मिलते ही एएसआई किशन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लिया। थाने लाए जाने पर युवक भावुक हो गया और रोने लगा, जिससे मामला गंभीर हो गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि युवक के पास वैध पासपोर्ट और एक साल का वीजा है, हालांकि सीमावर्ती क्षेत्र में प्रवेश के लिए आवश्यक विशेष अनुमति उसके पास नहीं थी। प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि युवक जानकारी के अभाव में इस संवेदनशील क्षेत्र तक पहुंच गया, हालांकि सुरक्षा एजेंसियां किसी भी संभावना को नजरअंदाज नहीं कर रही हैं और मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

### असम में भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या चुनावी हिंसा का आरोप

**चराईदेव (असम)।** असम में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही हिंसा की घटनाएं बढ़ती नजर आ रही हैं। इसी कड़ी में चराईदेव जिले से एक भयावह घटना सामने आई है, जहां एक भाजपा कार्यकर्ता की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि मृतक की पहचान खूदकन बोरा के रूप में हुई है, जो चुनाव प्रचार में जुटे थे। आरोप है कि जय भारत पार्टी के समर्थकों ने उन पर हमला किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, जय भारत पार्टी के समर्थक तिलेश्वर मुर्मू पर इस हत्या को अंजाम देने का आरोप लगा है।

**असम में हेमंत सोरेन की चुनावी हुंकार, मजूदरों से बोले -**

# अपने हक, अधिकार और पहचान के लिए हों एकजुट

**हेमंत सोरेन बोले–संगठन में है ताकत, झारखंड की तरह बदलाव संभव**

**चाय बागान मजदूरों की स्थिति पर जताई चिंता, अधिकारों के लिए संघर्ष का आह्वान**

**प्रात: नागपुरी संवाददाता**



**रांची/असम।** हेमंत सोरेन ने असम में चुनावी प्रचार के दौरान चाय बागान मजदूरों, आदिवासियों और किसानों के मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। चराइदेव जिले के सोनारी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनका यहां आना केवल राजनीति नहीं, बल्कि संघर्ष कर रहे लोगों के साथ खड़े होने का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने चाय बागान मजदूरों की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि 250 रुपये की मजदूरी में जीवन यापन करना बेहद मुश्किल है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे छोटे-छोटे वादों के जाल में न फंसें और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएं।

उन्होंने कहा कि असम में रहने वाले आदिवासी समाज को अब तक उनका पूरा अधिकार और पहचान नहीं मिल सकी है। अगर समाज संगठित हो जाए, तो बदलाव निश्चित है। झारखंड का उदाहरण देते हुए सोरेन ने कहा कि वहां की जनता ने अपनी ताकत से बदलाव लाकर अपने अधिकार हासिल किए हैं। उन्होंने लोगों से जागरूक होकर अपने हक के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। वहीं, कल्पना सोरेन ने तिनसुकिया जिले के मार्गेरिटा विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशी जरनेल मिंज के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

**असम के आदिवासियों को न्याय दिलाना राजनीति से ऊपर : हेमंत**

**रांची।** हेमंत सोरेन ने असम के आदिवासी समाज के मुद्दे को उठाते हुए इसे राजनीति से ऊपर का विषय बताया है। उन्होंने कहा कि असम के चाय बागानों में पीढ़ियों से रह रहे आदिवासी आज भी अनुसूचित जनजाति का संवैधानिक दर्जा पाने से वंचित हैं, जो एक गंभीर राष्ट्रीय अन्याय है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि अंग्रेजों के समय से असम की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाने वाले इस समाज को आज तक उनकी पहचान और अधिकार नहीं मिल सके। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर एक पूरे समुदाय को उसके संवैधानिक अधिकार से क्यों वंचित रखा गया। हेमंत सोरेन ने कहा कि यह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि न्याय, सम्मान और पहचान का सवाल है। उन्होंने केंद्र और संबंधित पक्षों से अपील की कि इस ऐतिहासिक अन्याय को स्वीकार कर जल्द से जल्द समाधान निकाला जाए।

**कूचबिहार में गरजे पीएम मोदी, बोले -**

# टीएमसी के पापों का भर चुका है घड़ा, अब बदलाव की बयार

**प्रधानमंत्री मोदी बोले – टीएमसी का समर्थन सीधा घुसपैठियों को**

**एजेंसी**



**कोलकाता।** बीजेपी के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर कूचबिहार में रैली को संबोधित कर कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार, घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार ने जनता को भय और असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और अब बंगाल की जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब पूरा किया जाएगा और जनता का लूटा हुआ पैसा वापस कराया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है और संवैधानिक संस्थाओं की अनदेखी हो रही है। उन्होंने संदेशखाली जैसी घटनाओं का जिक्र कर महिलाओं की सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बताया।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारा बंगाल एक समय भारत के सबसे बड़े विकसित राज्यों में शुमार था। विकास व्यापार उद्योग कला संस्कृति हर क्षेत्र में बंगाल आगे रखा था। लेकिन फिर बंगाल पर ग्रहण लग गया। पहले कांग्रेस का, फिर लेफ्ट का और अब टीएमसी का ग्रहण लग गया।

उन्होंने कहा कि इससे बंगाल की चमक फीकी पड़ती चली गई। पहले देश में एक सामान्य व्यक्ति औसतन जितना कमाते थे, बंगाल का मानुस उससे ज्यादा कमाता था। लेकिन अब बंगाल में भष्ट्राचार करने वाली सरकारों के कारण स्थिति उलट गई है। आज देश के अन्य राज्य विकास कर रहे हैं, लेकिन बंगाल पीछे होता जा रहा है। यहां से फैक्ट्रियां बाहर जा रही है। बंगाल के लोगों को पता है कि शिक्षक भर्ती घोटाला हुआ। टीएमसी के विधायक मंत्री पूरी सरकार इन घोटालों में शामिल थी। कट, कमीशन और करप्शन से युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हुआ है। जब भी चुनाव आता है, टीएमसी वाले झूठे वादे लेकर आते हैं। लेकिन हालात वैसे के वैसे ही बने हुए हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारा बंगाल शक्ति पूजा की धरती है। यहां आई सभी बहनों-बेटियो को बंगाल की हर बेटी से कहूंगा बीजेपी आपके सम्मान और आपकी समृद्धि के लिए मैदान में है।

## अमेरिका ने ईरान से अपने लापता पायलट को सुरक्षित निकाला

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष के बीच अमेरिकी एफ-15ई जेट के लापता पायलट को अमेरिका ने जटिल बचाव अभियान को अंजाम देते हुए ईरान की जमीन से सुरक्षित निकाल लिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी पुष्टि करते हुए इसे अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियान बताया। अमेरिकी एफ-15 ईगल जेट के लापता पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा हमने उन्हें सुरक्षित निकाल लिया! पिछले कुछ घंटों में अमेरिकी सेना ने इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। हमारे अद्भुत क्रू मेम्बर अधिकारी, जो एक सम्मानित कर्नल हैं, अब पूरी तरह सुरक्षित हैं। ट्रंप ने लिखा कि अमेरिकी सेना ने उन्हें बचाने के लिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली हथियारों से लैस दर्जनों विमान भेजे। अधिकारी घायल हैं लेकिन पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। यह साबित करता है कि हमने ईरानी आसमान पर पूर्ण वायु श्रेष्ठता और प्रभुत्व हासिल कर लिया है।

## स्वदेशी 1000 किलो के हवाई बम खरीदेगी वायुसेना

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत ने अमेरिका-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर से बहुत बड़ी सीख ली है। इन दोनों घटनाओं ने दिखाया कि लड़ाई के समय हथियारों की मौजूदगी और उनकी ताकत कितनी जरूरी होती है। इसी वजह से रक्षा मंत्रालय ने अब वायु सेना को और मजबूत करने का फैसला किया है। रक्षा मंत्रालय स्वदेशी 1000 किलो के हवाई बम खरीदने की तैयारी में जुट गया है। ये बम अमेरिका के एमके-84 बम जैसा ही होगा, जो 2000 पाउंड यानी करीब 907 किलो विस्फोटक ले जा सकते हैं। इसका मतलब है कि ये बम दुश्मन के बड़े-बड़े टारगेट को पूरी तरह बर्बाद कर सकते है।

Ministry of Defence
Government of India

अब भारत खुद इन बमों को बनाएगा ताकि विदेश से खरीदने की जरूरत कम हो जाए और वायु सेना हमेशा तैयार रहे। रक्षा मंत्रालय ने इन स्वदेशी बमों की खरीद के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट यानी ईओसी जारी किया है। इसके तहत 600 इसतरह के 1000 किलो के हवाई बम बनाए और खरीदे जाएंगे। इनके साथ टेल यूनिट यानी पूंछ वाला हिस्सा और दूसरे जरूरी उपकरण भी शामिल रहने वाले है। यह पूरा प्रोजेक्ट बाय इंडियन कैटेगरी में चलेगा यानी सब कुछ भारत में ही तैयार होगा। इससे भारतीय कंपनियां आगे बढ़ेंगी और देश की रक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। ये नए हवाई बम खुद-ब-खुद टुकड़ों में बंटकर फैल जाएंगे। ये उच्च कैलिबर के हथियार हैं जो बहुत तेज विस्फोट पैदा करते हैं।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग 95 प्रतिशत बढ़ी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते घटनाक्रमों और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति को देखते हुए देश में शनिवार को 51 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए, जबकि उद्योग के आधार पर ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग में 95 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार केंद्र सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षा के लिए मिशन मोड में काम शुरू कर दिया है। पेट्रोलियम मंत्रालय से लेकर विदेश मंत्रालय तक सभी विभाग सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए तत्पर हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार है। आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इस दौरान वितरण में पारदर्शिता के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड का दायरा फरवरी के 53 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा एलपीजी पर निर्भरता कम करने के लिए पीएनजी नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। मार्च से अब तक 3.6 लाख नए पीएनजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं।

## झारखंड की प्राकृतिक खूबसूरती के मुरीद हुए आनंद महिंद्रा

**मेघाहातुबुरू की बादलों की पहाड़ी से लेकर देवघर तक की जमकर तारीफ**

**प्रात: नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** मशहूर उद्योगपति आनंद महिंद्रा झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता के कायल हो गए हैं। उन्होंने पश्चिमी सिंहभूम जिले के मेघाहातुबुरू हिल स्टेशन को बादलों की पहाड़ी बताते हुए इसकी मनमोहक छटा की सराहना की है। आनंद महिंद्रा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मेघाहातुबुरू की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि भारत में घूमने के लिए अक्सर गोवा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान जैसे स्थानों का ही जिक्र होता है, लेकिन झारखंड की प्राकृतिक खूबसूरती अद्भुत है। उन्होंने बताया कि यह हिल स्टेशन करीब 4300 फीट की ऊंचाई पर सारंडा जंगल के बीच स्थित है, जो सैकड़ों पहाड़ियों से घिरा हुआ है।

यहां का सूर्यास्त, झरने और हरियाली पर्यटकों को खास आकर्षित करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में नेतरहाट का प्रसिद्ध सूर्योदय, बेतला राष्ट्रीय उद्यान, देवघर का पवित्र ज्योतिर्लिंग, रांची के आसपास के जलप्रपात और घने जंगल जैसे कई दर्शनीय स्थल मौजूद हैं, लेकिन इसके बावजूद यह राज्य पर्यटन के नक्शे पर अपेक्षित पहचान नहीं बना सका है। महिंद्रा ने झारखंड में पर्यटन सुविधाओं की कमी पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यहां रिसॉर्ट्स की संख्या बहुत कम है और अधिकतर स्थानों पर केवल गेस्टहाउस ही उपलब्ध हैं।

## आचार संहिता लागू होने के बाद से पांच राज्यों में 651.51 करोड़ की नकदी जब्त : चुनाव आयोग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आगामी विधानसभा चुनावों और उपचुनाव के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता के तहत कार्रवाई करते हुए अब तक 651.51 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी और अवैध सामग्री जब्त की है। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है।



चुनाव आयोग के अनुसार, चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में चुनावी तैयारियों के बीच आचार संहिता के प्रभावी पालन के लिए व्यापक निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत 5,173 से अधिक फ्लाइंग स्क्वॉड और 5,200 से ज्यादा स्टैटिक सर्विलांस टीमें तैनात की गई हैं। ये टीमें विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जांच, तलाशी और नाकाबंदी अभियान चला रही हैं, ताकि अवैध गतिविधियों पर तुरंत अंकुश लगाया जा सके।

आयोग की ओर से बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के माध्यम से 26 फरवरी से अब तक बड़ी मात्रा में अवैध वस्तुओं की जब्ती दर्ज की गई है। इसमें 53.2 करोड़ रुपये नकद, 79.3 करोड़ रुपये की शराब, 230 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, 58 करोड़ रुपये की कीमती धातु और 231.01 करोड़ रुपये के अन्य मुफ्त उपहार शामिल हैं। राज्यवार आंकड़ों पर नजर डालें तो सबसे अधिक जब्ती पश्चिम बंगाल में 319 करोड़ रुपये की हुई है।

### सीमांचल क्षेत्र में फर्जी आधार बनाने के नेटवर्क का खुलासा

**एजेंसी**

**किशनगंज।** सीमांचल क्षेत्र में फर्जी आधार कार्ड बनाने के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जिसके तार यूपी और पश्चिम बंगाल से जुड़े मिले। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस रैकेट के जरिए ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल बैंक खाते खोलने से लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तक में किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बिहार के सीमावर्ती जिले किशनगंज जो नेपाल और बांग्लादेश की सीमा के पास स्थित है, इस नेटवर्क का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

## तेजस्वी यादव का रांची में शक्ति प्रदर्शन, बोले - राजद को फिर बनाएंगे राष्ट्रीय पार्टी

**प्रात: नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव का रविवार को रांची के कार्निवल बैंक्वेट हॉल में भव्य अभिनंदन किया गया। इस मौके पर उन्होंने पार्टी को फिर से राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का संकल्प दोहराया और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद देशभर में अपने विस्तार की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पार्टी केरल में तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है और वहां लेफ्ट अलायंस के साथ गठबंधन में है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पार्टी की ताकत है, वहां चुनाव लड़ा जाएगा और संगठन को मजबूत करना प्राथमिकता है।

झारखंड के पार्टी नेताओं और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने हर जिले और हर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर मजबूत तैयारी करने का आान किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों पर तैयारी रखनी चाहिए, ताकि गठबंधन की स्थिति में भी पार्टी मजबूत स्थिति में रहे। उन्होंने पिछली बार के चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि सीमित सीटों, पांच पर लड़ने के बावजूद राजद ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार सीटों पर जीत हासिल की थी।

तेजस्वी यादव ने कहा कि देश और राज्य में फिर्कापरस्त ताकतों को रोकना राजद की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की धरती पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को रोकने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों के साथ मिलकर काम किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि गठबंधन में समझौते करने पड़ते हैं, लेकिन संगठन मजबूत होगा तो ज्यादा सीटों की मांग भी संभव होगी।

बिहार विधानसभा चुनाव में हार का जिक्र करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि पार्टी जनता के वोट से नहीं हारी, बल्कि मशीन तंत्र और धनतंत्र के कारण हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि 2025 के चुनाव में राजद को 1 करोड़ 90 लाख वोट मिले, जो पिछले चुनाव की तुलना में 20 लाख वोट अधिक हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता का समर्थन पार्टी के साथ बना हुआ है। तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद लालू प्रसाद की विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है और इसे कोई तोड़ नहीं सकता। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं के पार्टी छोड़ने से संगठन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। उन्होंने भरोसा जताया कि राजद ईडी-सीबीआई जैसी चुनौतियों के बावजूद वापसी करेगी और भविष्य में बिहार व केंद्र में सत्ता में आएगी।

## अमृत भारत कोचों की अगली पीढ़ी तैयार आधुनिक सुविधाओं से होगा बेहतर सफर

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** भारतीय रेल यात्रियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं देने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में अमृत भारत कोचों की अगली पीढ़ी के लिए उन्नत आंतरिक डिजाइन और सुविधाओं से लैस नमूना कोच तैयार किए गए हैं। अश्विनी वैष्णव ने 4 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इन नमूना कोचों का निरीक्षण किया। इन कोचों को यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। नए कोचों में आकर्षक और समन्वित रंग योजना का उपयोग किया गया है। पीवीसी फ्लोरिंग, सीट और बर्थ की रेक्सीन, स्नैक टेबल, परदे तथा शौचालय क्षेत्रों में एकरूपता और आधुनिकता का विशेष ध्यान रखा गया है। सभी सामग्री उच्च स्तर के एचएल3 अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुरूप है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

इन कोचों की डिजाइन न केवल देखने में आकर्षक है, बल्कि टिकाऊ और रखरखाव में भी आसान है। यह पहल भारतीय रेल के आधुनिकीकरण अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और विश्वस्तरीय यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। रेल मंत्रालय का मानना है कि इन उन्नत कोचों के माध्यम से देशभर के यात्रियों को बेहतर ऑनबोर्ड वातावरण और सुविधाजनक सफर का अनुभव मिलेगा।

# सताकी गांव में उल्लास से सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**राहे।** प्रखंड अंतर्गत सताकी गांव के पुराना अखाड़ा में एकदिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव शनिवार रात को रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव में नागपुरी आर्केस्ट्रा, कुड़माली झूमर, बॉलीबॉल टूर्नामेंट, मुर्गा लड़ाई, आदि कार्यक्रम आयोजित किए गये। रात भर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो धीरज, जिप सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, मुखिया पांडु मुंडा, रंग बहादुर महतो,आदि मौजूद रहे। इन्होंने कहा की हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। अपनी पारंपरिक संस्कृति और परम्पराओं को संरक्षित रखते हुए विकास के शिखर पर पहुंचाना है। झारखंड के संस्कृति विरासत काफी समृद्ध है। गांव के पुराने अखाड़ा में कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। नागपुरी कलाकार पवन रॉय की टीम, निशिकांत महतो की टीम के साथ कैलाश जैक्शन और शिवानी डांस ग्रुप,प्रेम दीया सुर सरगम म्यूजिकल ग्रुप, पायल बैंड आदि ने अपनी प्रस्तुति दिए। पवन रॉय ने अपनी गीतों से संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मेला समिति के सदस्यों ने अंग वस्त्र एवं बैच पहना कर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को सम्मानित किया । कार्यक्रम का सफल संचालन विनय महतो धीरज एवं एंकर प्रेम सिंह ने किया। कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर शिक्षाविद, पूर्व शिक्षक, समाजसेवी पशुपतिनाथ महतो के निधन पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेला समिति के दुर्लभ महतो, राजेंद्र नाथ महतो, धर्मेंद्र महतो, अश्विनी मेहता, नीलकांत महतो, गिरिधर महतो, यशपाल महतो, परमेश्वर महतो, मेघनाथ महतो, मनराखन महतो, राकेश कुमार महतो, सुमंत, कैलाश, हितेश, संजय, मदन, अम्बुज, अक्षय, पंकज कुमार, किशोर, फलीन, पंकज महतो, निखिल, सुनील, कुलपति, अरविंद महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जरियागढ़ में प्रतिबंधित गोवंशीय मांस के कारोबार का खुलासा, दो गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खुटी।** जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित गौवंशीय पशु वध और मांस की अवैध खरीद-बिक्री के मामले का पदार्फाश किया है। इस दौरान पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।
पुलिस के अनुसार, शनिवार को ग्राम बड़का रेगरे के बगीचा टोली स्थित सरना दोन के समीप झाड़ीनुमा जंगल क्षेत्र में छापेमारी की गई। यहां दो अलग-अलग स्थानों पर कुछ लोग प्रतिबंधित गौवंशीय पशु का क्रूरतापूर्वक वध कर मांस की खरीद-बिक्री करते पाए गए।
मौके से पुलिस ने सोमरा उर्फ इमिल आईंद (55 ) और निरल आईंद (56 ), दोनों निवासी बड़का रेगरे, थाना जरियागढ़, जिला खूंटी को गिरफ्तार किया। वहीं, मामले में बसंत आईंद उर्फ कच्चा, उम्बलेन आईंद सहित 15-20 अज्ञात लोगों को भी आरोपित बनाया गया है। इस संबंध में जरियागढ़ थाना में (कांड संख्या 08/26) के तहत विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## संक्षिप्त

### सरना धर्म समाज का हो संरक्षण : बगरय मुंडा

**खूंटी।** सरना धर्म सोतो समिति शाखा दुलवा के सरना स्थल में रविवार को सरहुल पूजा महासमिति के तत्वावधान में भगवान सिंगबोगा की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर समाज की सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान धर्मगुरु बगरय मुण्डा ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जिस समृद्ध और संगठित समाज की कल्पना की थी, वह आज भी पूरी तरह साकार नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में धार्मिक और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण सामाजिक-धार्मिक परंपराओं और रीति-रिवाजों पर प्रभाव पड़ रहा है, जिससे कई लोग अपने मूल धर्म और संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी समाज का एक वर्ग शोषण, जुल्म, अन्याय और अत्याचार का शिकार हो रहा है। वहीं दूसरी ओर समाज में व्याप्त कुरीतियां, धार्मिक आडंबर और अंधविश्वास भी लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। धर्मगुरु बगरय मुण्डा ने कहा कि सरना धर्म की पहचान, संरक्षण और संवर्धन के लिए सामाजिक और धार्मिक व्यवस्थाओं में एकरूपता लाना जरूरी है। इस अवसर पर सनिका तिड़ू, जितू पाहन, मथुरा कंडीर, मंगरा ढोडराय, बुधराम सिंह मुण्डा, चैतन मुण्डा, गोपाल मुण्डा, सिनु मुण्डा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### रसोई गैस की आपूर्ति के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए प्रशासन : कालीचरण मुंडा

**खूंटी।** खूंटी लोक सभा सांसद कालीचरण मुंडा ने जिले में एलपीजी गैस की लगातार हो रही कमी और आम जनता को हो रही परेशानी को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज खूंटी जिले के लोग गैस संकट से त्रस्त हैं, लेकिन जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या पर अपेक्षित तत्परता नहीं दिखा रहा है, जिसके कारण आम नागरिकों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और इसे जल्द से जल्द सुधारने की आवश्यकता है। सांसद ने जिला प्रशासन से मांग की है कि एलपीजी गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तत्काल ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# गैस रिफिलिंग गिरोह का भंडाफोड़ बिरयानी दुकान से 9 सिलेंडर बरामद

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के ओरमांझी क्षेत्र में अवैध गैस सिलेंडर रिफिलिंग और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का खुलासा किया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर जिला स्तरीय टीम ने ईरवा स्थित एक बिरयानी दुकान में छापेमारी की और वहां से एलपीजी सिलेंडर बरामद की। ओरमांझी के प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में एक गुप्त सूचना के आधार पर हुई इस कार्रवाई के दौरान दिल्ली दरबार नामक बिरयानी दुकान से कुल नौ व्यवसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए गए। इनका कुल वजन लगभग 19.02 किलोग्राम था, जिनमें एचपी और इंडेन के सिलेंडर शामिल हैं। जांच में पाया गया कि कुछ सिलेंडर सील थे, जबकि कुछ का उपयोग अवैध रिफिलिंग के लिए किया जा रहा था।
दुकान संचालक से पूछताछ में खुलासा हुआ कि सिलेंडर एक बिचौलिए के माध्यम से कार से सप्लाई किए जाते थे। यह बिचौलिया अवैध रूप से सिलेंडरों की रिफिलिंग कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेचता था और मुनाफे में हिस्सेदारी भी तय थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम ने गिरफ्तार व्यक्ति की निशानदेही पर ओरमांझी थाना क्षेत्र में आरोपित के घर पर भी छापेमारी की।
इस दौरान एक 19.02 किलोग्राम क्षमता का एचपी गैस सिलेंडर बरामद किया गया, जिसमें करीब 10 किलोग्राम गैस भरी हुई थी और उस पर रिफिलिंग नोजल लगा हुआ था। साथ ही एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी जब्त किया गया, जिससे इस अवैध कारोबार के व्यवस्थित तरीके से संचालित होने की पुष्टि हुई। हालांकि मुख्य आरोपित छापेमारी के दौरान फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां आपूर्ति और वितरण विनियमन आदेश, 2000(रेगुलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर-2000) और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आती हैं। इस संबंध में ओरमांझी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।
उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन लगातार ऐसी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर से जुड़ी अवैध गतिविधियां न केवल कानूनन अपराध हैं, बल्कि आम लोगों की जान के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं इस तरह की गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन या नजदीकी थाने को सूचित करें।

## सिल्ली की तीरंदाज मनीषा और सविता ने पदक जीतकर किया क्षेत्र का नाम रोशन

**सिल्ली।** बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकादमी के तीरंदाज मनीषा एवं सविता कुमारी ने ट्राइबल गेम्स में रजत एवं कांस्य पदक जीतकर अपने केंद्र क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। ये उपलब्धि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में प्राप्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए कोच शिशिर महतो ने बताया कि सिल्ली की मनीषा कुमारी ने झारखंड राज्य रिकर्व महिला टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए मनीषा, कॉमोलिक, और अनुराधा कुमारी की टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। कंपाउंड टीम में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते सविता कुमारी,मेघा बेसरा और पूजा ने महाराष्ट्र को हरा कर कांस्य पदक प्राप्त किया। मनीषा कुमारी जोन्हा की सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से सम्बन्ध रखती है इससे पूर्व 38 वीं राष्ट्रीय खेल में रजत पदक के साथ कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीत चुकी है हाल ही में अंडर 17 स्कूल नेशनल में ओवर ऑल नेशनल चैंपियन का खिताब जीता था। सविता कुमारी सोनाहातू की टांग टांग गांव की रहने वाली है 2021 में प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है 2014 में साउथ एशियन चैंपियनशिप ढाका में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं साथ ही कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीत चुकी है वर्तमान में दोनों खिलाड़ी बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली में प्रशिक्षु हैं। उनकी इस उपलब्धि पर बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सह रांची जिला तीरंदाजी संघ के मुख्य संरक्षक पूर्व खेल मंत्री सुदेश कुमार महतो, झारखंड तीरंदाजी संघ सह झारखंड ओलंपिक संघ के ललित उपाध्याय नेहा महतो, सचिव चंचल भट्टाचार्य ने, संघ के पदाधिकारियों व अकादमी के खिलाड़ी एवं स्थानीय खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## पिठोरिया : सड़क हादसे में मासूम समेत कई घायल



**पिठोरिया।** रांची जिले के पिठोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पिठोरीया-पतरातू मुख्य मार्ग में राढ़हा पुल के समीप रविवार शाम करीब 6 बजे एक सवारी ऑटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि ऑटो पतरातू की ओर से आ रहा थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से पलट गई। इस हादसे में एक 13 वर्षीय मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका पैर टूट गया है। वहीं ऑटो में सवार अन्य यात्रियों को भी गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। ग्रामीणों की तत्परता से सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पिठोरिया थाना पुलिस भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

## पिठोरिया में भाजपा का प्रशिक्षण महाभियान संपन्न



**पिठोरिया।** भारतीय जनता पार्टी पिठोरिया मंडल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 का आयोजन 4 और 5 अप्रैल तक शांति स्वरूप विद्यालय, सेमरटोली में किया। कार्यक्रम भाजपा पिठोरिया मंडल अध्यक्ष विकास मुंडा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास, विकास एवं कार्य पद्धति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान वैचारिक अधिष्ठान विषय पर पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज महतो ने विस्तृत रूप से अपने विचार रखे। इतिहास एवं विकास विषय पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्य पद्धति विषय पर कमलेश राम ने संगठन के कार्य करने के तरीके पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षुओं को संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों के प्रति जागरूक करना और उन्हें संगठनात्मक रूप एकजुट करना था, जिससे लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। इस अवसर पर अनिल केशरी, अनूप कुमार, चेतन ठाकुर, श्रवण गोप, रामप्रसाद गोप, मनीष कुमार, अखिलेश पाठक, जीतनाथ बेदिया, रणधीर केशरी सहित लगभग दो सौ प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## कलयुग में हरिनाम ही मोक्ष का रास्ता है : निलय दास प्रभु

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के मिटकोरा गांव में विश्व हिंदू परिषद ने हनुमान जयंती पखवाड़ा के अवसर पर रविवार को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना से हुई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता निलय दास प्रभु ने कहा कि कलयुग में अधर्म का प्रभाव बढ़ना स्वाभाविक है, जिसका उल्लेख भगवत पुराण में भी मिलता है। ऐसे समय में मानव को अधर्म से बचाने का एकमात्र उपाय हरिनाम संकीर्तन और भगवान की भक्ति है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की जड़ों को मजबूत करने के लिए धर्मग्रंथों का अध्ययन और सत्संग आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवनारायण सिंह और विहिप कर्रा प्रखंड मंत्री लक्ष्मण सिंह ने की। विहिप जिला सह मंत्री एमपी सिंह ने दो दिन पूर्व रेगरे गांव में हुई गौकशी की घटना की निंदा करते हुए कहा कि क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पकड़े गए आरोपियों के मामले में किसी भी प्रकार की लिपापोती नहीं होने दी जाएगी और जरूरत पड़ी तो उग्र आंदोलन भी किया जाएगा।

## रजरप्पा के दुकानदारों के प्रति संवेदनशील रहे प्रशासन : जयराम

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** विधायक जयराम महतो ने मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा क्षेत्र में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य के तहत दुकानदारों को दिए गए अतिक्रमण नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए रामगढ़ प्रशासन से संवेदनशीलता बरतने की अपील की है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने बताया कि अंचल अधिकारी चितरपुर ने अतिक्रमण वाद संख्या 01/26 के तहत दुकानदारों को नोटिस जारी कर 8 अप्रैल 2026 को अंचल कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। यह भूमि बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 के अंतर्गत सार्वजनिक भूमि बताई गई है। प्रभावित दुकानदारों ने अपनी समस्या टाइगर जयराम महतो के समक्ष रखी, जिसके बाद उन्होंने रामगढ़ डीसी से फोन पर बातचीत कर कहा कि कोर्ट के आदेशों का सम्मान आवश्यक है, लेकिन वर्षों से बसे दुकानदारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि उनके आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

# सरहुल मिलन में ढोल-नगाड़ों और झांकी के साथ लोग हुए शामिल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**रामगढ़।** आदिवासी छात्र संघ के तत्वावधान में रविवार को शहर के सुभाष चौक में सरहुल पूजा सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सदस्य समन्वय समिति झारखंड और झामुमो के केंद्रीय सचिव फागू बेसरा, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष कुसुमलता मुंडा, अपर समाहर्ता लोहरदगा जितेंद्र मुंडा, उप सचिव स्वास्थ्य विभाग रणजीत लोहरा, समाजसेवी अमृतलाल मुंडा ज्योत्सना केरकेट्टा, डीएसपी मिथुन कुमार मुंडा, मनीराम मुंडा शामिल हुए। इस दौरान छात्र संघ के पदाधिकारी ने अतिथियों के आगमन पर उन्हें पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता सुनील मुंडा और संचालक प्रकाश करमाली ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि फागू बेसरा ने कहा कि आदिवासी समाज के लिए सरहुल पूजा बहुत महत्व रखता है इस पूजा के माध्यम से समाज के लोग प्राकृतिक की सुंदरता बनाए रखने के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति को बचाए रखने के लिए हम सभी को संकल्प लेने की आवश्यकता है। साथ ही जल, जंगल और धरोहर बचाना है। राज्य सरकार भी ऐसे धरोहर को बचाने के लिए संकल्पित के साथ काम कर रही है। समारोह में रमेश करमाली, कमल बगड़िया, 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, चंदन मुंडा, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली, अधिवक्ता शिव कुमार करमाली विजय कश्यप दीपक बेदिया, ज्ञानी मुंडा, रमेश करमाली सहित अन्य उपस्थित थे।

# सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी का एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम संपन्न

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में सिल्ली सुलुमजुड़ी स्थित द विलेज रिसोर्ट में बीएलए -2 ट्रेनिंग, मनरेगा और पेशा कानून का संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सोमनाथ मुंडा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो , कांग्रेस नेता सुनील सहाय, स्टेट कॉर्डिनेटर विनोद साहू , बीएलओ मास्टर ट्रेनर मो हुसैन, धर्मेन्द्र, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक महतो, मंडल अध्यक्ष, पंचायत पदाधिकारीगण एवं बीएलए- 2 व कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बीएलए 2 ट्रेनिंग के माध्यम से पार्टी के कार्यकताओं को प्रशिक्षण तथा मनरेगा तथा पेशा कानून के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर नागेश्वर महतो, विकाश रजक, निशाकर महतो, मंजूर मोमिन, सैय्यद कमर आलम, भगीरथ महतो, प्रकाश मुंडा, शमशेर आलम भगीरथ महतो, श्रीप्रसाद बढ़ाईक,रामपद मुंडा देवाशीष दत्ता, गुहीराम महतो, लालू कोइरी, मोहन उपाध्याय, हरिचरण करमाली, दीपक कर, गोपाल मुंडा, शालिग्राम पांडेय, दुर्गाचरण यादव, बिंदेश्वर महतो, रोहित मुंडा, सदानंद सोनार, रामु मोदक, भूतनाथ मंडल, दशरथ कुम्हार, सिदाम महतो, हबील अंसारी, अनिल कुमार महतो, मनोहर यादव, इदरीश अंसारी, सहदेव मांझी, शामेश्वर करमाली, बालक राम बेदिया, भोंदू हजाम, रंजीत महतो, मो खलील, सहदेव महतो, अरुण कुमार धान, तुलसीदास मांझी, शिशुपाल रजक, दुर्गा चरण मांझी, महादेव मुंडा, बुधराम लोहरा, महताब आलम आदि उपस्थित थे।

# विक्षिप्त ने फांसी लगाने का किया प्रयास

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सोनाहातू।** फांसी लगाकर आत्महत्या करने के कोशिश कर रहे व्यक्ति को बचाया गया है।फंदे पर लटके व्यक्ति को सोनाहातू पुलिस और ग्रामीण ने बचाई है। मामला सोनाहातू थाना अंतर्गत दुलमी गांव का है।गांव के सुखराम स्वांसी नामक व्यक्ति मानसिक अस्वस्थता के कारण आत्महत्या करने के लिए घर के समीप एक पेड़ पर चढ़ गया और फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश करने लगा जब सोनाहातू पुलिस और ग्रामीण बचाव अभियान शुरू किया गया तो वह पेड़ से फंदा डालकर कूद गया।पेड़ से कूदने के दौरान रस्सी टूट गई और वह जमीन पर गिर गया जिससे उसे मामूली चोटें आईं। पुलिस ओर ग्रामीणों के मदद से व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत लाभुकों को भेजी गई सम्मान राशि

**खाते में किया गया 97.32 करोड़**

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत लाभुकों के बीच मार्च की सम्मान राशि का भुगतान कर दिया गया है। योजना के तहत रांची जिले की 3 लाख 89 हजार 296 महिलाओं के बैंक खातों में पैसा भेज दिया गया है। आधार बेस्ड डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से 2500 रुपये प्रति लाभुक की दर से 97 करोड़ 32 लाख 40 हजार रुपये की राशि का भुगतान कर दिया गया है।

अनगड़ा के 16,701, अरगोड़ा शहरी क्षेत्र के 13360, बड़गाईं शहरी क्षेत्र के 9,683, बेड़ो के 20,571, बुंडू के 8,440, बुंडू नगर पंचायत के 3,502, बुढ़मू के 17816, चान्हो के 19,699, हेहल शहरी क्षेत्र के 15,245, ईटकी के 10,334, कांके के 31,548, कांके शहरी क्षेत्र के 1,313, खलारी के 9,580, लापुंग के 11,342 लाभुक के खाते में पैसे गए हैं। मांडर के 23,079, नगड़ी के 17,856, नगड़ी शहरी क्षेत्र के 8250, नामकुम के 17847, नामकुम शहरी क्षेत्र के 9489, ओरमांझी के 18,147, राहे के 9,522, रातू के 18,545, सिल्ली के 21,120, सोनाहातू के 13,036, तमाड़ के 18,491, सदर शहरी क्षेत्र के 24,780 लाभुक के खाते में पैसे भेजे गए हैं।

रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी पात्र लाभुकों को योजना का लाभ समय पर एवं पारदर्शी तरीके से प्राप्त हो। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की त्रुटि या विलंब नहीं हो। यदि किसी लाभुक को राशि प्राप्ति में समस्या हो तो उसका त्वरित समाधान किया जाए। जिला प्रशासन इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# ईस्टर पर बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता, एग पेंटिंग प्रतियोगिता में बिखेरे रंग

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** ईस्टर के अवसर पर रांची में आईफा इंटरनेशनल की ओर से रविवार को बच्चों के लिए रंगारंग ईस्टर एग पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में कला के प्रति रुचि विकसित करना और उनकी रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन ने किया। उन्होंने बच्चों को एग पेंटिंग की तकनीक और आकर्षक डिजाइन बनाने के विभिन्न तरीके समझाए। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने अंडों पर रंग-बिरंगे और सुंदर डिजाइन बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मोहम्मद साबिर हुसैन ने कहा कि कला बच्चों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई रंगीन कलाकृतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस आयोजन में रूहान, आयाना, हूमरा, मिस्कत, मुनमुन, आयात, महक, मेहरीन, डानियाल, नायरा, अली, शान और एनम सहित कई बच्चों ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में शगुफ्ता बानो और शामा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## संक्षिप्त

### विराट हिंदू सम्मेलन 15 को कांके में तैयारियां शुरू

**रांची।** कांके में 15 अप्रैल को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता विवेक प्रताप सिंह ने रविवार को बताया कि यह कार्यक्रम हिंदू समाज में जनजागरण और एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के माध्यम से लोगों को पंच परिवर्तन के संकल्प से जोड़ा जाएगा। इसमें स्वदेशी अपनाना, नागरिक कर्तव्यों का पालन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और परिवार सशक्तीकरण जैसे मुद्दों पर विशेष बल दिया जाएगा। सम्मेलन में संत-महात्माओं की ओर से धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को लेकर मार्गदर्शन किया जाएगा। साथ ही नशा मुक्ति, गो संरक्षण, मतांतरण, पारंपरिक हिंदू व्यवसायों पर बढ़ते कब्जे से सचेत करना और सामाजिक कुरीतियों पर भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांके, बुढ़मू और ओरमांझी प्रखंडों में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। राम भक्तों की टोली गांव-गांव जाकर लोगों को सम्मेलन से जोड़ेगी।

### आयुर्वेद आधारित पुस्तक पर प्रस्तावना वृद्धावस्था देखभाल पर विशेष जोर

**रांची।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय से जुड़े विद्वानों द्वारा डॉ. ज्ञान प्रकाश की पुस्तक वृद्धावस्था और स्वास्थ्य देखभाल: रसायन (2021-2025) को एक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी कृति बताया गया है। इस पुस्तक की प्रस्तावना में कहा गया है कि यह ग्रंथ आयुर्वेद के रसायन सिद्धांतों के माध्यम से वृद्धावस्था की समस्याओं और उनके समाधान को वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत करता है। प्रस्तावना में उल्लेख किया गया है कि वृद्धावस्था एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है, जिसे आयुर्वेद में रसायन चिकित्सा के माध्यम से संतुलित और स्वस्थ बनाया जा सकता है। यह पुस्तक दीर्घायु, रोग-निवारण और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करती है। लेखक ने पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक नैदानिक दृष्टिकोण के साथ जोड़ते हुए इसे छात्रों, चिकित्सकों एवं शोधकर्ताओं के लिए उपयोगी बनाया है।

## मेगा ट्रेड फेयर का समापन आज, मिलेंगे आकर्षक ऑफर

# रांची में जल्द स्वदेशी मेला लगेगा : संजय सेठ

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** मोरहाबादी मैदान में आयोजित 17वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का समापन सोमवार को होगा। फेयर के अंतिम दिन स्टॉलधारकों की ओर से आकर्षक ऑफरों की बरसात होगी। कई उत्पादों पर भारी छूट मिलेगी। रांचीवासी इन आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स का संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस फेयर में रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पहुंचे। श्री सेठ ने कहा कि ट्रेड फेयर के आयोजन से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। रांची में ट्रेड फेयर को हमेशा बेहतर रिस्पॉन्स मिलता है। रांची में जल्द ही स्वदेशी मेला लगेगा। गांव में बने उत्पादों को एक बाजार और मंच देने का प्रयास है।

चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि ट्रेड फेयर रांची को एक अलग पहचान देकर जा रहा है। रांचीवासियों को एक मौका मिला कि वे 12 देशों और 15 राज्यों के उत्पादों को खरीदारी करने एक अनुभव प्राप्त कर सके। स्टॉलधारकों को भी ग्राहक की जरूरत को समझने का अवसर मिला।

इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, राम बांगड़, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी, मनोज नरेडी, पवन शर्मा, किशोर मंत्री, रंजीत गाड़ोदिया, कार्यकारणी सदस्य डॉ अभिषेक रामाधीन, मुकेश अग्रवाल, मनीष सराफ, पूजा ढाढा, आस्था किरण, विनीता सिंघानिया, सदस्य विनोद जैन, पूनम आनंद, अरुण जोशी, शैलेन्द्र सुमन, अनीश सिंह, किशन अग्रवाल, अरुण भारतिया, अनिल अग्रवाल, जसवीन्दर सिंह, राजीव चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद थे। ट्रेड फेयर के समापन के पूर्व लोगों की भारी भीड़ जुटी। रविवार की छुट्टी होने के कारण दोपहर दो बजे से ही लोगों की भीड़ ट्रेड फेयर में उमड़ने लगी। फेयर में लगे सभी हैंगरों में लगे स्टॉलों पर लोग देर रात्रि तक खरीदारी करते दिखे। लोगों की भीड़ और खरीदारी होता देख स्टॉलधारक भी खुश नजर आये। प्रवेश के लिए लंबी लाइन लगी। फेयर में मॉम एंड किड्स फैशन शो का आयोजन किया गया। इस फैशन शो में माता एवं उनके बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में रैंप वॉक कर भारतीय संस्कृति, पारंपरिक सौंदर्य और पारिवारिक स्नेह का मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक परिधानों को बढ़ावा देना और फैशन के माध्यम से सांस्कृतिक मूल्यों को प्रस्तुत करना रहा।

कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए विभिन्न फैशन एक्ट्स और रैंप वॉक ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कार्यकारिणी सदस्य आस्था किरण एवं पूनम आनंद की अहम भूमिका रही। वहीं, इवेंट कोऑर्डिनेटर के रूप में आईएसबीए की डायरेक्टर संगीता सिन्हा और सुमित्रा ग्लैम फाउंडर अचला चौहान ने योगदान दिया। ट्रेड फेयर में भाजपा के महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष कुमार राजा भी शामिल हुए।

### रांची के धुर्वा में शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण, छात्रों के समग्र विकास पर जोर

**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से



क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य ललन कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन, तनाव प्रबंधन और विद्यालय में सकारात्मक वातावरण के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में व्यवहारिक पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया, ताकि शिक्षक छात्रों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझकर उन्हें सही दिशा प्रदान कर सकें। प्राचार्य ललन कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों को नई सोच और दृष्टिकोण देते हैं, जिससे विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के निर्माण में मदद मिलती है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहने और उन्हें सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम में सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी पब्लिक स्कूल के उप-प्राचार्य प्रसेनजीत हाजरा एवं गोविंद राम कटारुका पब्लिक स्कूल के पीजीटी उत्तम कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में 60 से अधिक शिक्षक और अन्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

### मुक्ति संस्था ने 24 अज्ञात शवों का किया अंतिम संस्कार

**रांची।** मुक्ति संस्था ने जुमार नदी के तट पर 24 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से 5 अप्रैल को अंतिम संस्कार किया। मुक्ति संस्था के



सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर पैक किया। उसे जुमार नदी के तट पर लेकर गए। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था द्वारा अबतक 2153 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। मौके पर संस्था के प्रवीण लोहिया, रवि अग्रवाल, संजय गोयल, राहुल जायसवाल, विजय धानुका, सौरभ बथवाल, पंकज खिरवाल, निर्मल मोदी, सुमित अग्रवाल, वीरेंद्र गुप्ता, आदित्य शर्मा, आशीष भाटिया, गौरीशंकर शर्मा, राहुल चौधरी उपस्थित रहे। इसके अलावा अरुण कुतरियार, संजय सिंह, नवीन मित्तल, उज्जवल जैन, राजा गोयनका, अमित अग्रवाल, गोपाल गाड़ोदिया, हरीश नागपाल, आरके गांधी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### मोमेंट्स दैट मैटर सर्वे की रिपोर्ट जारी

**रांची।** इंटीरियो बाय गोदरेज ने 'मोमेंट्स दैट मैटर' नामक एक अध्ययन रिपोर्ट जारी किया। शोध के निष्कर्ष दशार्ते हैं कि आज के परिवेश में भारतीय उपभोक्ता अपने परिवेश (लिविंग स्पेस) के साथ किस तरह जुड़ते हैं। इसमें निद्रा, पाक-कला (कुकिंग) और एकांत के व्यक्तिगत क्षण केंद्रीय भूमिका निभाते हैं।

### एसएसपी आवास के पास मिला लंबा सांप, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया

रांची। रांची के एसएसपी आवास की दीवार से सटे एक पेड़ पर रविवार को लंबे सांप के दिखने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गयी। सूचना मिलते ही वन विभाग हरकत में आया और तत्परता दिखाते हुए सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। पेड़ पर सांप देखे जाने की सूचना रांची के डीएफओ श्रीकांत तक पहुंची। उन्होंने तुरंत स्नेक कैचर रमेश कुमार महतो को मौके पर भेजा। सूचना मिलते ही रमेश महतो घटनास्थल पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक पेड़ से सांप को नीचे उतारकर सुरक्षित कब्जे में ले लिया। स्नेक कैचर रमेश महतो ने बताया कि यह सांप रैट स्नेक कहा जाता है, जो इंसानों के लिए बिल्कुल भी खतरनाक नहीं होता। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस तरह के सांप दिखने पर घबराने की बजाय वन विभाग को सूचित करें। रैट स्नेक आमतौर पर लंबाई में काफी बड़े होते हैं और पेड़ों पर आसानी से चढ़ सकते हैं। ये विषैले नहीं होते और पर्यावरण के लिए बेहद उपयोगी माने जाते हैं। इनका मुख्य भोजन चूहे होते हैं, जिससे खेती और घरों में चूहों की समस्या कम होती है।

# सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कल से

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सेठ रामेश्वर लाल पोद्दार भवन न्यास मंडल के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा रांची के चुटिया स्थित सेठ रामेश्वर लाल पोद्दार स्मृति भवन (धर्मशाला) में 7 अप्रैल से 13 अप्रैल होगा। यह आध्यात्मिक आयोजन श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, ज्ञान और संस्कारों का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा। इस कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथा व्यास मां चैतन्य मीरा के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीला, भक्ति के महत्व एवं जीवन के आध्यात्मिक रहस्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 7 अप्रैल को प्रातः 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। यह कलश यात्रा राम मंदिर से प्रारंभ होकर चुटिया धर्मशाला तक पहुंचेगी। इसमें बड़ी संख्या में



श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेंगे। कलश यात्रा के दौरान भक्ति गीत, भजन एवं जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान रघुनंदन टिबड़ेवाल हैं। कथा का आयोजन समस्त टिबड़ेवाल परिवार के सौजन्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजिका रेखा अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी अनु पोद्दार ने बताया कि इस सात दिवसीय कथा के माध्यम से समाज में धार्मिक जागरुकता एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया जाएगा।

# देशव्यापी कार्यक्रम के तहत आजादी के सेनानियों को दी गई श्रद्धांजलि

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** देशव्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत आजादी के नायकों को श्रद्धांजलि स्वरूप प्रत्येक माह के पहले रविवार को राष्ट्रीय उत्सव के रूप में ग्यारहवें स्मृति कार्यक्रम आज दिनांक 5.4.2026 को अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव चौक से क्टर तीन गोलचक्कर एच ई सी धुर्वा रांची में 10 बजे आयोजित किया गया फुलों की व्यवस्था ठाकुर प्रवीर नाथ शाहदेव जी के द्वारा किया गया,इस अवसर पर परम्परागत रुप अमर शहीद मुंडल सिंह और अमर शहीद बख्तर साय और अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को माल्यार्पण कर हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित किया गय, अर्पित करने वालों में प्रमुख अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के परिवार के वैधानिक प्रतिनिधि उतराधिकारी वंशज व झारखंड सरकार के द्वारा गठित झारखंड सेनानी कोष गृह मंत्रालय झारखंड के सदस्य ठाकुर प्रवीर नाथ शाहदेव, नवनिर्वाचित वार्ड परिषद सुचिता रानी राय, स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय नागेश्वर प्रसाद के वंशज रवी दत्त, समारोह समिति के सदस्य पप्पू चक्रवर्ती,सजल बनर्जी, निपुण कुमार, राजेश कुमार, बन्धन उरांव, संध्या सिंह, प्रदीप थे।साथ ही 16.4. 26 को अमर ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के शहादत दिवस समारोह की सफल आयोजन के संदर्भ में विचार विमर्श किया गया और सर्व सम्मति से निर्णय किया गया कि सामुहिक पुरजोर उर्जा के साथ शहीद दिवस समारोह को सफलता पूर्वक संपन्न किया जाएगा।

# राज्य के विभिन्न जिलों में मध्यम बारिश, ओलावृष्टि-वज्रपात का अलर्ट

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई। इस दौरान सबसे अधिक 21 मिलीमीटर बारिश रामगढ़ में रिकॉर्ड की गई, जबकि रांची में 18.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। राज्य के अन्य इलाकों में भी हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इनमें बरही में 12.4 मिमी, चाकुलिया में 8.6 मिमी, बुढ़मू में 7.8 मिमी, बोकारो थर्मल में 6.8 मिमी, मांडर में 6.6 मिमी, चाईबासा में 6.1 मिमी, मुरहू में 6 मिमी और कोडरमा डीवीसी में 5.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार 6, 7 और 8 अप्रैल को राज्य के कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। इस दौरान 50 से 60 किलमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का भी अनुमान है। इसे देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 9 अप्रैल तक कुछ इलाकों में हल्की बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान जमशेदपुर में 39.5 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान लातेहार में 16.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए रहे, हालांकि दोपहर में आसमान साफ हो गया और तेज धूप निकल आई। तड़के हुई बारिश के कारण लोगों को ठंडक का एहसास हुआ।

## रांची में ब्रह्मर्षि विकास परिषद की वार्षिक बैठक, संगठन को मजबूत बनाने पर मंथन

# सहजानंद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** हरमू में स्वामी सहजानंद सरस्वती ब्रह्मर्षि विकास परिषद की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी जयशंकर तिवारी ने की, जिसमें संगठन के वर्तमान स्वरूप, आय-व्यय तथा भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जयशंकर तिवारी ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती के विचारों और आदर्शों को गांव-गांव तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाते हुए एक समृद्ध और संगठित समाज के निर्माण पर बल दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं कोडरमा के पूर्व सांसद डॉ. रविंद्र राय, जमशेदपुर ब्रह्मर्षि परिषद के अध्यक्ष राम नारायण शर्मा तथा समिति के संरक्षक ज्ञानचंद पांडे ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी सहजानंद के चित्र पर पुष्पांजलि एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। बैठक में संगठन के पुनर्गठन के लिए 11 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया, जो विभिन्न जिलों का दौरा कर संगठन की स्थिति का आकलन करेगी। पलामू, रामगढ़, हजारीबाग, जमशेदपुर, लातेहार, सरायकेला, बोकारो और रांची से आए सदस्यों ने भी अपने सुझाव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजेश कुमार ने किया, जबकि स्वागत भाषण शिवकुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन मनोज पांडे ने किया। बड़ी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति ने आयोजन को सफल बनाया।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 55 मरीजों की हुई जांच

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** पिस्कामोड़ स्थित रंगोली होटल में शिव शक्ति मेडिसिंस एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 55 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव शक्ति मेडिसिंस के निदेशक सुमित कुमार ने की। उद्घाटन मुख्य अतिथि उदय प्रताप उर्फ मुन्ना जी, विशिष्ट अतिथि शिव किशोर शर्मा तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. राखी झा (नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ) ने कहा कि यदि नाक, कान या गले में जरा भी समस्या महसूस हो, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए, ताकि बीमारी को प्रारंभिक अवस्था में ही नियंत्रित किया जा सके। वहीं डॉ. विजय के. (हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ) ने भी मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। दोनों चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से मरीजों की जांच की और उन्हें खान-पान, रहन-सहन एवं उपचार संबंधी आवश्यक सुझाव दिए। मुख्य अतिथि उदय प्रताप उर्फ मुन्ना जी ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए संस्था को बधाई दी और मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिस्टर काजल कुमारी, रानी बड़ाईक, कृष्ण कुमार साहू, संजय दास, सोनू गुप्ता और अभिषेक कुमार सहित कई लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# लोहरदगा में हिंदू सम्मेलन में एकता और संस्कारों पर जोर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** जिले के ब्लॉक कॉलोनी स्थित मनोकामना शिव मंदिर परिसर में रविवार की शाम हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 5:30 बजे आयोजन समिति अध्यक्ष उदय शेखर के नेतृत्व में हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोगों की भागीदारी रही।

सम्मेलन में प्रांत संचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, मुख्य अतिथि सकलदेव चौरसिया (प्रांत कुटुंब प्रबोधन संयोजक) और विशिष्ट अतिथि बम भोला उपाध्याय (प्रांत सह मंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनके साथ उदय शेखर, नवरत्न शर्मा, शरद चंद्र आर्य, चंद्रपति यादव, सुषमा सिंह, दीप्ति राय, बीना देवी और गुप्तेश्वर गुप्ता सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सनातन संस्कृति की व्यापकता और उसकी वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ह्लवसुधैव कुटुंबकमह्ल और ह्लसर्वे भवन्तु सुखिनःह्ल जैसे मूल्यों को समाज की एकता और सद्भाव का आधार बताते हुए कहा कि यही विचारधारा भारतीय संस्कृति को विश्व में विशिष्ट बनाती है। वक्ताओं ने समाज में सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने, पारिवारिक मूल्यों को सहेजने और संगठित रहने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अपनी परंपराओं और संस्कारों को सुरक्षित रखते हुए नई पीढ़ी को सही दिशा देना हम सभी की जिम्मेदारी है। सम्मेलन में सामाजिक समरसता, राष्ट्रहित और धार्मिक एकता को सशक्त बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और बुद्धिजीवी वर्ग की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भी प्रभावी बना दिया।

कार्यक्रम का संचालन परमेंद्र ने किया। आयोजन को सफल बनाने में आरएसएस जिला प्रचारक दीपक सहित उदय शेखर, सुरेंद्र सिंह, अमित कुमार सिंह, राजीव रंजन, कन्हैया सिंह, परनीत सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, प्रद्युम्न सिंह, प्रमोद राय, शंभू शर्मा, जयप्रकाश पांडेय, संजय सिंह, प्रमोद साहू, विक्रम कुमार, मनोज कुमार सिंह, लाल दीपक नाथ शाहदेव, चंद्र किशोर दास, तुलसी उरांव समेत कई कार्यकताओं का योगदान रहा।

# धनबाद पहुंचे शहीद चंद्रशेखर आजाद के पौत्र अमित आजाद, युवाओं को दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** शहर के हीरापुर स्थित पार्क मार्केट क्षेत्र में रविवार को एक खास मौके पर शहीद क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के पौत्र अमित आजाद पहुंचे। इस दौरान वे राजेश बरनवाल के आवास पर रुके, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। अमित आजाद ०7 अप्रैल को निरसा के बैजना स्थित महर्षि दयानंद गुरुकुल में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम में भाग लेने धनबाद पहुंचे हैं। इस कार्यक्रम में वे मुख्य रूप से उद्बोधन देंगे, साथ ही तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा और शहीद क्रांतिकारी मंगल पांडेय को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। मीडिया से बातचीत के दौरान अमित आजाद ने कहा कि वे करीब ०4 साल बाद धनबाद आए हैं और यहां आकर उन्हें विशेष खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि चाहे आज के हालात हों या आजादी से पहले के, देश की जनता की भावना ही हमेशा सर्वोपरि रही है और सरकारें भी उसी के अनुरूप कार्य करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज भी देश के बलिदानी क्रांतिकारियों को जनता ने अपने दिल में जिंदा रखा है।

## संक्षिप्त

### स्पेशल ब्रांच के एएसआई और पत्नी पर हमला

धनबाद। झारखंड के धनबाद से रविवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब पुलिसकर्मी भी सुरक्षित नहीं हैं। मामला केन्दुआडीह थाना क्षेत्र के झरिया-शिमलाबहल पुल के पास का है। बताया जा रहा है कि स्पेशल ब्रांच के एएसआई अनुज कुमार सिंह अपनी पत्नी काजल कुमारी के साथ स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कुछ लोग एक हाइवा को रोककर उसमें लोड कोयला उतार रहे थे। सड़क पर अवरोध होने के कारण एएसआई अनुज कुमार सिंह ने उनसे थोड़ा साइड देने को कहा। बस इसी बात पर कोयला उतार रहे लोगों ने अपना आपा खो दिया और देखते ही देखते दोनों पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने एएसआई और उनकी पत्नी के साथ जमकर मारपीट की, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इतना ही नहीं, हमलावरों ने काजल कुमारी का मोबाइल भी छीनकर फेंक दिया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्पेशल ब्रांच के अधिकारी, स्थानीय पुलिस और सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं पीड़िता काजल कुमारी ने बताया कि उनके पति ने सिर्फ रास्ता साफ करने को कहा था, लेकिन आरोपितों ने बिना किसी कारण के उन पर हमला कर दिया।

### शहीद रामलाल महतो को कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोडाम प्रखंड में रविवार को शहीद रामलाल महतो का शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन बोडाम प्रखंड कांग्रेस कमिटी की ओर से किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार महतो ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह शामिल हुए, जबकि पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, प्रदेश सचिव अगेन चंद्र महतो, प्रखंड पर्यवेक्षक अशोक कुमार सिंह, कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद, प्रखंड प्रभारी विश्वजीत चना सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# मंईयां सम्मान योजना और पीएम किसान योजना का एपीके फाइल भेजकर साइबर ठगी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**दुमका।** जिला के पिछड़ा क्षेत्र रहा गोपीकांदर इन दिनों साइबर अपराधियों की नजर में है। पिछले 10 दिनों के अंदर एक दर्जन से ज्यादा लोगों को साइबर अपराधियों ने अपना शिकार बनाया, जबकि दर्जनों ऐसे लोग भी है जिनका व्हाटएप्स हैक कर लोगों से पैसे की डिमांड किया गया।

साइबर अपराधियों के बिछाए इस जाल में रविवार को कई लोग फंस गए और व्हाटसएप पर मैसेज देखकर पैसे भी भेज दिया। जब लोगों को आभास हुआ कि उनसे पैसे उनका परिचित नहीं बल्कि साइबर अपराधी मांग रहे। लोग कुछ समझ पाते तब तक कई लोग पैसे भेज चुका थे। मामला तेजी से ग्रामीणों में फैली और फिर लोकल व्हाट्सएप गुरु में साइबर ठगी की जानकारी साझा की गई तबकर लोग सतर्क हुए। बीते दिन कुश्चिरा पंचायत के धोबरना गांव निवासी सैमुअल मुर्मू मुर्मू के व्हाट्सएप पर मंइयां सम्मान योजना की एक एपीके फाइल को डाउनलोड कर खोला उनका व्हाट्सएप हैक हो गया। उनका व्हाटएप्स पर जितने भी कॉन्टेक थे सभी के मोबाइल पर दो हजार रुपए की मांग किया गया साथ जितने भी ग्रुप थे सभी। ग्रुप में मंइयां सम्मान योजना और पीएम किसान योजना का एपीके फाइल सेंड कर दिया गया ताकि लोगों द्वारा क्लिक करते ही साइबर के शिकार हो जाएंगे। रविवार को भी सिदपहाडी गांव के शिवनाथ गृही और गखरौनी बाजार के मधुसूदन दास सहित आधे दर्जन लोग साइबर के शिकार हो गए। सभी का व्हाट्सएप हैक कर लिया गया। बताया जाता है कि इन सभी के व्हाट्सएप पर मंइयां सम्मान योजना और पीएम किसान योजना का एपीके फाइल आया था जिसके बाद क्लिक करते ही हैक कर लिया गया। उनके व्हाट्सएप पर मौजूद कॉन्टेक लोगों से पैसे की डिमांड किया गया। कई लोगों ने मैसेज देखकर पैसे भी डाल दिया।

साइबर ठगी से संबंधित सूचना के बाद थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत ने बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है तो सबसे पहले टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करें। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधियों ने अब एपीके फाइल का उपयोग कर ठगी कर रहे है। इस फाइल को क्लिक करते हुए हैक हो जाता है। एपीके फाइल से बचें और कभी भी इसी डाउनलोड या क्लिक नहीं करें। किसी भी व्यक्ति के व्हाट्सएप पर कोई एपीके फाइल आता है तो उसे नहीं खोलना है, किसी भी अज्ञात स्कैम चिन्हित फोन नंबर को रिसीव नहीं करना है। उन्होंने कहा कि बैंक मैनेजर के नाम से आए हुए कॉल में किसी प्रकार की कोई व्यक्ति अपनी खाता संख्या से संबंधित जानकारी नहीं देना है। अंजान कॉलर से फोन पर आई हुई ओटीपी शेयर नहीं करना है। अंजान कॉल से किसी पुलिस अधिकारी का परिचय देते हुए पैसे की मांग को लेकर विचलित नहीं होनी है और इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को तुरंत देने की कोशिश करें।

## सील फैक्ट्री में चोरी का आरोप, बैंक मैनेजर पर मिलीभगत का संदेह



**सरायकेला।** गम्हरिया थाना क्षेत्र के ऊपरबेड़ा स्थित एक सील फैक्ट्री में चोरी का मामला सामने आया है। एस एस सेरेमिक्स एंड केमिकल प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व मालिक रोहित गोयल ने आरोप लगाया है कि बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से फैक्ट्री में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री को बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य बैंकों से लिए गए कर्ज के कारण सील कर दिया गया था। रोहित गोयल का कहना है कि व्यवसाय में लगातार नुकसान होने और कर्ज का बोझ बढ़ने के चलते फैक्ट्री संचालन संभव नहीं हो सका। गोयल ने बताया कि फैक्ट्री में उपलब्ध पानी में आयरन की मात्रा अधिक थी, जिससे चावल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी और इससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता था। इन कारणों से उत्पादन प्रभावित हुआ और आर्थिक स्थिति बिगड़ती चली गई। उन्होंने आरोप लगाया कि फैक्ट्री सील होने के बावजूद वहां चोरी की घटनाएं हो रही हैं, जिसमें बैंक मैनेजर की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। विरोध स्वरूप गोयल ने फैक्ट्री परिसर में अपना ताला लगा दिया है। बताया जा रहा है कि मामला फिलहाल डीआरटी कोर्ट में लंबित है। गोयल ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की बात कही है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# मुनीडीह में गैस रिसाव से तीन की मौत, कई घायल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** धनबाद के मुनीडीह ओपी क्षेत्र स्थित बीसीसीएल के सीपीपी पावर प्लांट में शानिवार को एक भीषण हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। गैस कटर सिलेंडर के अचानक विस्फोट होने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि घटना के समय वहां करीब ०8 से 10 लोग मौजूद थे और सभी काम में जुटे हुए थे। अचानक हुए विस्फोट के बाद सिलेंडर से तेज गति से गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिसने कुछ ही पलों में आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। जहरीली गैस के कारण मौके पर मौजूद लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी और हालात बेहद भयावह हो गया। इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से प्रभावित हुए। हादसे के तुरंत बाद सभी घायलों को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, धनबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद संजय यादव, मोहम्मद अजहरुद्दीन और 24 वर्षीय आनंद कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का इलाज जारी है। इस हादसे में बीसीसीएल और सीआईएसएफ के कर्मी भी घायल हुए हैं, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद परिजनों ने बताया कि सभी युवक काम पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह उनकी आखिरी रात साबित होगी। सुबह अस्पताल से फोन आने पर जब वे पहुंचे तो उन्हें अपने प्रियजनों की मौत की खबर मिली।

# भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान आरंभ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में रविवार को भारतीय जनता पार्टी की चाईबासा नगर इकाई की ओर से जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर अध्यक्ष राकेश पोद्दार ने किया। उद्घाटन अवसर पर जिला अध्यक्ष गीता बालमुचु, राकेश बबलू शर्मा, प्रताप कटियार महतो, हेमंत केसरी और पवन शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित विभिन्न सत्रों में पार्टी कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास और कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। पहले सत्र में रविशंकर विश्वकर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए स्थापना से लेकर वर्तमान तक के सफर को विस्तार से समझाया। इसके बाद पूर्व जिला अध्यक्ष संजय पांडे ने पार्टी के वैचारिक आधार पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन के मूल सिद्धांतों की जानकारी दी।

## पशु तस्करी पर पुलिस की कार्रवाई, 28 मवेशी जब्त



**लोहरदगा।** पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सेन्हा थाना पुलिस ने अहले सुबह छापेमारी कर 28 मवेशियों को बरामद किया। मामले में अज्ञात तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी पथ पर गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अभियान चलाया। सूचना मिली थी कि कुछ लोग मवेशियों को क्रूरता के साथ हांकते हुए लोहरदगा की ओर ले जा रहे हैं। इसके बाद थाना प्रभारी नीरज झा के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर छापेमारी की गई। पुलिस की गाड़ी देखते ही मवेशियों को ले जा रहे दो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने उनका पीछा भी किया, लेकिन वे पकड़ में नहीं आ सके। इसके बाद पुलिस ने सभी 28 मवेशियों को कब्जे में लेकर सेन्हा थाना लाया। यहां पशुओं को सुरक्षित रखा गया। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनके लिए चारा और पानी की व्यवस्था भी की गई। थाना प्रभारी नीरज झा ने बताया कि बरामद सभी मवेशियों की चिकित्सीय जांच कराई गई है। साथ ही, पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अज्ञात तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

## बेकाबू बालू ट्रैक्टर ने दुकान में घुसकर पांच लोगों को कुचला

**धनबाद।** जिले के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के फतेहपुर मोड़ पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। तेज रफ्तार और अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर ने सड़क किनारे स्थित एक दुकान में घुसकर वहां बैठे ०5 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में सभी पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज नजदीकी निजी अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ग्रामीण अकबर के अनुसार, ट्रैक्टर पोखरिया की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा था। अचानक चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर सीधे सड़क किनारे बनी दुकान में जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और वहां बैठे लोग बालू और मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

# ऑनलाइन ठगी करने वाले दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसपी के निर्देश पर दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया! दोनों आरोपी लोगों को कैशबैक और सरकारी योजना का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करते थे।

पुलिस उपाधीक्षक के निर्देश में 4 अप्रैल 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। इस दौरान करौं थाना क्षेत्र से दो युवकों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से तीन मोबाइल फोन और चार सिम कार्ड बरामद किए गए। जब्त मोबाइल और सिम की प्रारंभिक जांच में साइबर ठगी के कई सबूत मिले हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी बेहद शातिर तरीके से ठगी को अंजाम देते थे। वे कभी फर्जी कस्टमर केयर अधिकारी बनकर तो कभी सरकारी पदाधिकारी बनकर लोगों को फोन करते थे। पे फोन उपयोगकताओं को कैशबैक का लालच देकर उनसे गिफ्ट कार्ड बनवाते और उसे खुद रिडीम कर रकम निकाल लेते थे।

इसके अलावा पीएम किसान योजना के लाभुकों को फर्जी लिंक भेजकर उनके खाते से पैसे उड़ा लेते थे। आरोपी धानी फाइनेंस का अधिकारी बनकर लोन दिलाने का झांसा भी देते थे। एयरटेल पेमेंट बैंक के नाम पर लोगों को कॉल कर पहले उनका कार्ड बंद करवाते और फिर दोबारा चालू कराने के नाम पर ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिराराम रवाणी (उम्र 21 वर्ष) और राजेश रवाणी (उम्र 30 वर्ष, दोनों निवासी जांत, थाना करौं) के रूप में हुई है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। छापेमारी टीम में करौं और पथरोल थाना की पुलिस शामिल थी।

# एमएसीपी लागू करने की मांग को लेकर सारठ विधायक से मिले शिक्षक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** जिले के लगभग 200 शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सारठ विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह से मुलाकात की। उन्हें ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने मुख्य रूप से एमएसीपी योजना का लाभ देने की मांग उठाई।

शिक्षकों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा यह योजना वर्षों पूर्व लागू की जा चुकी है। इसके तहत कर्मचारियों को 10, 20 एवं 30 वर्षों की सेवा पर वित्तीय उन्नयन प्रदान किया जाता है। हालांकि, झारखंड के शिक्षक अब तक इस महत्वपूर्ण लाभ से वंचित हैं।

मौके पर शिक्षकों ने यह भी अवगत कराया कि पड़ोसी राज्य बिहार में शिक्षकों को ₹एमएसीपी₹ का लाभ मिल रहा है। इससे झारखंड के शिक्षकों में असंतोष की भावना बढ़ रही है। उन्होंने विधायक से आग्रह किया कि वे इस महत्वपूर्ण मुद्दे को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाएं और यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित कराएं। विधायक ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। आश्वस्त किया कि वे शिक्षकों के हितों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहस कि शिक्षकों की मांगों को सरकार तक प्राथमिकता के साथ पहुंचाया जाएगा। इसके समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान वीरेंद्र राय, महेंद्र किशोर प्रसाद सिंह, बसंत ठाकुर, सुनील कुमार झा, मनोज कुमार झा, हृदय नारायण राय, मोहसिन आलम, शिव शंकर झा, विमल कुमार सिंह, विष्णुदेव मरांडी, ललित कुमार, परेश चंद्र राय, मोहन चंद्र दास, विमल पांडे आशीष दुबे दिवाकर राय आदित्य चंद्रशेखर सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

# एम्स देवघर के डॉक्टरों ने मरीज के पेट से निकाला 12 किलो का ट्यूमर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** एम्सॉ, देवघर के डॉक्टरों की टीम ने एक बेहद जटिल ऑपरेशन किया। टीम ने एक 55 वर्षीय मरीज के पेट से 12 किलोग्राम वजन का कैंसर ट्यूमर निकाला। लगभग 50 सेंटीमीटर लंबे इस ट्यूमर (रेट्रोपेरिटोनियल कैंसर) के कारण मरीज का जीवन दूभर हो गया था।

मरीज विशेष रूप से उत्तर प्रदेश से इलाज के लिए देवघर आए थे। उनके पेट में यह गांठ इतनी बड़ी हो चुकी थी कि उन्हें ना ठीक से खाना खाया जा रहा था और न ही वह चैन की नींद सो पा रहे थे। लगातार बढ़ते दबाव और शारीरिक कष्ट के कारण उनका वजन भी तेजी से गिर रहा था।

डॉक्टरों की टीम ने घंटो चले इस मुश्किल ऑपरेशन में बेहद सावधानी के साथ इस ट्यूमर को शरीर से अलग किया। रेट्रोपेरिटोनियल हिस्सा शरीर का वह जटिल भाग है, जहां महत्वपूर्ण नसें और अंग स्थित होते हैं, जिससे यह सर्जरी और भी चुनौतीपूर्ण हो गई थी।

ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मरीज का संपूर्ण इलाज मुफ्त में आयुष्मान भारत पैकेज के अंतर्गत हुआ। इस सफलता पर एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. गंगाने ने पूरी मेडिकल टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि एम्स देवघर मरीजों को बेहतरीन और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# शतरंज प्रतियोगिता के विजेता बने राजेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में और एसआर ग्रुप के सौजन्य से आयोजित 15 वीं पदमाबाई रुंगटा मेमोरियल जिला शतरंज प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में जिले भर के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आठवें और अंतिम चक्र में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। बोर्ड नंबर एक पर मणिदीप मुखी और नरेंद्र नाथ पांडे के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। बोर्ड नंबर दो पर राजेश कुमार ने आदित्य शाह को हराकर निर्णायक बढ़त बनाई। बोर्ड नंबर तीन पर बसंत खंडेलवाल ने देराज कुमार को पराजित किया, जबकि बोर्ड नंबर चार पर मनीष शर्मा ने विश्वदीप ठक्कर को हराया। अंतिम परिणाम में राजेश कुमार ने 07 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल कर खिताब अपने नाम किया। उन्हें 6,000 रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। समान सात अंकों के साथ मणिदीप मुखी दूसरे और बसंत खंडेलवाल तीसरे स्थान पर रहे, जिन्हें क्रमशः 4000 और 2500 रुपये का नकद पुरस्कार मिला। नरेंद्र नाथ पांडे 6.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे और उन्हें 2000 रुपये से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के आधार पर चार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया, जो जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर-15 बालक वर्ग में प्रत्यूष गुप्ता प्रथम और ललित किशोर द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अंडर-15 बालिका वर्ग में शालू कुमारी प्रथम और कंपनीज मुंडा द्वितीय स्थान पर रही। अंडर-13 बालक वर्ग में आदित्य वर्धन शर्मा प्रथम और हिमांशु महतो द्वितीय स्थान पर रहे, वहीं अंडर-13 बालिका वर्ग में अदिति प्रथम और आदर्शनी महतो द्वितीय स्थान पर रही। अंडर-11 बालक वर्ग में आह्वान मजूमदार प्रथम और ईशान केजरीवाल द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अंडर-11 बालिका वर्ग में अदित्रि दे प्रथम और तनिष्का प्रजापति द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम की शुरूआत में अध्यक्ष मुकुंद रूंगटा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं नितिन प्रकाश ने कहा कि जिले में लगातार शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है, जिससे यहां के खिलाड़ी भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

# बड़कागांव वन विभाग ने ग्रामीणों के बीच धुंआ रहित चूल्हे का वितरण किया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



बड़कागांव : बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय में नए बड़कागांव वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार की अगुवाई में बड़कागांव वन क्षेत्र अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र निरी एवं बरबनिया गांव के दर्जनों ग्रामीणों के बीच धुंवा रहित चूल्हे का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रशिक्षु आईएफएस मोहित बंसल, सहायक वन संरक्षक प्रमोद कुमार, बड़कागांव वंचित पदाधिकारी रामबाबू कुमार के हाथों लोगों के बीच धुंवा रहित चूल्हे का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को वन विभाग के द्वारा चूल्हे को जलाने की तरकीब एवं उसके फायदे को भी विस्तार से जानकारी दी गई। धुंवा रहित चूल्हे के वितरण के मौके पर बड़कागांव वन क्षेत्र के तमाम वन कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### महुआ चुनने गई महिला का शव बरामद

**पलामू।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी पंचायत के चिड़ीखुर्द टोला, उल्वार गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान मनोज परहिया की पत्नी पूनम देवी (31 ) के रूप में की गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार को करीब 12 बजे पूनम देवी अपने घर से लगभग 300 मीटर दूर जंगल में महुआ चुनने के लिए गई थीं। काफी देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। रविवार को गांव के किनारे एक पेड़ से उसका शव लटका हुआ मिला। यह दृश्य देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया और घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मनातू थाना प्रभारी विक्की कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

### बाइक सवार बदमाशों ने महिला से चेन छीना

**पूर्वी सिंहभूम।** बिरसानगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात चेन छिनतई की एक घटना सामने आई है। बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने रविवार को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता विभा देवी अपने पति नंदलाल ओझा के साथ सिदगोड़ा से लौट रही थीं। जैसे ही दोनों आस्था ट्विन सिटी के मलबरी ब्लॉक के पास ऑटो से उतरे, पहले से घात लगाए बदमाशों ने वारदात को अंजाम दे दिया। बाइक पर बैठे एक अपराधी ने अचानक झपट्टा मारकर विभा देवी के गले से चेन छीन ली और साथी के साथ तेजी से फरार हो गया। घटना के बाद विभा देवी ने शोर मचाया, लेकिन देर रात होने के कारण आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिससे बदमाश आसानी से भागने में सफल रहे। छीनी गई चेन का वजन करीब 15 ग्राम बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर बिरसानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

# राहुल दुबे गैंग के सात अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के सात अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इस बड़ी कार्रवाई के बाद राहुल दुबे गैंग को बड़ा झटका लगा है। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस उपलब्धि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हजारीबाग और रामगढ़ जिले के सीमावर्ती इलाकों में छुपकर रहने वाले अपराधियों ने एमजीसीपीएल कंपनी को टारगेट किया था। वह सभी अपराधी राहुल दुबे गैंग के लिए काम कर रहे थे। गिरफ्तार अपराधियों में हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलीगढ़ा पक्का धौड़ा निवासी तुषार सिंह, रेलीगढ़ा बाजार निवासी मिथुन कुमार, रेलीगढ़ा निवासी बादल सिंह उर्फ कुणाल कुमार, सुमित पांडे, रेलीगढ़ा मस्जिद के पास रहने वाले सन्नी बेदिया, कुणाल सिंह उर्फ शिवम सिंह और भुरकुंडा ओपी के रिवरसाइड निवासी अमन अंसारी शामिल हैं। गिरफ्तार लोगों के पास से एक रिवाल्वर, एक देशी पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस, एक आई-20 कार, एक लैपटॉप, एक आईफोन और 7 एंड्राइड फोन जब्त किए गए हैं।

**रंगदारी नहीं देने पर अपराधियों ने चलाई थी गोली**

रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि 29 मार्च की रात राहुल दुबे गैंग के अपराधियों ने एमजीसीपीएल कंपनी के कार्य स्थल पर गोली चलाई थी। इस कंपनी ने गैंग को मैनेज किए बिना ही रेलवे ओवरब्रिज का काम शुरू किया था। अपराधियों ने लेवी लेने के लिए फायरिंग की। अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई थी।

**एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान पकड़े गए अपराधी**

एसपी ने बताया कि शनिवार की रात एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान पतरातू रेलवे ओवरब्रिज फाटक के पास भुरकुंडा की तरफ से आ रही एक कार आई-10 (जेएच 01 एफएफ 2503) और उसके पीछे आ रहे एक और मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर कार और मोटरसाइकिल पर सवार लोग भगाने लगे। कार भी लोहे के गार्डर से टकरा गई। पुलिस ने इसी दौरान सभी अपराधियों को पकड़ा।

**जंगी ऐप से राहुल दुबे उर्फ मामा ने बताई थी योजना**

पुलिस ने कार पर सवार अपराधी तुषार सिंह, मिथुन कुमार और अमन अंसारी को पकड़ा तो सारे राज खुल गए। उनकी तलाशी ली गई तो तुषार कुमार के पास से लोडेड देशी रिवाल्वर बरामद हुआ। अन्य दो युवकों के पास से मोबाइल जब्त किया गया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि राहुल दुबे के कहने पर ओवरब्रिज कंस्ट्रक्शन साइट पर दोबारा गोली चलाने की योजना को अंजाम देने पहुंचे थे। तुषार सिंह के द्वारा बताया गया कि राहुल दुबे गैंग के सदस्यों के द्वारा और भी हथियार दिया गया है, जिससे वह अपने साथी के पास रखे हुए हैं। राहुल दुबे उर्फ मामा से जंगी ऐप से बातचीत हुई और योजना बनी। बाइक पर सवार लोगों को अपने साथ लेकर वे रेलवे क्रॉसिंग ओवर ब्रिज कंस्ट्रक्शन साइट पर गोली चलाने के लिए पहुंचे थे।

## कालाबाजारी की आशंका पर सियासत तेज



**चौपारण ।(हजारीबाग)।** प्रखंड क्षेत्र में गैस की किल्लत के बीच बसरिया गांव से 13 खाली गैस सिलेंडर जब्त किए जाने का मामला सामने आया है, जिससे स्थानीय स्तर पर चर्चा और सियासत तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, ये सिलेंडर बसरिया निवासी अमित राणा के घर से बरामद किए गए, जिन्हें पुलिस द्वारा जब्त कर थाना में रखा गया है। इस मामले में नया मोड़ तब आया जब अमित राणा की पत्नी ने दावा किया कि जब्त किए गए सभी सिलेंडर बसरिया निवासी पिंटू सोनी के हैं, जो स्थानीय स्तर पर भाजपा से जुड़े नेता बताए जा रहे हैं। इस बयान के बाद मामला राजनीतिक रंग लेने लगा है। जिला परिषद सदस्य भाग-दो सह कांग्रेस नेता रविशंकर अकेला ने इस पूरे घटनाक्रम पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब क्षेत्र में आम लोगों को गैस के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, ऐसे समय में एक व्यक्ति के पास बड़ी संख्या में सिलेंडर का मिलना कालाबाजारी की ओर इशारा करता है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि इस मामले में किसी प्रकार की अनियमितता या अवैध कारोबार की पुष्टि होती है, तो संबंधित व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

## दूरस्थ गांवों तक पहुंची सांसद की पहल गरीब बेटियों को मिला लहंगा



**चौपारण।** जहां अब तक विकास की रोशनी नहीं पहुंच सकी, वहां भी अब सेवा का संदेश पहुंच रहा है। यह बात बरही विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने कही। उन्होंने बताया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के प्रयासों से दूर-दराज के इलाकों में भी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में सांसद की पहल पर गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु लहंगा वितरण किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित सिकदा, ढोढीया, मोरानिया और करगा जैसे दुर्गम गांवों में आयोजित हुआ, जहां आज भी सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह विकसित नहीं हो सकी हैं। इन गांवों तक पहुंचना काफी कठिन है, क्योंकि चारों ओर जंगल, पहाड़ और नदियों का घेरा है। इस अवसर पर चार जरूरतमंद बच्चियों को लहंगा प्रदान किया गया। लहंगा पाकर न सिर्फ बच्चियां बल्कि उनके परिजन भी भावुक और प्रसन्न नजर आए। लोगों ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना की। वहीं सांसद ने भी मोबाइल के माध्यम से बच्चियों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मुकुंद साव, खेमलाल खेरवार, बिनोद भोक्ता, प्रदीप भोक्ता, रामेश्वर सिंह सहित कई गणमान्य लोग एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

## आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया ईस्टर चर्चों और कब्रिस्तानों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में रविवार को ईस्टर का पर्व पूरे श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न चर्चों में सुबह से ही विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग एकत्रित हुए और प्रभु ईसा मसीह के पुनर्जीवन की स्मृति में प्रार्थना की। प्रार्थना सभाओं में शांति, प्रेम और मानवता का संदेश दिया गया, वहीं लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर इस पावन दिन की खुशियां साझा कीं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गुड फ्राइडे के दिन सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद ईसा मसीह पुनर्जीवित हुए थे। इसी घटना की स्मृति में ईस्टर मनाया जाता है, जो जीवन, आशा और नए आरंभ का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर गिरजाघरों को विशेष रूप से सजाया गया और भजनों व प्रार्थनाओं के माध्यम से प्रभु की महिमा का गुणगान किया गया। ईस्टर के दिन एक विशेष परंपरा के तहत लोग अपने दिवंगत परिजनों को याद करने के लिए कब्रिस्तानों में भी पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की कब्रों पर फूल-मालाएं अर्पित कीं, मोमबत्तियां जलाईं और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान कई स्थानों पर भावुक माहौल देखने को मिला, जहां लोग अपने प्रियजनों को याद करते नजर आए।

## पार्थिव शिवलिंग महायज्ञ का समापन, भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** टेल्को स्थित लक्ष्मीनगर में युवक संघ दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय पार्थिव पूजन यज्ञ रविवार को पूणार्हुति के साथ भक्ति और आस्था के माहौल में संपन्न हो गया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना, वहीं अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर भगवान शिव की आराधना की। समिति की ओर से लिए गए पांच लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण के संकल्प ने एक अद्भुत रूप ले लिया और अंततः कुल ०९ लाख १८ हजार 771 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण एवं पूजन किया गया। यह संख्या न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत पुण्यदायी मानी जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शिव पुराण में पार्थिव शिवलिंग की पूजा को अत्यंत फलदायी बताया गया है। माना जाता है कि मिट्टी से निर्मित शिवलिंग का पूजन करने से मनुष्य के सभी पापों का क्षय होता है और उसे भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

# भाजपा का छह मंडलों में दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पूर्वी सिंहभूम।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जमशेदपुर महानगर के छह मंडलों में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। सोनारी, मानगो, उलीडीह, सीतारामडेरा, बमार्माइंस और घाघीडीह मंडल में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना था। दो दिनों तक चले इस शिविर में कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्रशिक्षण सत्रों में प्रदेश उपाध्यक्ष आभा महतो, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक पूर्णिमा साहू, प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले और महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लेकर कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया।

प्रशिक्षण के दौरान भाजपा के इतिहास, बूथ प्रबंधन, ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम, वैचारिक अधिष्ठापन, अंत्योदय से संतृप्ति, संगठनात्मक कार्य पद्धति, कार्य विस्तार, सोशल मीडिया के उपयोग के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नमो ऐप और सरल ऐप जैसे डिजिटल माध्यमों के उपयोग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यकताओं को यह बताया गया कि किस प्रकार तकनीक और जनसंपर्क के समन्वय से संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि भाजपा का इतिहास त्याग, राष्ट्रवाद और समर्पण की परंपरा से जुड़ा हुआ है।

प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने बूथ प्रबंधन को चुनावी सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि मजबूत बूथ ही पार्टी की जीत सुनिश्चित करता है।

## हाथी के हमले से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत



**कोडरमा।** कोडरमा जिले मे हाथी के उत्पात से लोग भयभीत हैं। 10 दिनों के अंदर हाथी ने चार लोगों की जान ले ली है। वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने में लगातार विफल रह रही है। और इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। कोडरमा थाना क्षेत्र के पथडीहा गांव से सटे एक होटल में शुक्रवार की रात हाथी ने मरकच्चो के रहने वाले 35 वर्षीय उपेंद्र साव उर्फ.छोटू कुमार को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल को इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाया गया था। इलाज के बाद शनिवार की देर शाम उसे कोडरमा ले आया गया। वहीं रविवार की सुबह उसकी तबीयत बिगड़ने पर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। डोमचांच रेंज ऑफिसर रविंद्र कुमार ने मृतक के परिजन को 25 हजार का सहायता राशि दिया है। हाथी से मौत के बाद चार लाख मुआवजा देने का प्रावधान है। कागजी कार्रवाई के बाद शेष राशि उनके परिजनों को दिया जाएगा। इन दिनों हाथी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में फसल सहित सामानों को नुकसान पहुंच रहे हैं। वन विभाग के प्रयास के बावजूद हाथी को क्षेत्र से बाहर नहीं भगाया जा सका है।

# विधायक ने डीआरएम के साथ की बैठक, ट्रेनों की देरी को लेकर जतायी नाराजगी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने रविवार को चक्रधरपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम)तरुण हुरिया के साथ बैठक कर टाटानगर जंक्शन पर ट्रेनों की लगातार हो रही देरी को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। बैठक में रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें सीनियर डीसीएम, एरिया मैनेजर, डिवीजनल इंजीनियर और आरपीएफ प्रभारी शामिल थे। बैठक के दौरान रेलवे अधिकारियों ने स्वीकार किया कि पिछले कुछ समय से यात्री ट्रेनें टाटानगर जंक्शन पर निर्धारित समय से काफी विलंब से पहुंच रही हैं। उन्होंने इसके पीछे विभिन्न परिचालन कारणों का हवाला देते हुए बताया कि समस्या के समाधान के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं, जिन्हें लागू होने में कुछ महीनों का समय लग सकता है।

इस पर सरयू राय ने स्पष्ट कहा कि जनता को भविष्य की योजनाओं से नहीं, बल्कि तत्काल राहत से मतलब है। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से पूछा कि दो-चार दिनों के भीतर ट्रेनों की लेटलतीफी कैसे कम की जाएगी और इसके लिए क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी 7 अप्रैल को प्रस्तावित नागरिक धरना का मुख्य उद्देश्य इसी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। सरयू राय ने रेलवे से पिछले तीन-चार महीनों के दौरान टाटानगर जंक्शन पहुंचने वाली प्रमुख ट्रेनों की देरी का पूरा विवरण मांगा। उन्होंने कहा कि रेलवे की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर यह विश्लेषण किया जाए कि किन कारणों से देरी हो रही है और उन्हें कैसे दूर किया जा सकता है। डीआरएम ने इस पर अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिया कि सोमवार तक पूरी रिपोर्ट तैयार कर सरयू राय को उपलब्ध कराई जाए। इस रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो सकेगा कि देरी के कारणों को कम समय में दूर करना संभव है या नहीं। बैठक में सरयू राय ने यह भी सुझाव दिया कि यदि जरूरत पड़े तो कुछ मालगाड़ियों को थोड़ी देर के लिए रोककर यात्री ट्रेनों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे देरी में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि जब तक रेलवे अधिकारी इस समस्या का त्वरित और प्रत्यक्ष समाधान नहीं दिखाते।

# लूटपाट का विरोध करने पर बुर्जुग को मारी गोली

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के जोबला गांव में लूटपाट का विरोध करने पर बैजनाथ सिंह नामक एक बुजुर्ग को गोली मार दी गई। गोली उनके पैर में लगी। जख्मी बुजुर्ग का प्रारंभिक इलाज मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया। वहां से रविवार दोपहर रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें इलाज के लिए निजी हॉस्पिटल में ले गए हैं। उल्लेखनीय है कि शनिवार रात अपने घर पर लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों ने उनके पैर में गोली मार दी थी। हालांकि इस मामले को अफीम की खेती और खरीद बिक्री से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस कई स्तरों पर जांच कर रही है। जिले की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने इसकी पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि मामले में जांच कर स्थिति स्पष्ट की जायेगी। बताया जा रहा है कि चार अपराधी बैजनाथ सिंह के घर में घुस गए और लूटपाट करने लगे, जिसे देख बैजनाथ सिंह इसका विरोध करने लगे। इसी क्रम में उन्हें गोली मार दी गई। बैजनाथ सिंह को जांघ में गोली लगी। डॉक्टर ने ऑपरेशन करके गोली को बाहर निकाल दिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को इस घटना में लूटपाट के अलावा कई और महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं।

## संपादकीय

### वैश्विक संकट का विस्तार

मध्य-पूर्व में जारी तनाव अब एक खतरनाक मोड़ ले चुका है, जहां युद्ध केवल सीमित क्षेत्रीय टकराव नहीं रहा, बल्कि वैश्विक अस्थिरता का कारण बन गया है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ती सैन्य गतिविधियां इस बात का संकेत हैं कि हालात जल्द सामान्य होने वाले नहीं हैं। इस संघर्ष ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, आर्थिक संतुलन और मानवीय सुरक्षा-तीनों को गंभीर चुनौती दी है। ऊर्जा आपूर्ति पर इसका सीधा असर पड़ा है। होर्मुज जलमार्ग में उत्पन्न बाधाओं ने वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति को संकट में डाल दिया है। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ता है। महंगाई, परिवहन लागत और उत्पादन पर बढ़ता दबाव आर्थिक विकास की रफ्तार को धीमा कर सकता है। इस गंभीर परिस्थिति में सबसे अधिक अपेक्षा विश्व नेताओं से होती है कि वे संयम और जिम्मेदारी का परिचय दें। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं के बयान हालात को शांत करने के बजाय और भड़काने वाले साबित हो रहे हैं। ह्लपाषाण युग में पहुंचानेह्व जैसी भाषा न केवल कूटनीतिक संतुलन को बिगाड़ती है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भय और असुरक्षा की भावना भी पैदा करती है। ईरान की ओर से मिल रही जवाबी कार्रवाई यह स्पष्ट करती है कि यह संघर्ष एकतरफा नहीं है और हर आक्रामक कदम का प्रतिरोध होगा। इससे युद्ध के और अधिक फैलने की आशंका बढ़ जाती है, जो वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा है। इतिहास हमें सिखाता है कि किसी भी युद्ध का अंत अंततः संवाद और समझौते से ही होता है। लेकिन जब तक शक्तिशाली देश अपनी सैन्य ताकत के प्रदर्शन को प्राथमिकता देते रहेंगे, तब तक शांति केवल एक दूर का सपना बनी रहेगी। आज आवश्यकता इस बात की है कि सभी पक्ष अपने-अपने हितों से ऊपर उठकर वैश्विक हित को प्राथमिकता दें। युद्ध की जिद को त्यागकर कूटनीति और संवाद का रास्ता अपनाना ही एकमात्र विकल्प है, जिससे इस बढ़ते संकट को रोका जा सकता है। अन्यथा, यह संघर्ष न केवल वर्तमान पीढ़ी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक गहरा संकट छोड़ जाएगा।

# माओवाद का खात्मा और साय सरकार की पुनर्वास नीति

**उमेश चतुर्वेदी**

कभी देश के एक तिहाई हिस्से पर अपनी समानांतर सरकार चलाने वाली माओवादी विचारधारा का क्या आज अंत हो जाएगा? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण हो चुका है, क्योंकि नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली केंद्रीय सरकार ने आज ही के दिन को माओवादी आतंकवाद का आखिरी दिन घोषित कर रखा है। ठीक एक हफ्ते पहले यानी 25 मार्च को बस्तर के मुख्यालय जगदलपुर में शीर्ष माओवादी नेता पापा राव के नेतृत्व में 18 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया, तब कहा गया कि राव आखिरी महत्वपूर्ण नक्सली कमांडर हैं और उन्होंने भी हथियार सौंप दिए हैं। 2014 के आम चुनावों में बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में माओवाद पर लगाम का वादा किया था। तब झीरम घाटी कांड की याद ताजा थी, छत्तीसगढ़ कांग्रेस का तकरीबन समूचे शीर्ष नेतृत्व को माओवादियों ने घेरकर मार डाला था। वैसे खुद नक्सली भी मानते रहे हैं कि उनके लिए कांग्रेस और बीजेपी सरकारों में खास अंतर नहीं रहा। अलबत्ता कांग्रेस सरकार माओवादी हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाने से बचती रही हैं, जिस तरह बीजेपी की अगुआई वाली सरकारें उठाती रही हैं। बस्तर में छह अप्रैल 2010 को बारूदी सुरंगों के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 76 जवानों को उड़ाने के बाद नक्सलियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी गुस्सा था। तत्कालीन मनमोहन सरकार ने माओवादियों के खिलाफ सैनिक कार्रवाई का मन बना लिया था, लेकिन सिविल सोसायटी के दबाव में यह विचार उसे छोड ?ा पड़ा। लेकिन बीजेपी ने माओवादियों को कोई रियायत नहीं दी। 2019 में गृहमंत्रालय की कमान संभालने के बाद अमित शाह ने खुलेआम नक्सलियों को चेतावनी देनी शुरू कर दी कि या तो वे हथियार डालें या फिर गोली खाने के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने 31 मार्च 2026 तक माओवादी हिंसा से देश को मुक्त करने का ऐलान कर दिया।

जिस तरह शीर्ष नक्सली कमांडर या तो मारे गए हैं या फिर उन्होंने हथियार डाले हैं, उससे लगता है कि बीजेपी सरकार का अपना वादा पूरा करने जा रही है। माओवादी विचारधारा के प्रभाव में घर-परिवार, सुख-चैन छोड़कर जंगलों की खाक छानने और सत्ता से जूझने वाले माओवादी युवाओं को मुख्यधारा में लाने में सिर्फ केंद्रीय सुरक्षा बलों की गोलियों का दबाव ही काम नहीं आया, बल्कि इसमें राज्यों की पुनर्वास योजनाओं का भी बड़ा योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ ने 2025-26 की अपनी पुनर्वास नीति में हिंसा छोड? वाले नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड? के लिए कई कदम उठाए, जिनमें उसका 'पूना मारगेमइ अभियान प्रमुख रहा। इन शब्दों का अर्थ है 'नया रास्ताइ। इसके तहत दंडकारण्य क्षेत्र के सैकड़ों माओवादी कैडरों को मुख्यधारा में वापस लाने की सफल कोशिश हुई। इसके तहत नक्सलियों की वापसी के बाद उन्हें नई जिंदगी शुरू करने के लिए तत्काल डेढ़ लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता दी गई, साथ ही उन्हें तीन साल के लिए मासिक वजीफा और व्यावसायिक



> *जिस तरह शीर्ष नक्सली कमांडर या तो मारे गए हैं या फिर उन्होंने हथियार डाले हैं, उससे लगता है कि बीजेपी सरकार का अपना वादा पूरा करने जा रही है। माओवादी विचारधारा के प्रभाव में घर-परिवार, सुख-चैन छोड़कर जंगलों की खाक छानने और सत्ता से जूझने वाले माओवादी युवाओं को मुख्यधारा में लाने में सिर्फ केंद्रीय सुरक्षा बलों की गोलियों का दबाव ही काम नहीं आया, बल्कि इसमें राज्यों की पुनर्वास योजनाओं का भी बड़ा योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ ने 2025-26 की अपनी पुनर्वास नीति में हिंसा छोड? वाले नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड? के लिए कई कदम उठाए, जिनमें उसका 'पूना मारगेमइ अभियान प्रमुख रहा। इन शब्दों का अर्थ है 'नया रास्ताइ। इसके तहत दंडकारण्य क्षेत्र के सैकड़ों माओवादी कैडरों को मुख्यधारा में वापस लाने की सफल कोशिश हुई। इसके तहत नक्सलियों की वापसी के बाद उन्हें नई जिंदगी शुरू करने के लिए तत्काल डेढ़ लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता दी गई, साथ ही उन्हें तीन साल के लिए मासिक वजीफा और व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाना शुरू हुआ। मकसद यह रहा कि हथियार छोड़ने के बाद मुख्यधारा में लौटे माओवादी आत्मनिर्भर जिंदगी बिता सकें। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने हथियार सौंपने वाले माओवादियों को अलग से प्रोत्साहन राशि देने की भी व्यवस्था की।*

प्रशिक्षण दिया जाना शुरू हुआ। मकसद यह रहा कि हथियार छोड़ने के बाद मुख्यधारा में लौटे माओवादी आत्मनिर्भर जिंदगी बिता सकें। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने हथियार सौंपने वाले माओवादियों को अलग से प्रोत्साहन राशि देने की भी व्यवस्था की। इससे राज्य में माओवादियों के समर्पण में तेजी आई। हथियार छोड़ने वाले माओवादियों के बच्चों की शिक्षा का इंतजाम किया गया, इसके साथ ही उन्हें सुरक्षित आवास भी मुहैया कराए गए। इसके साथ ही उन्हें वापसी के बाद भयमुक्त जीवन गुजारने के लिए परिवार की सुरक्षा की गारंटी भी दी गई। इसी तरह झारकंड सरकार ने भी माओवादियों को समर्पण के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 'आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीतिइ बनाई। जिसके तहत समर्पण के बाद माओवादियों को आर्थिक सहायता दी जाती है। उनके कौशल विकास के कार्यक्रम चलाए जाते हैं और उन्हें रोजगार के साथ ही आवास की व्यवस्था की जाती है। साथ ही उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा की गारंटी दी जाती है। झारखंड की इस नीति का उद्देश्य समर्पित नक्सलियों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत हथियार जमा करने पर पूर्व नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि, उन्हें तत्काल पुनर्वास अनुदान और घरेलू सामान के लिए नकद सहायता दी जाती है। साथ ही उनको कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे भविष्य में अपना रोजगार कर सकें। इसके साथ ही उनके बच्चों को मुफ्त शिक्षा व छात्रवृत्ति की सुविधा भी दी जाती है। उन्हें आवास के लिए भूमि या प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर भी दिए जाते हैं। इसी तरह मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों को खेती के लिए प्राथमिकता के आधार पर सोलर पंप और बिजली कनेक्शन भी देने का इंतजाम है। पूर्व नक्सलियों पर चल रहे छोटे मामलों को झारखंड सरकार जहां वापस ले रही है, वहीं गंभीर मामलों में कानूनी सहायता मुहैया करा रही है। कुछ ऐसे ही इंतजाम पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में किए गए हैं। कभी माओवादियों के डर से बस्तर में सड़कें तक बनाना संभव नहीं था, बिजली पहुंचाना भी कठिन था। झारखंड के भी दूरदराज के इलाके में ऐसा ही हाल था। लेकिन केंद्र सरकार की शह पर राज्य सरकार ने नक्सली हिंसा प्रभावित क्षेत्र में भी सड़क, स्कूल और अस्पतालों का निर्माण कराने में तेजी आई। बस्तर के कुछ इलाके में रेलवे लाइन भी पहुंच गई है। नक्सली इलाके में सड़कें भी बेहतर हो गई हैं। इन कदमों से माओवादी प्रभाव में रहने वाले इलाकों में भरोसा बहाली में मदद मिली। सरकारी योजनाओं के साथ ही सरकार के प्रति भी स्थानीय लोगों का रवैया बदला।

कभी पशुपति से तिरुपति यानी नेपाल से आंध्र तक का जंगली इलाका लाल गलियारे के रूप में विख्यात था। यहां सुरक्षा बलों के लिए भी घुसना आसान नहीं था। इसमें देश के तकरीबन एक तिहाई जिले आते थे। इन जिलों में माओवादी वैचारिकी के असर वाले हथियारबंद दस्तों की सत्ता चलती थी। माओवादी स्कूलों, रेलवे लाइनों, पुलिस थानों, डाकघरों को निशाना बनाते थे। साथ ही वे इलाके की जनता को यह समझाने में कामयाब रहे थे कि मौजूदा व्यवस्था और तंत्र सिर्फ और सिर्फ उनका शोषण ही कर रहा है। चूंकि विकास की धारा इन इलाकों में माओवादी हथियारबंद दस्तों के अवरोध के चलते बह नहीं पा रही थी, इसलिए अविश्वास का माहौल बढ़ता रहा। लेकिन मोदी सरकार ने सत्ता संभालते ही एक तरफ माओवादियों को उन्हीं की तर्ज में गोली का जवाब गोली से देना शुरू किया, वहीं दूसरी तरफ उनके पुनर्वास के साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की धारा को भी बहाने की कोशिश तेज की। माओवादी कहते रहे हैं कि सत्ता की राह बंदूक की गोली से निकलती है, बारूद से निकलती है, मोदी सरकार ने कुछ उसी अंदाज में माओवादी सत्ता की राह को बंदूक और बारूद से रोका, लेकिन दूसरी तरफ पुनर्वास अभियान भी जारी रखा। इसमें राज्यों की भूमिका खास रही। चूंकि छत्तीसगढ़ और झारखंड नक्सली हिंसा से सबसे ज्यादा प्रभावित रहे हैं, इसलिए दोनों राज्यों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसका नतीजा सामने है। कभी पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से शुरू हिंसक और माओवादी विचारधारा का असर देश के एक तिहाई हिस्से पर रहा। लेकिन अब यह विचारधारा और उसके हथियारबंद अनुयायी निस्तेज नजर आ रहे हैं। कह सकते हैं कि वामपंथ की तरह माओवादी विचारधारा भी भारत में कुंद हो गई। नक्सली हिंसा पर लगाम इस लगाम का ही प्रतीक है। वैसे यह भी सच है कि विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं, एक विचारधारा के रूप में वह माओवाद भी जिंदा रह सकता है। लेकिन अब उसके उस तरह प्रतिबद्ध अनुयायी नहीं होंगे, उनकी गोलियों की आवाज और धमक भी नहीं होगी। अगर यह विचारधारा लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़े तो शायद ही किसी को एतराज होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि अगर यह विचारधारा जिंदा भी बचती है तो वह लोकतांत्रिक ढंग से आगे बढ़ेगी, हथियारों के दम पर नहीं।

**- (लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं)।**

# चीनी सीसीटीवी कैमरे हो रहे जासूसी व रेकी के लिए इस्तेमाल!

**विराग गुप्ता**

ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई पर अमरीका के लक्षित हमले के लिए इसराईल ने ईरान के सी.सी.टी.वी. और मोबाइल नैटवर्क की कई सालों से जासूसी और रेकी की थी। पश्चिम एशिया के इस संकट के बाद भारत में भी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर एक्शन बढ़ रहे हैं। दिल्ली, साहिबाबाद और सोनीपत जैसे तमाम शहरों में सी.सी.टी.वी. के माध्यम से पाकिस्तानी जासूसी नैटवर्क का पुलिस ने खुलासा किया है। सरदार पटेल ने प्रधानमंत्री नेहरू को आगाह करते हुए कहा था कि भारत को पाकिस्तान से ज्यादा खतरा चीन से है। सी.सी.टी.वी. कैमरों से जासूसी का मास्टर माइंड भी चीन है, जिस खतरे के खिलाफ पिछले कई सालों से खुफिया एजैंसियां आगाह कर रही हैं। इसके बावजूद जनता की सुरक्षा और अपराधों को रोकने के नाम पर पूरे देश में चीनी सी.सी.टी.वी. कैमरों का खतरनाक जाल बिछा दिया गया है। दिल्ली में दो चरणों में 652 करोड़ की लागत से आम आदमी पार्टी सरकार ने लगभग 2.64 लाख कैमरे लगाए थे। पी.डब्ल्यू.डी. रिपोर्ट के अनुसार इनमें 32 हजार से ज्यादा कैमरे काम नहीं कर रहे। दिल्ली सरकार के पी.डब्ल्यू.डी. मंत्री प्रवेश वर्मा ने पहले चरण में लगाए गए 1.4 लाख चीनी सी.सी.टी.वी. कैमरों को तीन चरणों में हटाने का आदेश दिया है।

खबरों के अनुसार इन कैमरों की जांच के लिए बाहरी सलाहकार कम्पनी की नियुक्ति हो रही है जो 6.5 साल में अपनी रिपोर्ट देगी। इस बारे में नेताओं की बयानबाजी के बीच बड़ा सवाल यह है कि जब चीनी कैमरों से जासूसी और राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे के बारे में सरकार को जानकारी है, तो फिर तुरंत प्रभाव से सारे कैमरों को क्यों नहीं हटाया जा रहा? जांच के



नाम पर अगले कई सालों तक देश की राजधानी में चीनी कैमरों को लगाए रखना खतरनाक हो सकता है।

**चीनी कैमरों के इम्पोर्ट पर रोक जरुरी :** चीन की सरकार टैलीकॉम और कैमरा कम्पनियों को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन और सबसिडी देती है। इसलिए चीनी कैमरे सस्ते होने के साथ आसानी से उपलब्ध हैं। चीन की हिकविजन, दहुआ और टी.पी. लिंक जैसी बड़ी कम्पनियों का सी.सी.टी.वी. कैमरों के उत्पादन और एक्सपोर्ट में वर्चस्व है। प्रतिबंध के बाद ये कम्पनियां ताइवान, हांगकांग और दुबई के माध्यम से भारत में कैमरों को एक्सपोर्ट कर रही हैं। चीनी कम्पनियां भारत में सहयोगी कम्पनियों की आड़ में भी अपने माल को बेचती हैं।

चीनी कैमरों से जासूसी के प्रमाण आने के बाद अमरीका, यूरोप और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में उनके इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया है। कोरोना के बाद भारत ने भी पबजी समेत कई चीनी ऐप्स के इस्तेमाल और चीनी टैलीकॉम उपकरणों के आयात पर लगाया था। लेकिन सस्ते चीनी कैमरों और उनके उपकरणों का भारत में धड़ल्ले से आयात जारीहै। सरकारी विभागों और जनप्रतिनिधियों को मेक-इन-इण्डिया के 2017 के आदेश बी.आई.एस. के 16910 के मानक, रजिस्ट्रेशन के लिए 2021 के आदेश और खरीद के बारे में मार्च, 2024 में जारी आदेशों के बारे में सजगता नहीं होने से चीन के जासूसी नैटवर्क का खतरनाक जाल पूरे देश में फैलता जा रहा है।

**चीनी चिप्स से मेक इन इंडिया कैमरों का खेल :** सबसे खतरनाक बात यह है कि जिन कैमरों को मेक-इन-इंडिया बताया जा रहा है, उनके मुख्य पुर्जे और चिप्स चीन से ही इम्पोर्ट हो रहे हैं। सरकारी बजट, विधायक और सांसद निधि से खर्चे हजारों करोड़ के बजट से देश भर में करोड़ों चीनी सी.सी.टी.वी. कैमरों का खतरनाक जाल फैल गया। आई.टी. मंत्रालय द्वारा जारी मार्च, 2024 के ऑफिस मैमोरेंडम के अनुसार, घटिया क्वालिटी और चीनी कैमरों पर रोक जरूरी है। कैमरों से जुड़े सोर्स कोड, हार्डवेयर की क्वालिटी और सुरक्षा की जांच के लिए आई.टी. मंत्रालय के अंतर्गत एस.टी.क्यू.सी. एजैंसी का गठन हुआ है लेकिन यह एजैंसी भारत में चीनी कैमरों के इस्तेमाल को रोकने में विफल साबित हुई है। इसके अलावा बाजार में और ई-कॉमर्स के माध्यम से बड़े पैमाने पर गैर-मान्यता प्राप्त कैमरे बिक रहे हैं। सरकारी मानकों पर सख्त अमल नहीं होने से डाटा सुरक्षा, हैकिंग, प्राइवेसी के खतरे और साइबर हमलों की संख्या बढ़ रही है। सरकारी विभागों, बाजार और आवासीय कॉलोनियों में सी.सी.टी.वी. कैमरों के डाटा का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग भी हो रहा है। लेकिन इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार ने अभी तक डाटा सुरक्षा कानून लागू नहीं किया, जबकि यह डाटा चीन की कम्पनियों और चीन की खुफिया एजैंसियों के पास आसानी से उपलब्ध है। सुरक्षा के नाम पर बनाए गए सी.सी.टी.वी. कैमरों के नैटवर्क से चीन की जासूसी को रोकने के लिए आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति की बजाय संसद में बहस होनी चाहिए। दिल्ली सरकार की कार्रवाई से यह साफ है कि चीनी कैमरे देश की राजधानी के लिए खतरनाक हैं। अंतर्राष्ट्रीय संकट और युद्ध के इस माहौल में राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी शहरों और सरकारी कार्यालयों में चीनी कैमरों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सभी तरह के इस्तेमाल पर तुरंत रोक लगनी चाहिए।

**- लेखक के निजी राय हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**6 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2026 वर्ष का 96 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 14.11 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 02.57 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** सिद्धि(असृक) 15.25 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 14.11 बजे तदनन्तर कौलव 03.22 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 17.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 22'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872671
**जूलियन दिन** 2461136.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल **तारीख** 17

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.16 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | वृष | 07.56 बजे से |
| मंगल | मीन में | मिथुन | 09.54 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.08 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 14.24 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.36 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.47 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.01 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 23.17 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | मकर | 01.22 बजे से |
| | | कुंभ | 03.09 बजे से |
| | | मीन | 04.42 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8822



**बाएँ से दाएँ**

1.वटवृक्ष, बट-4
4.मितव्यय,बचत-4
6. ......-सनाप, बेतुकी बकवास-3
8.भाड़ा-3
9.मृत्यु होना-3
11.खुशी, सहमत-2
13.अक्लमंद, समझ वाला-5
15.बलिदान, उत्सर्ग-2
16.जबान, जीभ, जिह्वा-3
18.गिरोह, मंडली, समूह-3
19.अपनापन, प्रेम, स्नेह-3
20.फूलना-फलना-4
22.अभिलाषा, आकांक्षा, हसरत-4

**ऊपर से नीचे**

1.कलंकित, निंदित, लांछित-3
2.दुख, शोक, अफसोस-2
3.खात्मा, समाप्ति, बर्बाद-3
4.मकान आदि भाड़े पर लेने वाला-5
5.संस्कृति, सभ्यता-4
7.स्पर्श, छूना-3
10.ख्याति अर्जित करना (मु.-2,3)
12.वह आरोप जो किसी आरोप के जवाब में किया जाय-4
14.परंपरा, नियम, चाल -3
17.ख्याति, जाना-पहचाना-3
18.माला आदि फैरना-3
21.जेबकतरा, ठग, डाकू-2

**शब्द पहेली -8821 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | म | णी | य | | ब | र | स | |
| वा | म | | की | | ह | | म | त |
| य | | अ | न | ब | न | | | म |
| त | म | स | | री | | स | र | स |
| | | बा | ज | | पा | रो | | |
| स | ली | ब | | मी | | व | ज | ह |
| ली | | | म | न | ह | र | | रा |
| का | म | | न | | र | | श | र |
| | द | म | न | | म | हा | व | त |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7756** ★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7755 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |



'काश इसके मरने की खबर...'

# प्रेग्नेंसी की खबर पर सफाई पेश करके बुरा फंसी पूनम

**पूनम** पांडे उन गिनीचुनी अदाकाराओं में से एक हैं जो कि अपनी हरकतों की वजह से अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं. भले ही पूनम पांडे के पास काम न हो, लेकिन वो लाइमलाइट बटोरने का मौका हाथ से नहीं जाने देती हैं. यही वजह है कि इस समय भी हर किसी की नजर पूनम पांडे पर बनी हुई है. कुछ समय पहले ही सोशल मीडिया पर पूनम पांडे ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की थीं. इन तस्वीरों में पूनम पांडे का बेबी बंप नजर आया था. पूनम पांडे का ये हाल देखकर फैंस घबरा गए थे. फैंस को लगने लगा था कि पूनम पांडे मां बनने वाली हैं. हालांकि जल्द ही पता चला कि पूनम पांडे लोगों को बेवकूफ बना रही हैं. पूनम पांडे मां नहीं बनने वाली हैं. बस अप्रैल फूल डे के मौके पर पूनम पांडे ने एक छोटा सा प्रैंक किया था. इस प्रैंक की वजह से पूनम पांडे एक बार फिर से लाइमलाइट में आ गई. वहीं लोग पूनम पांडे पर गुस्सा करते नजर आए. इसी बीच पूनम पांडे ने अपने इस प्रैंक पर चुप्पी तोड़ दी है. पूनम पांडे ने बताया है कि उन्होंने ये फेक न्यूज सोशल मीडिया पर क्यों फैलाई.

### पूनम पांडे ने फेक प्रेग्नेंसी पर किया ये कमेंट

हाल ही में पूनम पांडे को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया. यहां पर पूनम पांडे ने अपनी तस्वीरों का सच फैंस को बताया. अपनी फेक प्रेग्नेंसी के बारे में बात करते हुए पूनम पांडे ने कहा, अच्छा लगा. मीडिया ने पूनम से पूछा कि ये मजाक था या फिर सच... जिसके जवाब में पूनम पांडे ने कहा, सच कैसे हो सकता है? क्या मैं आपको कहीं से प्रेग्नेंट लग रही हूं. 2 दिन पहले ही तो हम मिले थे. 2 दिन में कोई प्रेग्नेंट होता है क्या. मीडिया को तो सच पता ही था. अप्रैल फूल बनाया आपको.. फूल पसंद हैं. जिसका जवाब मिला कि हमें तो कलियां पसंद हैं. बातों ही बातों में पूनम पांडे बोली, मैंने सबको फूल बना दिया और सब बन भी गए. चारों तरफ लड़ाई चल रही है. मैंने सोचा कि चलो क्यों न कुछ अलग काम किया जाए. थोड़ा तो एंटरटेनमेंट चाहिए ना...

# ऋचा को दिल्ली हाईकोर्ट से फटकार



● फ्लाइट में छेड़छाड़ के आरोप वाले पोस्ट को रीशेयर करना पड़ा महंगा

**दिल्ली** हाई कोर्ट ने एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा समेत कई लोगों को सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सख्त टिप्पणी करते हुए फटकार लगाई है। मामला एक ऐसी घटना से जुड़ा है, जिसमें एक व्यक्ति पर फ्लाइट के दौरान कथित गलत व्यवहार के आरोप लगाए गए थे और बिना पूरी जांच के उसे सोशल मीडिया पर 'छेड़छाड़ करने वाला' तक कह दिया गया। कोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया पर साझा की गई सामग्री ने एफआईआर की सीमाओं को पार कर दिया और तथ्यों की पुष्टि किए बिना ही व्यक्ति को दोषी ठहराने की कोशिश की गई। जस्टिस विकास महाजन ने इस तरह की पोस्ट्स को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि इससे न सिर्फ मामले को सनसनीखेज बनाया गया, बल्कि न्याय प्रक्रिया पर भी असर पड़ा। अदालत के अनुसार, कुछ पोस्ट्स में संबंधित व्यक्ति की तस्वीर के साथ 'मॉलेस्टर' जैसे शब्द बड़े अक्षरों में लिखे गए थे, जिससे उसकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा। कोर्ट ने इसे प्रथम दृष्टया मानहानि का मामला मानते हुए कहा कि इस तरह की पोस्ट्स किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचा सकती हैं और उसे सार्वजनिक रूप से अपमानित कर सकती हैं।

### क्या है मामला?

यह पूरा मामला 11 मार्च की एक फ्लाइट से जुड़ा है, जिसमें एक महिला पत्रकार ने एक यात्री पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया था। हालांकि, आरोपित व्यक्ति ने इन सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि वह पूरी यात्रा के दौरान अपनी सीट पर ही था और फ्लाइट खत्म होने से पहले सो रहा था। विवाद तब और बढ़ गया जब सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए उस व्यक्ति की पहचान, फोटो और पेशेवर जानकारी सार्वजनिक कर दी गई, जबकि उस समय तक आधिकारिक तौर पर मामला दर्ज भी नहीं हुआ था। इसके बाद इस पोस्ट को कई लोगों और मशहूर हस्तियों ने शेयर किया, जिससे मामला तेजी से फैल गया। ऋचा चड्ढा ने भी इस पोस्ट को री-शेयर करते हुए टिप्पणी की थी, जिससे यह और ज्यादा वायरल हो गया। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस तरह के कदम किसी व्यक्ति के निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। अदालत ने अपने अंतरिम आदेश में स्पष्ट किया कि बिना जांच और सबूतों के किसी को दोषी ठहराना न सिर्फ गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि यह कानून के मूल सिद्धांतों के भी खिलाफ है।

# 'मंगल-देश की बेटी' के लिए दीपिका सिंह को फैंस ने दी बधाई



**भारतीय** टेलीविजन की दुनिया में कई शो होते हैं जो दर्शकों के दिल में अपनी खास जगह बना लेते हैं। ऐसे ही शो में से एक है 'मंगल लक्ष्मी', जो अब अपने नए अध्याय 'मंगल-देश की बेटी' के साथ दर्शकों के सामने आ रहा है। इस नई कहानी में मुख्य किरदार मंगल नई जिम्मेदारियों और चुनौतियों का सामना करती हैं। अभिनेत्री दीपिका सिंह ने इस नई यात्रा को लेकर इंस्टाग्राम पर एक भावपूर्ण पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपनी खुशी, उत्साह और टीम के प्रति आभार जताया। दीपिका ने अपने पोस्ट में लिखा कि वह इस नए चैप्टर को लेकर पूरी तरह से अभिभूत और उत्साहित हैं। उन्होंने दर्शकों को बताया कि इस कहानी में मंगल को देश की सेवा का अवसर मिलता है और वह खुद को विशेष महसूस करती हैं। दीपिका ने अपने कैप्शन में लिखा, ''''मंगल-देश की बेटी' के इस नए सफर को निभाने के लिए मैं बेहद खुश, रोमांचित और उत्साहित हूं। उन्होंने अपने पोस्ट में टीम का भी धन्यवाद किया। दीपिका ने कहा कि पिछले 700 एपिसोड्स के दौरान पूरी टीम ने लगातार मेहनत और समर्पण दिखाया। उन्होंने बताया कि दर्शकों का समर्थन ही उनकी इस सफलता की सबसे बड़ी वजह है। उन्होंने अपने फैंस से हर एपिसोड देखने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वे सोमवार से शुक्रवार रात 8:30 बजे इस शो का आनंद लेते रहेंगे।

## 'राइज एंड फॉल' जीतने के बाद अर्जुन बिजलानी की होगी 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2' में एंट्री?

**अर्जुन** बिजलानी टीवी के सबसे पॉपुलर और पसंदीदा एक्टर्स में से एक हैं. उन्होंने सीरियल्स में एक्टिंग से लेकर शोज में होस्टिंग तक हर चीज में अपने टैलेंट दिखाया है.



इतना ही नहीं, 2025 में उन्होंने रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' जीतकर अपनी लोकप्रियता और भी बढ़ा ली. यही वजह है कि जब हाल ही में Prime Video ने करण जौहर का हिट रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2' अनाउंस किया, तो अर्जुन का नाम संभावित कंटेस्टेंट्स में खूब चर्चा में आ गया. लेकिन सवाल अब यह है कि क्या वह सच में इस शो में शामिल होंगे या नहीं. आइए जानते हैं पूरी अपडेट. बातचीत में अर्जुन ने बताया कि उनसे 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2' के लिए अप्रोच किया गया था. हालांकि, मेकर्स और उनके बीच बातचीत बन नहीं पाई. इसका मतलब है कि वह इस बार इस रियलिटी शो का हिस्सा नहीं होंगे.

# वर्षों पहले रितेश ने देखा था 'छत्रपति शिवाजी' पर फिल्म बनाने का सपना

### अभिषेक ने सुनाया 'भाई' का किस्सा

**अभिनेता** अभिषेक बच्चन अपनी पहली मराठी फिल्म 'राजा शिवाजी' के जरिए मराठी सिनेमा में डेब्यू करने को तैयार हैं। मुंबई फिल्म कंपनी और जियो स्टूडियोज की इस फिल्म में अभिषेक संभाजी शाहजी भोसले का दमदार रोल निभाते नजर आएंगे। फिल्म का फर्स्ट लुक टीजर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है। अभिषेक बच्चन ने बताया कि यह फिल्म उनके लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक खास अनुभव है। उन्होंने कहा, 'रितेश देशमुख, जिन्हें मैं अपना भाई मानता हूं, इस फिल्म का सपना बहुत सालों से देख रहे थे। करीब 25 साल पहले जब मैं लातूर में फिल्म 'जमीन' की शूटिंग कर रहा था, तब रितेश पहली बार मिले थे। उसी समय उन्होंने मुझे बताया था कि वह एक दिन छत्रपति शिवाजी महाराज पर फिल्म बनाना चाहते हैं।' अभिषेक ने आगे कहा कि रितेश देशमुख इस फिल्म को निर्देशित कर रहे हैं और यह मराठी सिनेमा के लिए एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा, 'रितेश ने अपनी पिछली फिल्म में साबित कर दिया है कि वह कितने बेहतरीन निर्देशक हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि 'राजा शिवाजी' मराठी सिनेमा के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। इस फिल्म का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हो रही है।' फिल्म का टीजर रिलीज होते ही दर्शकों ने इसकी भव्यता, एक्शन और वीरता की तारीफ की है। टीजर में अभिषेक बच्चन एक योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं, जो अपने छत्रपति शिवाजी महाराज के साथ खड़े नजर आएंगे। राजा शिवाजी में रितेश देशमुख के साथ अभिषेक बच्चन के अलावा संजय दत्त, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, बोमन ईरानी, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र जोशी, अमोल गुप्ते और जेनेलिया देशमुख जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।




'बिहार मेरी पहचान की नींव है'

# पंकज त्रिपाठी ने टोक्यो में बिहार दिवस पर जताया गर्व



**दुनिया** के अलग-अलग देशों में बसे भारतीय जब अपनी संस्कृति और परंपराओं को मनाते हैं, तो वह सिर्फ एक त्योहार नहीं बल्कि अपनी पहचान और जड़ों से जुड़ने का एक खास मौका बन जाता है। जापान की राजधानी टोक्यो में भी ऐसा ही एक भावनात्मक माहौल देखने को मिला, जब बिहार दिवस के अवसर पर भारतीय समुदाय एकत्र हुए। इस खास मौके पर अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने अपने विचार साझा किए और बताया कि कैसे बिहार की मिट्टी ने उनके व्यक्तित्व को गहराई से आकार दिया है। इस अवसर पर पंकज त्रिपाठी ने बताया कि उनकी सादगी, संघर्ष और संवेदनशीलता सब कुछ बिहार से ही आया है। उन्होंने कहा, ''बिहार की मिट्टी से जो सादगी और संघर्ष मिलता है, वही मेरी पहचान की नींव है। बिहार सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि एक एहसास है, जो हर बिहारी के भीतर हमेशा जीवित रहता है। मुझे यहां भी वही अपनापन महसूस हो रहा है, क्योंकि यहां मौजूद हर व्यक्ति के दिल में बिहार बसा हुआ है। यह अनुभव मेरे लिए बेहद खास है।'उन्होंने कहा, ''बिहार के लोग कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत, ईमानदारी और सपनों के साथ आगे बढ़ते हैं। यही कारण है कि आज दुनिया भर में बिहारी अपनी मेहनत और काबिलियत से पहचान बना रहे हैं। चाहे कला हो, शिक्षा, व्यापार या सार्वजनिक सेवा, हर क्षेत्र में बिहारी लोग लगातार अपना योगदान दे रहे हैं और भारत की छवि को मजबूत कर रहे हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ''विदेश में आयोजित ऐसे कार्यक्रम हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। ये हमें हमारी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों की याद दिलाते हैं। यह मेरे जीवन के शुरुआती संघर्षों और सफर की याद दिलाता है, जिसने मुझे आज एक सफल कलाकार बनाया।' पंकज त्रिपाठी ने कहा, ''इस कार्यक्रम में अपने परिवार के साथ शामिल होना मेरे लिए और भी भावनात्मक अनुभव है। यह सिर्फ एक राज्य का जश्न नहीं है, बल्कि यह अपनी आने वाली पीढ़ी को अपनी पहचान और संस्कृति से जोड़ने का एक जरिया भी है। वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ते समय अपनी जड़ों से जुड़े रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने बिहार को एक ऐसी कहानी बताया जो विरासत, सीख और असीम संभावनाओं से भरी है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि वह खुद को इस कहानी का एक छोटा सा हिस्सा मानते हैं।

चेक बाउंस मामला

# दिल्ली हाईकोर्ट में राजपाल यादव के खिलाफ दायर मामले पर फैसला सुरक्षित



**बेहतरीन** कॉमिक टाइमिंग और दमदार अभिनय के लिए हिंदी सिनेमा में अलग पहचान स्थापित करने वाले राजपाल यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। चेक बाउंस मामले में फंसे अभिनेता को लेकर अब सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। फैसला अगली तारीख पर सुनाया जाएगा। दिल्ली हाई कोर्ट ने अभिनेता राजपाल यादव के खिलाफ दायर चेक बाउंस मामले पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका। वहीं, अभिनेता का कहना है कि वह कोर्ट के हर फैसले का सम्मान करेंगे। मामले में राजपाल यादव के वकील एडवोकेट भास्कर उपाध्याय का कहना है कि कोर्ट के सामने अपनी सारी बातें रखी हैं और कोर्ट ने हमारे पक्ष को सुना। मामला अगली सुनवाई तक के लिए सुरक्षित रख लिया गया है। राजपाल यादव कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं और हर फैसला मानने के लिए तैयार हैं। वकील ने यह भी कहा कि अभिनेता का मामला बीते कई सालों से एकतरफा चला आ रहा है और उनसे लगातार बढ़ाकर पैसे मांगे गए हैं। अभिनेता का भी 18-20 करोड़ का नुकसान हुआ है, उसको लेकर कहीं सुनवाई नहीं हो रही है।

# बिहार की राजग सरकार विकास के सभी मानकों पर सबसे नीचे : तेजस्वी यादव

एजेंसी



**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि बीते 21 वर्षों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के दौरान बिहार विकास के लगभग सभी प्रमुख संकेतकों में देश में सबसे नीचे बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य साक्षरता दर, प्रति व्यक्ति आय, किसानों की आय, निवेश, उपभोग और बिजली खपत जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पिछड़ा हुआ है।

तेजस्वी ने कहा कि दूसरी ओर अपराध, गरीबी, बेरोजगारी, पलायन और भ्रष्टाचार जैसे मामलों में बिहार शीर्ष स्थान पर बना हुआ है, जो सरकार की नीतिगत विफलता को दशार्ता है।

तेजस्वी यादव ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति को भी गंभीर बताते हुए कहा कि राज्य में स्कूल ड्रॉपआउट रेट अधिक है और पुपिल-टीचर अनुपात असंतुलित है। इसके साथ ही उन्होंने कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि राज्य में डॉक्टरों के लगभग 58 प्रतिशत पद खाली हैं, जिससे आम जनता को पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए चुनाव के दौरान झूठे वादे करती है और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करती है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दोनों उपमुख्यमंत्रियों को खुली चुनौती देते हुए कहा कि वे बिहार के विकास के मुद्दे पर कहीं भी सार्वजनिक बहस के लिए तैयार हैं। तेजस्वी यादव के बयान का कांग्रेस ने भी समर्थन किया है। पार्टी प्रवक्ता स्नेहाशीष वर्धन ने कहा कि नीतीश कुमार पिछले लगभग 20 वर्षों से भाजपा के साथ मिलकर राज्य में सरकार चला रहे हैं और पिछले 12 वर्षों से केंद्र में भी उनकी (राजग) सरकार रही है। इसके बावजूद बिहार का पिछड़ापन दूर नहीं हो पाया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सरकार को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और केवल चुनावी रैलियों में बयानबाजी करने के बजाय विकास पर ध्यान देना चाहिए।

# डीएम ने पंचायत और नगर निकाय स्तर पर स्थापित गैस वितरण नियंत्रण कक्ष का लिया जायजा

एजेंसी



**अररिया।** जिलाधिकारी विनोद दूहन ने रविवार को पंचायत एवं नगर निकायों में स्थापित गैस वितरण नियंत्रण कक्ष का स्टॉक, वितरण सहित अन्य व्यवस्था का जिला नियंत्रण कक्ष से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान पंचायत एवं नगर पंचायत,नगर परिषद स्तर पर स्थापित गैस वितरण नियंत्रण कक्षों से संबंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराए गए सिलेंडरों की संख्या, नियंत्रण कक्षों के माध्यम से उपभोक्ताओं को वितरित किए गए सिलेंडरों की संख्या तथा शेष उपलब्ध स्टॉक की भी जानकारी प्राप्त की गई। जिला पदाधिकारी ने नियंत्रण कक्षों में तैनात प्रतिनिधि कर्मियों से दूरभाष पर संवाद कर जमीनी स्तर की स्थिति का भी आकलन किया।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित जिला आपूर्ति कार्यालय में उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मी को भी कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा जिलास्तर पर 11 अप्रैल को मनायेगी ज्योतिबा फूले जयंती समारोह

**पटना।** ज्योतिबा फूले के विचारों को जन जन तक पहुंचायेगी भाजपा पटना महान समाज सुधारक एवं सत्यशोधक समाज के संस्थापक ज्योतिबा राव फूले की 199वीं जयंती भाजपा 11 अप्रैल को समारोह के रूप मे बिहार के सभी संगठनात्मक 52 जिलों मे मनायेगी। जिसको ले कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने ज्योतिबा फूले जयंती समारोह कार्यक्रम का संयोजक भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार को बनाया है। कार्यक्रम के जरिये पार्टी महात्मा फूले के विचारों और आदर्शो को जन जन तक पहुंचायेगी। साथ ही कार्यक्रम को लें कर सभी जिलों मे भी कार्यक्रम संयोजक भी बनायें गये है।

### नशीले पदार्थ के धंधे पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई तस्कर गिरफ्तार

**सीवान।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से स्मैक, गांजा और भारी मात्रा में नकद राशि बरामद की गई है।पूछताछ में उसकी पहचान कुंदन कुमार के रूप में हुई है जो मुफस्सिल थाने के खुरमाबाद निवासी स्वर्गीय प्रभुनाथ चौहान का पुत्र है। एसपी पुरन कुमार झा ने बताया कि 4 अप्रैल 2026 को मुफ्फसिल थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि खुरमाबाद स्थित मंदिर के पास एक व्यक्ति नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 15 ग्राम स्मैक और 50 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर पर भी छापेमारी की, जहां से 750 ग्राम गांजा और 1,38,070 रुपये नकद बरामद किया गया। इस तरह कुल मिलाकर 1,88,070 रुपये नकद जब्त किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(सी), 21(बी) और 20(बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

## भूमि विवाद पर सख्त उप मुख्यमंत्री, विजय सिन्हा बोले-

# 40 लाख आवेदनों का समाधान करेंगे, दोषियों को नहीं बख्शेंगे

**भूमि माफियाओं पर कड़ा प्रहार, बिहार को अब विवादों से मुक्त करेंगे**

**गलती करनेवालों को नहीं छोड़ेंगे, हर शिकायत का होगा निपटारा**

एजेंसी



**पटना।** उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जमीन से जुड़े मामलों में यदि कहीं कोई गलती हुई है तो उसके सुधार और परिमार्जन के लिए सरकार ने समय दिया है और अब तक करीब 40 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। भूमि विवाद के कारण आम लोगों को होने वाली परेशानियों को समाप्त करना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही, गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री सह मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हम 40 लाख आवेदनों के समाधान के लिए संकल्पित हैं। आप आइए, अगर कोई गलती हुई भी है तो मिल-बैठकर उसका सुधार और समाधान किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे भ्रम और भड़काने वालों के चक्कर में न पड़ें और मन से डर निकाल दें। उन्होंने कहा कि वर्षों से जनता की बह रही पीड़ा अब खत्म होगी और भूमि विवाद के नाम पर बिहार को अब और रक्तरंजित नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज भी 70 से 75 प्रतिशत जमीन पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन कुछ लोगों ने तकनीकी हेरफेर कर गड़बड़ी की है।

सारण जिले का उदाहरण देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने रजिस्टर-2 में स्याही गिराकर रिकॉर्ड को अस्पष्ट कर दिया और दूसरे के नाम म्यूटेशन करवा दिया। यहां तक कि दस्तावेज के पन्ने फाड़कर भी गड़बड़ी की गई।

उप मुख्यमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार के पास पूरा तंत्र (मेकैनिज्म) मौजूद है और ऐसे मामलों की जांच कर दोषियों को चिन्हित किया जाएगा। जिन लोगों ने यह पाप किया है, उन्हें मैं छोड़ूंगा नहीं, अंतिम समय तक उनका पीछा करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि बिहार की छवि खराब करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होगी और इस लड़ाई को समाधान तक पहुंचाने के लिए जनता का सहयोग जरूरी है।

# खेत पटवन के गड्ढे में गिरने से दो वर्षीय बच्चे की मौत, गांव में पसरा मातम



**नवादा।** जिले के रजौली थाना क्षेत्र के मोहनरिया तरी में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में दो वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। खेत पटवन के लिए बनाए गए गड्ढे में गिरने से बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक और मातम का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बच्चा निशांत कुमार (2 वर्ष) सिरदला थाना क्षेत्र के सड़मंजगामा पंचायत के भराड़ी गांव निवासी नीतीश कुमार का पुत्र था। बताया जाता है कि निशांत अपनी मां के साथ पिछले दो महीने से अपने नाना के घर मोहनरिया तरी में रह रहा था। रविवार को खेलते-खेलते वह खेत पटवन के लिए बने गड्ढे के पास पहुंच गया और अचानक उसमें गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में बच्चे को गड्ढे से बाहर निकालकर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल रजौली लाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. राघवेंद्र भारती ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि पटवन के लिए बने गड्ढे ज्यादा पानी भी नहीं था बच्चा कैसे उसमे गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई यह बहुत सोचनीय विषय हैं। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और लोग शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने में जुटे हैं।

# जगजीवन बाबू सामाजिक समरसता के प्रखर अग्रदूत : संजय सरावगी

**पटना।** बिहार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व उप मुख्यमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती पर उन्हें याद किया और उन्हें श्रद्धान्जलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इस मौके पर कहा कि जगजीवन बाबू सामाजिक समरसता के प्रखर अग्रदूत रहे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन वंचितों के उत्थान और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने में समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि एक कुशल प्रशासक और ओजस्वी वक्ता के रूप में उनका व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणापुंज है। उनके काम की वजह से लोग प्यार से उन्हें 'बाबूजी' कहते थे। वे एक ऐसे नेता थे जो पूरा जीवन समाज में समानता और न्याय फैलाने के लिए कार्य करते रहे। उनकी प्रशासनिक क्षमता और राजनीतिक कौशल का लोहा घुर विरोधी भी मानते थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज की कुरीतियों को दूर करने और लोगों को समानता का अधिकार दिलाने में बीता दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का जीवन साहस और अटूट संकल्प की प्रेरणा देता है। कृषि मंत्री के रूप में कार्य करते हुए बाबू जगजीवन राम ने किसानों को लेकर कई उल्लेखनीय कार्य किए थे। अपने पूरे राजनीतिक जीवन में जगजीवन राम ने रक्षा मंत्री, खाद्य और कृषि मंत्री, श्रम मंत्री और समाज कल्याण मंत्री सहित कई महत्वपूर्ण मंत्री पद संभाले। इन भूमिकाओं में उनके प्रभावशाली नेतृत्व ने भारतीय राजनीति पर अमिट छाप छोड़ी। उनका जीवन गरीब और पिछड़े समुदायों के लिए लड़ते हुए समाज में बदलाव लाने की मिसाल है।

# बाबू जगजीवन राम का जीवन सामाजिक न्याय समानता और राष्ट्र सेवा का प्रेरणास्रोत : राजेश

**पटना।** स्वतंत्रता सेनानी, कुशल प्रशासक एवं सामाजिक न्याय के अग्रदूत बाबू जगजीवन राम की 119 वीं जयंती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम, पटना में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। कार्यक्रम की शुरूआत बाबू जगजीवन राम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने उनके आदर्शों और उनके संघर्षमय जीवन को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजेश राम ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, सामाजिक न्याय और वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि बाबूजी भारतीय राजनीति के ऐसे महान नेता थे जिन्होंने अपने संघर्ष और दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर समाज के पिछड़े और दलित वर्गों को सम्मान और अधिकार दिलाने का कार्य किया। राजेश राम ने कहा कि बाबू जगजीवन राम एक दीर्घकालीन सांसद के रूप में संसद में जनता की आवाज को मजबूती से उठाते रहे। उन्होंने रक्षा मंत्री के रूप में देश की सुरक्षा को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा उप प्रधानमंत्री के रूप में देश के विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य किया। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और सेवा का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एसएसबी जवान गिरफ्तार

एजेंसी

**किशनगंज।** जिले के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक जवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपित को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार, पीड़िता पक्ष की शिकायत के आधार पर ठाकुरगंज थाना में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित जलेबिया मोड़ के समीप एक किराए के मकान में रह रहा है। ठाकुरगंज थानाध्यक्ष मो. मकसूद आलम अशरफी ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की और आरोपित जवान को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व जगजीवन राम की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

एजेंसी



**पटना।** पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सर्कुलर रोड, अणे मार्ग एवं कौटिल्य मार्ग के चौराहे पर अवस्थित स्व जगजीवन राम की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक श्याम रजक, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, विधान पार्षद रवीन्द्र प्रसाद सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भी स्व जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# बिहार में जमाबंदी सुधार अब ऑनलाइन, बिहारभूमि पोर्टल पर 'परिमार्जन प्लस' सुविधा शुरू

एजेंसी




**पटना।** बिहार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भूमि अभिलेखों में पारदर्शिता और सुधार के लिए बड़ी पहल शुरू की है। अब राज्य के नागरिक अपनी जमीन की डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटियों को सुधारने या छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन दर्ज कराने के लिए बिहार भूमि पोर्टल पर उपलब्ध परिमार्जन प्लस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

यह पहल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा के निर्देशन में शुरू की गई है। सरकार ने इसे जनहित में एक अहम कदम बताते हुए लोगों से अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की है। विभाग के अनुसार, अब लोग घर बैठे ही अपनी जमीन से जुड़े रिकॉर्ड को दुरुस्त कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक को बिहारभूमि पोर्टल पर जाकर परिमार्जन प्लस विकल्प पर क्लिक करना होगा। पहले से पंजीकृत उपयोगकर्ता अपने मोबाइल नंबर से लॉगिन कर सकते हैं, जबकि नए उपयोगकताओं को रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा। लॉगिन के बाद आवेदकों को दो प्रमुख विकल्प मिलेंगे। पहला, डिजिटल जमाबंदी में सुधार और दूसरा, कंप्यूटराइजेशन के लिए छूटी हुई जमाबंदी का डिजिटलीकरण। इन सुविधाओं के माध्यम से भूमि अभिलेखों की अशुद्धियों को दूर करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। इसके अलावा, नागरिक जमीन से जुड़ी शिकायत या सुझाव दर्ज कराने के लिए जन शिकायत पोर्टल का भी उपयोग कर सकते हैं। विभाग का मानना है कि इस पहल से न केवल आम लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि भूमि प्रबंधन व्यवस्था में पारदर्शिता और सुशासन को भी मजबूती मिलेगी।

# घुसपैठिया टिप्पणी पर बढ़ा विवाद, ठाकुरगंज की राजनीति गरमाई

एजेंसी





**किशनगंज।** ठाकुरगंज में इन दिनों घुसपैठिया बयान को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इस मुद्दे पर शुरू हुई बहस अब सियासी रंग ले चुकी है। जदयू प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद सिंह ने डॉ. आसिफ सईद के बयान पर कड़ा पलटवार किया है। बीरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि डॉक्टर को अपने पेशे पर ध्यान देते हुए लोगों की सेवा करनी चाहिए, न कि अनावश्यक राजनीतिक टिप्पणियां करनी चाहिए। उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, जिनके खुद के मकान शीशे के होते हैं, उन्हें दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकना चाहिए। उन्होंने आगे चेतावनी भरे लहजे में कहा कि डॉ. आसिफ शाहिद का अस्पताल किस तरह चलता है और वहां क्या-क्या गतिविधियां होती हैं, यह सबको पता है। साथ ही आयुष्मान कार्ड योजना को लेकर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि कितने लोगों को इसका वास्तविक लाभ मिल रहा है, इसकी जांच समय आने पर कराई जा सकती है।दरअसल, हाल ही में सोशल मीडिया पर डॉ. आसिफ सईद ने बयान देते हुए कहा था कि कौन कहता है घुसपैठियों ने माहौल खराब किया है, लोग तो कह रहे हैं कि माहौल आपने खराब किया है। उन्होंने यह भी कहा था कि चुनाव से पहले सभी लोगों के कागजात की जांच की गई थी और सभी सही पाए गए थे, तो फिर घुसपैठियों का मुद्दा कहां से उठाया जा रहा है। डॉ. सईद ने अपने बयान में यह भी आरोप लगाया था कि कुछ लोग जानबूझकर माहौल खराब कर रहे हैं और एक खास समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने ब्लॉक और अंचल स्तर पर हो रही कथित धांधली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे सभी धर्मों के लोग प्रभावित हो रहे हैं और आम जनता को राहत दिलाने की दिशा।

# फलका थाना उपद्रव मामले में 5 गिरफ्तार

**पुलिस से हथियार छीनने का आरोप**

एजेंसी



**कटिहार।** जिले के फलका थाना क्षेत्र में शनिवार को हुई घटना में शामिल 5 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार किया और सरकारी हथियार छीनने की कोशिश की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दिवाकर कुमार यादव, मोनू यादव, प्रभात कुमार, रौशन कुमार और अभिमन्यु कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया था, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। फलका थाना क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में दिवाकर कुमार यादव मुख्य आरोपी है, जिसने पुलिस हथियार छीनने की कोशिश की।

# सौरभ भारद्वाज का दावा- भाजपा में जाएंगे राघव चड्ढा

पीएम मोदी के खिलाफ पुरानी पोस्ट्स की डिलीट

एजेंसी





**नई दिल्ली।** क्या राघव चड्ढा भाजपा में शामिल होने वाले हैं। आम आदमी पार्टी के कद्दावर नेता सौरभ भारद्वाज के एक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद राघव चड्ढा के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को हवा मिली है। सौरभ भारद्वाज ने दावा किया है कि राघव चड्ढा ने अपने एक्स हैंडल से प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की आलोचना करने वाले सभी पुराने पोस्ट डिलीट कर दिए हैं। अब उनके प्रोफाइल पर मोदी से जुड़े केवल दो पोस्ट हैं। इनमें से एक में उनकी प्रशंसा की गई है। इस डेवलपमेंट के बाद राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म है। सोशल मीडिया पर राघव चड्ढा के आने वाले समय में आप को छोड़कर भाजपा का दामन थामने के कयास लगाए जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर अपने एक पोस्ट में दावा किया कि राघव चड्ढा ने एक्स अकाउंट पर अपनी उन तमाम पुरानी पोस्टों को डिलीट कर दिया है जिनमें पीएम मोदी या क्रछ्क्क की आलोचना की गई थी। सौरभ भारद्वाज ने आगे लिखा कि एक्स पर कुछ लोगों के सुझाव के बाद मैंने राघव चड्ढा की टाइमलाइन पर क्रछ्क्क या मोदी शब्द खोजे। सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि राघव चड्ढा की टाइमलाइन पर भाजपा या मोदी की आलोचना वाली कोई भी पोस्ट मौजूद नहीं है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इसका मतलब है कि राघव चड्ढा ने अपनी सभी पुरानी पोस्ट भी डिलीट कर दी हैं। राघव की टाइम लाइन पर मोदी शब्द वाली केवल दो पोस्ट ही हैं। इन दोनों ही पोस्ट में राघव चड्ढा ने मोदी की तारीफ की है। इस पोस्ट के साथ ही सोशल मीडिया पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। कुछ यूजर्स कयास लगाते नजर आए कि आने वाले दिनों में राघव चड्ढा भाजपा का दामन थाम सकते हैं। दरअसल, आप और उसके राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के बीच तब खींचतान देखी गई जब राघव चड्ढा ने आप नेताओं के उन आरोपों को खारिज कर दिया जिनमें उन पर प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ संसद में बोलने से बचने का आरोप लगाया गया था। इन आरोपों को झूठा बताते हुए, राघव चड्ढा ने कहा कि मैंने हमेशा संसद में जनहित के मुद्दों को उठाया है। मैं संसद सरकार पर दबाव डालने के लिए जाता हूं, वहां हंगामा करने के लिए नहीं जाता राघव चड्ढा ने एक वीडियो संदेश में फिल्म धुरंधर के एक डायलॉग का सहारा लेते हुए कहा कि क्योंकि मैं घायल हूं इसलिए घातक हूं। हर झूठ का भंडाफोड़ होगा। राघव चड्ढा ने यह भी कहा कि उनके खिलाफ सुनियोजित अभियान चलाया गया है।



## कमर्शियल वाहन ड्रग तस्करी में पकड़े तो रद्द होगा परमिट

नशे के सौदागरों के खिलाफ दिल्ली पुलिस की नया प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने अब नशीले पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल होने वाले व्यावसायिक वाहनों के परमिट रद्द कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए उठाए जा रहे कदमों में यह अब तक की कड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। पुलिस की नई रणनीति के तहत अब तक 40 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स यूनिट, दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग से परमिट रद्द करने की सिफारिश करती है। यह नियम न केवल दिल्ली के वाहनों पर बल्कि बाहरी राज्यों से दिल्ली में प्रवेश करने वाले उन व्यावसायिक वाहनों पर भी लागू होता है, जो तस्करी में लिप्त पाए जाते हैं।

**यह है प्रक्रिया :** इस कार्रवाई के तहत यदि कोई कमर्शियल वाहन (ट्रक, बस, टैक्सी या डिलीवरी वैन) ड्रग तस्करी में शामिल पाया जाता है, तो एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) परिवहन विभाग को उस वाहन का परमिट रद्द या सस्पेंड करने की सिफारिश भेजती है। इसके बाद पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर परिवहन विभाग मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कारण बताओ नोटिस जारी करता है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर परमिट रद्द कर दिया जाता है। इतना ही नहीं यदि वाहन मालिक यह साबित नहीं कर पाता कि वाहन का उपयोग उसकी जानकारी या मिलीभगत के बिना हुआ है, तो वाहन जब्त भी हो सकता है। दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशीले पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल होने वाले वाहनों का परमिट रद्द करना उनकी उस प्रमुख रणनीति का हिस्सा है, जिसके जरिये नशे के सौदागरों के नेटवर्क को तोड़ा जा सके। इसका उद्देश्य अवैध ड्रग नेटवर्क की आर्थिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में अब हफ्ते में दो दिन सार्वजनिक अवकाश सुबह 9 से शाम 5 बजे तक खुलेंगे सरकारी दफ्तर

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने रविवार को दो महत्वपूर्ण लिए हैं, जिसके तहत अब सरकारी कार्यालयों के लिए शनिवार और रविवार को दो दिन साप्ताहिक अवकाश घोषित किया है। नए फैसले में सरकारी दफ्तरों के खुलने का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने बताया कि सरकारी कार्यालयों और शैक्षिक संस्थानों में अब शनिवार और रविवार को छुट्टी रहेगी। उन्होंने बताया कि पेट्रोलियम आपूर्ति में उत्पन्न असहज स्थिति के कारण यह निर्णय लिया गया है। प्रवक्ता पोखरेल के अनुसार यह व्यवस्था कल सोमवार से लागू होगी। सरकार ने सरकारी कार्यालयों का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित करने का भी निर्णय लिया है। मंत्रिपरिषद की बैठक ने शैक्षिक संस्थानों को छोड़कर अन्य सरकारी कार्यालयों का समय 9 से 5 बजे तक बनाए रखने का निर्णय किया है। यह समय-सीमा शैक्षिक संस्थानों को छोड़कर अन्य सरकारी कार्यालयों पर लागू होगी।

### रामनगरी में रामायण टीका की 200 वर्ष पुरानी पांडुलिपि मिली

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या राम मंदिर के दूसरे तल पर रामायण की प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण व संग्रहण की योजना के अन्तर्गत अब दूसरी पांडुलिपि भी शीघ्र राम मंदिर की शोभा बढ़ाएगी। यह पांडुलिपि अयोध्या जनपद में ही सुलभ हुई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से प्राचीन पांडुलिपियों के संग्रहकर्ताओं के लिए देश के सभी राज्यों अलग-अलग समाचार माध्यमों में विज्ञापन प्रकाशित कराया था। इसी विज्ञापन के माध्यम से अयोध्या जनपद के निवासी जगजीत सिंह ने अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के निदेशक डा. संजीब कुमार सिंह से सम्पर्क साधा और जानकारी दी कि उनके दादा ने रामायण की प्राचीन पांडुलिपि भेंट की थी जिसे वह श्रद्धापूर्वक पूजन स्थल पर रखकर पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि इसका संरक्षण राम मंदिर में हो। रामकथा संग्रहालय के निदेशक डा. सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुरातात्विक दृष्टि से देखें तो यह पांडुलिपि करीब दो सौ साल पुरानी नजर आती है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया इसकी लिपि नागरी लिपि जो देवनागरी कहलाती है। उन्होंने बताया कि फिलहाल इस कृति का परीक्षण निर्धारित कमेटी के विशेषज्ञ करेंगे। उनके परीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर पांडुलिपि को स्वीकार किया जाएगा। बताया गया कि यह दुर्लभ पांडुलिपि देवनागरी लिपि में है और इसमें 'तत्त्वदीपिका' टीका सहित रामायण के पांच कांड शामिल हैं। कहा गया कि हस्त लिखित विशेष प्रकार के रसायन से तैयार स्याही से 400 पन्ने की यह पांडुलिपि देश की धरोहर बन सकेगी। रामकथा संग्रहालय के निदेशक डा संजीब सिंह का कहना है कि देश-विदेश से लगभग 80 से 90 लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय से संपर्क किया था और 8 से 10 लोगों ने पांडुलिपि की प्रति लेकर सम्पर्क भी किया था। बताया गया कि अभी भी पत्राचार कर रहे हैं। डा. सिंह का कहना है कि राम मंदिर में संग्रहालय का निर्माण नहीं होना है बल्कि यहां दुर्लभ कृतियों को संरक्षित किया जाना है, वह चाहे भी जिस भाषा में हो। निदेशक सिंह का कहना है कि जहां तक कृति लाने की बात है तो यहां एक ही कृति अभी तक लाई गयी है। उन्होंने बताया कि अभी लोगों ने अभिरुचि ली है और लोग अपने विश्वास के साथ आ भी रहे हैं। पुराविद् डा. संजीब सिंह कहते हैं कि प्राचीन पांडुलिपियों के काल निर्धारण के परीक्षण की अलग-अलग विधा है। पहले में कृति की भाषा और लिपि देखी जाती है कि यह लिपि किस काल में प्रचलित थी।

# सबरीमाला में महिलाओं की एंट्री पर सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की पीठ करेगी सुनवाई

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से शुरू हुआ विवाद अब एक ऐतिहासिक संवैधानिक मोड़ पर खड़ा है। 7 अप्रैल 2026 से भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की संविधान पीठ उन व्यापक कानूनी सवालों पर सुनवाई शुरू करने जा रही है। यह न केवल हिंदू धर्म, बल्कि मुस्लिम, पारसी और दाऊदी बोहरा समुदायों की धार्मिक प्रथाओं को भी प्रभावित करेंगे। सुप्रीम कोर्ट की यह पीठ केवल सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर विचार नहीं कर रही है। अदालत के सामने असल चुनौती यह तय करना है कि क्या व्यक्तिगत मौलिक अधिकार किसी समुदाय के धार्मिक अधिकारों से ऊपर हैं। इस फैसले का असर मस्जिदों में महिलाओं के प्रवेश, पारसी महिलाओं के अधिकारों और दाऊदी बोहरा समुदाय में प्रचलित प्रथाओं पर भी पड़ेगा। 2018 में तत्कालीन सीजेआई दीपक मिश्रा की बेंच ने 4:1 के बहुमत से सबरीमाला में सभी आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश की अनुमति दी थी। कोर्ट ने कहा था कि भक्ति को लैंगिक भेदभाव का शिकार नहीं बनाया जा सकता। एकमात्र महिला जज, जस्टिस इंदु मल्होत्रा ने तब असहमति जताते हुए कहा था कि धार्मिक प्रथाओं की तर्कसंगतता की जांच करना अदालतों का काम नहीं है। नवंबर 2019 में पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पाया कि यह मुद्दा बहुत व्यापक है और इसे बड़ी बेंच (9 जजों) को भेज दिया गया।

**सुप्रीम कोर्ट के सामने कई सवाल :** संविधान पीठ कुछ मुद्दों पर स्पष्टता लाने की कोशिश कर सकती है। धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का दायरा और सीमा क्या है अनुच्छेद 25 (व्यक्तिगत अधिकार) और अनुच्छेद 26 (धार्मिक संप्रदाय के अधिकार) के बीच तालमेल कैसे बैठेगा क्या धार्मिक संप्रदाय के अधिकार संविधान के 'भाग-ढ्ढढ्ढढ्ढ (मौलिक अधिकार) के अधीन हैं अनुच्छेद 25 और 26 में प्रयुक्त 'नैतिकताइ शब्द का अर्थ क्या है क्या इसमें संवैधानिक नैतिकता शामिल है क्या अदालतें यह तय कर सकती हैं कि कोई धार्मिक प्रथा उस धर्म का अनिवार्य हिस्सा है या नहीं? अनुच्छेद 25(2)(ड्ढ) में हिंदुओं के वर्गों का वास्तविक अर्थ क्या है? क्या कोई व्यक्ति जो उस विशेष धार्मिक संप्रदाय का हिस्सा नहीं है, उसकी प्रथाओं को कोर्ट में चुनौती दे सकता है?

**अन्य धर्मों पर भी होगा असर :** यह सुनवाई इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि इसमें कई अन्य विवादों को जोड़ दिया गया है। मुस्लिम महिलाओं के मस्जिदों में प्रवेश का अधिकार। दाऊदी बोहरा समुदाय में प्रचलित 'बहिष्कारइ और अन्य प्रथाओं की वैधता। गैर-पारसी से शादी करने वाली पारसी महिलाओं के 'अग्नि मंदिरइ में प्रवेश का अधिकार। आपको बता दें कि अखिल भारतीय मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और कई जैन संगठनों ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया है, क्योंकि कोर्ट का फैसला उनके व्यक्तिगत कानूनों को प्रभावित कर सकता है।

**नई बेंच का गठन :** सीजेआई सूर्य कांत के नेतृत्व वाली इस बेंच में विविधता का ध्यान रखा गया है। इसमें जस्टिस बीवी नागरत्ना सहित देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों से आए अनुभवी जज शामिल हैं। 7 अप्रैल से होने वाली यह दैनिक सुनवाई भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक व्याख्याओं में से एक साबित होगी। अदालत के सामने सबसे बड़ी दुविधा यह है कि संविधान का अनुच्छेद 25 धर्म मानने की आजादी देता है, लेकिन साथ ही यह सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के अधीन है। याचिकाकताओं का तर्क है कि कोई भी प्रथा जो महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है, वह धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं हो सकती।

### नीदरलैंड- इस्राइल समर्थक यहूदी केंद्र के पास धमाका

**येरूशलम, एजेंसी।** नीदरलैंड पुलिस इस्राइल समर्थक एक ईसाई केंद्र के बाहर हुए छोटे विस्फोट की जांच कर रही है। मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। गेलडरलैंड प्रांत की पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि शुक्रवार रात हुए विस्फोट में कोई घायल नहीं हुआ। मध्य नीदरलैंड के निजकेर्क स्थित एक इमारत में मामूली क्षति हुई। क्रिश्चियंस फॉर इस्राइल समूह ने कहा कि विस्फोट निजकेर्क स्थित उनके इस्राइल केंद्र को निशाना बनाकर किया गया था।

### हॉलीवुड की अभिनेत्री डी फ्रीमैन का 66 वर्ष की आयु में निधन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** द यंग एंड द रेस्टलेस और सिस्टास जैसे प्रसिद्ध शो के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री डोलोरेस डी फ्रीमैन का 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार ने पुष्टि की कि फेफड़ों के कैंसर से जूझने के बाद 2 अप्रैल को उन्होंने अंतिम सांस ली। लुइसियाना में जन्मी फ्रीमैन का कॅरिअर काफी विविधतापूर्ण रहा। उन्होंने छह साल तक अमेरिकी मरीन कॉर्प्स में सेवा दी और जापान में रेडियो डीजे के रूप में भी काम किया।

### लंदन- यहूदी समुदाय की एंबुलेंस पर हमले के मामले में तीन गिरफ्तार

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश अभियोजकों ने उत्तरी लंदन में यहूदी समुदाय की एंबुलेंस पर हुए आगजनी के हमले में तीन युवकों को आरोपी बनाया है। यह घटना 23 मार्च को एक सिनेगॉग के पास हुई थी, जिसे प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने स्तब्ध करने वाला यहूदी विरोधी हमला बताया था। आरोपियों की उम्र 17, 19 और 20 वर्ष है, जिनमें दो ब्रिटिश और एक ब्रिटिश-पाकिस्तानी नागरिक है। हमले की जांच आतंकवाद रोधी टीम के अधिकारियों द्वारा की जा रही है, हालांकि अभी इसे आतंकवादी घटना नहीं माना गया है।

### ट्रंप का 63 साल से बंद अल्काट्राज जेल फिर से खोलने का प्रस्ताव

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कुख्यात अल्काट्राज जेल को फिर से खोलने का प्रस्ताव रखा है। इसके लिए उन्होंने 15.2 करोड़ डॉलर की मांग की है। इसमें अमेरिका के सबसे क्रूर व हिंसक अपराधी रखे जाएंगे। फॉक्स न्यूज के अनुसार, ट्रंप प्रशासन के वित्त वर्ष 2027 के बजट प्रस्ताव में उल्लिखित इस प्रस्ताव का उद्देश्य ऐतिहासिक व लंबे समय से बंद पड़ी इस जेल को अत्याधुनिक सुरक्षित जेल सुविधा में बदलने के प्रारंभिक चरण को वित्तीय सहायता प्रदान करना बताया गया है। हालांकि, इस योजना के लिए राशि जारी करने के मुद्दे पर संसद को फैसला लेना है।

### ढाका के पास गैस लाइटर फैक्ट्री में आग 5 की मौत; आग लगने की वजह साफ नहीं

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के पास स्थित केरानिगंज के कदमतली इलाके में शनिवार दोपहर गैस लाइटर बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। फायर सर्विस और सिविल डिफेंस के मुताबिक, आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आग बुझाने के लिए दमकल की 7 यूनिट तैनात की गईं। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। शाम तक राहत और बचाव दल ने मलबे से 5 शव बरामद किए। अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

## यमन से इसराइल पर मिसाइल हमला, हूती विद्रोहियों ने ली जिम्मेदारी

एजेंसी



**यरूशलेम/सना।** यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने एक बार फिर इसराइल को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया है। इस हमले के बाद क्षेत्र में तनाव और गहरा गया है। इसराइल डिफेंस फोर्सेज ने बयान जारी कर बताया कि उनके उन्नत एयर डिफेंस सिस्टम ने यमन की ओर से आती हुई मिसाइल को सीमा पार करने से पहले ही इंटरसेप्ट कर लिया। मिसाइल दागे जाने के तुरंत बाद इसराइल के कई हिस्सों में अलर्ट जारी कर दिया गया था और नागरिकों को सुरक्षा के लिए शेल्टर में जाने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, स्थिति स्पष्ट होने और खतरा टलने के कुछ ही मिनटों बाद सेना ने सुरक्षा प्रतिबंध हटा लिए। हूती विद्रोहियों के सैन्य प्रवक्ता ने इस हमले की पुष्टि करते हुए इसे इसराइल के खिलाफ उनके चल रहे सैन्य अभियान का हिस्सा बताया। गौरतलब है कि पिछले एक हफ्ते में हूतियों की ओर से किया गया यह इस तरह का दूसरा बड़ा हमला है। इससे पहले 28 मार्च को भी हूतियों ने वेस्ट बैंक के हेब्रोन शहर के ऊपर से मिसाइलें दागी थीं, जिनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। विशेषज्ञों का मानना है कि यमन से होने वाले ये लगातार हमले ईरान, अमेरिका और इसराइल के बीच बढ़ते क्षेत्रीय संघर्ष की ओर इशारा कर रहे हैं। हूतियों ने चेतावनी दी है कि जब तक गाजा में सैन्य कार्रवाई नहीं रुकती, उनके हमले जारी रहेंगे।

## पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ की गीदड़ भभकी

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को भारत को गीदड़भभकी देते हुए कहाकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुस्साहस की कोशिश का जवाब कोलकाता में हमले से दिया जाएगा। आसिफ ने लाहौर से लगभग 130 किलोमीटर दूर अपने गृहनगर सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए कहाकि अगर भारत इस बार हमें जिम्मेदार ठहरा कर कोई (सैन्य) ऑपरेशन करने की कोशिश करता है, तो हम कोलकाता तक निशाना साधेंगे। आसिफ ने दावा किया कि ऐसी खबरें हैं कि उनके (भारत) अपने लोगों या पाकिस्तानियों के माध्यम से एक झूठ भरे अभियान की योजना बनाई गई, जिसमें कुछ शवों को कहीं डाल कर यह कहा गया कि वे आतंकवादी थे और उन्होंने ऐसा-ऐसा किया है। हालांकि, उन्होंने अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। गुरुवार को आसिफ ने कहा था कि किसी भी हमले पर पाकिस्तान की प्रतिक्रिया त्वरित, सुनियोजित और निर्णायक होगी। आसिफ भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणियों का जवाब दे रहे थे, जिन्होंने पहले कहा था कि मौजूदा स्थिति में भारत के पड़ोसी देश की ओर से कोई भी दुस्साहस अभूतपूर्व और निर्णायक कार्रवाई को आमंत्रित करेगा। पिछले साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले के परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच चार दिनों तक संघर्ष चला था।

# इस साल 19 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा

## गैर सनातनी को मंदिर में प्रवेश नहीं मिलेगा, मोबाइल फोन, तस्वीर और रील पर पाबंदी रहेगी



**देहरादून, एजेंसी।** इस साल 19 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी का कहना है कि यात्रा की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि चारधाम में गैर सनातनियों के प्रवेश पर सख्ती के साथ प्रतिबंध लागू कराया जाएगा। मोबाइल, कैमरों से फोटो, वीडियो और रील बनाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि चारधाम यात्रा को लेकर सभी तैयारियां हो गई हैं। सारी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं के दर्शनों को सुलभ बनाने के लिए वीडियो रील बनाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। अब मंदिर परिसरों के 70 मीटर के दायरे में फोन ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निर्णय मंदिर की गरिमा एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखकर लिया गया है।

गैर सनातनियों के प्रवेश पर प्रतिबंध को लेकर सख्ती बरती जाएगी। उनके अनुसार, अभी तक चारधाम में 11,68,644 पंजीकरण हो चुके हैं। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने यह भी जानकारी दी कि विभागीय वेबसाइट से जल्द ही पूजा की बुकिंग शुरू कर दी जाएगी। इससे श्रद्धालु घर बैठे ही अपनी पूजा की व्यवस्था सुनिश्चित कर सकेंगे। वहीं, श्रद्धालुओं के लिए विश्राम गृहों में बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस बार दर्शन व्यवस्था को अधिक सरल और सुगम बनाया जाएगा। इस साल चारधाम यात्रा में गैर सनातनियों की एंट्री बैन को लेकर मामला तब गर्माया, जब बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी से सारा अली खान को लेकर सवाल किया गया था। सारा अली खान बॉलीवुड अभिनेत्री हैं और लगातार बाबा केदार के धामों की यात्रा के लिए उत्तराखंड आती रहती हैं। उन्होंने 20 किलोमीटर की कठिन रुद्रनाथ यात्रा से लेकर 14 किलोमीटर की केदारनाथ यात्रा की है। हेमंत द्विवेदी ने गैर सनातनियों को लेकर स्पष्ट कहा है कि अगर किसी दूसरे धर्म के व्यक्ति में सनातन के प्रति आस्था है तो उसे प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। जानकारी के अनुसार, चारधाम यात्रा के कपाट अप्रैल माह में खुलने जा रहे हैं। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर खुलेंगे। केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को सुबह करीब 8 बजे और बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को ब्रह्म मुहूर्त में सुबह लगभग 6:15 बजे खुलेंगे।

# मुख्यमंत्री के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई एक दिन जनता से मांगेंगे माफी : राहुल गांधी

एजेंसी



**बिश्वनाथ (असम)।** लोकसभा सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को असम के बिश्वनाथ में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और एक दिन ऐसा आएगा जब उन्हें असम की जनता के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगनी पड़ेगी। अपने भाषण की शुरूआत में राहुल गांधी ने असम की सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि श्रीमंत शंकरदेव, अजान फकीर, जुबीन गर्ग और तरुण गोगोई की है। उन्होंने कहा कि जुबीन गर्ग ने हमेशा समाज को जोड़ने का काम किया और कभी किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि असम को एटीएम की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। राज्य की जमीन उद्योगपतियों जैसे गौतम अडानी और बाबा रामदेव को दी जा रही है, जबकि यह जमीन असम के लोगों और किसानों की है।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जब चाहें प्रधानमंत्री मोदी का राजनीतिक करियर खत्म कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने नरेन्द्र मोदी और अमित शाह पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। राहुल गांधी ने भाजपा पर छह समुदायों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने के वादे को पूरा न करने का भी आरोप लगाया। कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने पर इस वादे को पूरा करेगी। सभा में कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने स्वागत भाषण दिया।

# व्यक्तिगत टिप्पणी के चलते कमेंट्री बॉक्स से दूर हुए युवराज सिंह

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने कमेंट्री नहीं करने की वजह का खुलासा किया है। हाल ही में स्पोर्ट्स तक से बातचीत में युवराज ने बताया कि वह कमेंट्री बॉक्स में इसलिए नहीं बैठना चाहते क्योंकि कुछ लोगों ने उनके खेल की बजाय उन पर व्यक्तिगत टिप्पणियां की थीं। इसी वजह से उन्होंने कमेंट्री से दूरी बनाए रखने का फैसला किया।

### जिन लोगों ने पर्सनल कमेंट किए, उनके साथ नहीं बैठ सकता

युवराज सिंह ने खुलकर कहा, अब जब मैं रिटायर हो चुका हूं तो मैं यह कहना चाहता हूं कि कुछ लोगों ने मेरे क्रिकेट पर नहीं, बल्कि मुझ पर पर्सनल कमेंट किए। क्रिकेट पर बात करना समझ में आता है, क्योंकि वह खेल का हिस्सा है। लेकिन जब बात पर्सनल हो जाती है तो वो बातें हमेशा याद रहती हैं। मैं उन लोगों के साथ बैठकर कमेंट्री नहीं करना चाहता जिन्होंने मेरे ऊपर पर्सनल कमेंट किए। यही वजह है कि मैं कमेंट्री नहीं करता। कमेंट्री क्रिकेट के बारे में बात करने के लिए शानदार प्लेटफॉर्म है, लेकिन यह एक कारण है जिसकी वजह से मैं इससे दूर हूं।



### कमेंट्री की जगह कोचिंग और बिजनेस पर फोकस

युवराज सिंह के कई पूर्व साथी खिलाड़ी आज कमेंट्री कर रहे हैं, लेकिन युवराज ने इस रास्ते की बजाय कोचिंग और अपने बिजनेस पर ध्यान देना चुना है। वह युवा खिलाड़ियों के साथ काम कर रहे हैं और उन्हें आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं।

- **युवा खिलाड़ियों के मेंटर बने युवराज** –युवराज सिंह पंजाब के युवा खिलाड़ियों जैसे अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह के करियर में मेंटर की भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने संजू सैमसन की भी मुश्किल दौर में काफी मदद की थी, जब वह लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। युवराज ने बताया, संजू सैमसन 8-10 पारियों में रन नहीं बना पा रहा था और लगातार फेल हो रहा था। ऐसे समय पर आपको खुद से कहना पड़ता है कि कुछ बदलना होगा। वह उस स्टेज पर पहुंच गया था जहां उसे लग रहा था कि टीम की प्लेइंग इलेवन में उसकी जगह नहीं बन रही है। मैंने 2-3 आईपीएल सीजन से उसकी बल्लेबाजी देखी थी, इसलिए मैंने उससे बात की।
- **सैमसन को दी थी फुटवर्क सुधारने की सलाह** – युवराज ने बताया कि उन्होंने संजू सैमसन को तकनीकी रूप से फुटवर्क सुधारने की सलाह दी थी। मैंने संजू से कहा कि तुम्हें अपना फुटवर्क सुधारना होगा। अगर फुटवर्क अच्छा नहीं होगा तो तुम्हें लगातार परेशानी होगी। रन बनाना अलग बात है, लेकिन फुटवर्क सुधारना बहुत जरूरी है। मैंने उसे फुटवर्क सुधारने के कुछ तरीके भी बताए।

## हैदराबाद ने बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ आईपीएल मैच में शर्मनाक रिकॉर्ड की सूची में अपनी जगह बना ली है। हैदराबाद ने आईपीएल के पहले 10 ओवर में चौथा सबसे कम



स्कोर बना दिया है। हैदराबाद ने 10 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 35 रन बनाए जिसमें ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), लियाम लिविंगस्टोन के विकेट शामिल थे। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स (पहले किंग्स इलेवन पंजाब) के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में 2015 में आईपीएल के पहले 10 ओवर में 32/4 का स्कोर बनाया था। वहीं इस शर्मनाक रिकॉर्ड की लिस्ट में राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ केप टाउन में 2009 में 32/5 का स्कोर बनाया था। वहीं आईपीएल में पहले 10 ओवर में सबसे कम स्कोर कोलकाता नाइट राइडर्स ने साल 2009 में डेकन चार्जर्स (बंद हो चुकी) के खिलाफ 31/3 का स्कोर बनाया था।

## सीएसके ने कर दी बड़ी गलती, समीर रिजवी लगातार 2 मैच जिताकर बने दिल्ली कैपिटल्स के हीरो



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में समीर रिजवी शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेलते हुए रिजवी ने लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच जीतकर टीम को जीत दिलाई है। उनकी शानदार बल्लेबाजी ने उन्हें सीजन का बड़ा मैच विनर बना दिया है। समीर रिजवी को आईपीएल 2024 की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने 8.4 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन एक साल बाद उन्हें रिलीज कर दिया गया। इसके बाद देहली केपीटल्स ने उन्हें सिर्फ 95 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल कर लिया। अब वही खिलाड़ी दिल्ली के लिए मैच विनर साबित हो रहा है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस सीएसके को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 163 रनों का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम मुश्किल में थी, लेकिन रिजवी ने 51 गेंदों पर 90 रनों की शानदार पारी खेलकर मैच पलट दिया। अपनी पारी में उन्होंने 7 चौके और 7 छक्के लगाए। इससे पहले उन्होंने लखनऊ के खिलाफ नाबाद 70 रन बनाए थे। लगातार दो मैचों में शानदार प्रदर्शन के दम पर अब रिजवी ऑरेंज कैप होल्डर बन गए हैं। अपनी सफलता पर रिजवी ने कहा, मुझे तेज गेंदबाजों के खिलाफ पहले दिक्कत होती थी, इसलिए मैंने पूरे साल उसी पर मेहनत की। अब मैं मैच की स्थिति के हिसाब से बल्लेबाजी करने की कोशिश करता हूं और टीम के लिए मैच खत्म करना चाहता हूं।



## आईपीएल : चिन्नास्वामी में आरसीबी का तूफान, सीएसके पर 43 रन से शानदार जीत

एजेंसी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2026 के 11वें मुकाबले में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने दमदार प्रदर्शन करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 43 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस हार के साथ सीएसके को लगातार तीसरी पराजय का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी की शुरूआत धीमी रही, लेकिन बाद के ओवरों में टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 20 ओवर में 250 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की पारी में कुल 19 छक्के और 14 चौके लगे, जिससे दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हुआ। शुरूआती चरण में विराट कोहली (28) और फिल साल्ट (46) ने टीम को मजबूत आधार दिया। इसके बाद शानदार फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल (50) ने लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ते हुए पारी को गति दी। अंतिम ओवरों में कप्तान रजत पाटीदार और टिम डेविड (25 गेंदों में 70 रन) ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए आखिरी पांच ओवर में 97 रन जोड़कर स्कोर 250 तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरूआत खराब रही। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (7) और संजू सैमसन (9) जल्दी आउट हो गए। टीम ने 30 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिए थे। इस दौरान सरफराज खान (50) ने कुछ संघर्ष जरूर किया। मध्यक्रम में कृणाल पांड्या ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर मैच को पूरी तरह आरसीबी की ओर मोड़ दिया। इसके बाद भुवनेश्वर कुमार ने 3 अहम विकेट लेकर सीएसके की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अंत में प्रशांत वीर (43) और जेमी ओवरटन (37) ने संघर्ष किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। सीएसके की पूरी टीम 19.4 ओवर में 207 रन पर ऑलआउट हो गई। आरसीबी की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने 3 विकेट लिए, जबकि लुकी डफी, कृणाल पांड्या और अभिनंदन सिंह ने 2-2 विकेट झटके।

## 43 साल की उम्र में कमाल!

### फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एंडरसन की घातक गेंदबाजी



### 56वीं बार पारी में पांच विकेट झटके

**लंदन (एजेंसी)।** क्रिकेट में अक्सर उम्र के साथ खिलाड़ियों की धार कम होती दिखती है, लेकिन कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो इस धारणा को पूरी तरह गलत साबित कर देते हैं। इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज सर जेम्स एंडरसन उन्हीं में से एक हैं, जिन्होंने 43 साल की उम्र में भी अपनी स्विंग और सटीकता से बल्लेबाजों को परेशान करना जारी रखा है। काउंटी क्रिकेट में एंडरसन ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए पारी में पांच विकेट झटके। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का 56वां पांच विकेट हॉल है। लंकाशायर की ओर से खेलते हुए उन्होंने नॉर्थैम्पटनशायर के खिलाफ यह कारनामा किया। एंडरसन ने 13 ओवर में 64 रन देकर पांच विकेट हासिल किए और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

- **बल्लेबाजों पर टूटा कहर** – एंडरसन की गेंदबाजी के आगे विपक्षी बल्लेबाज टिक नहीं पाए। उन्होंने टॉप और मिडिल ऑर्डर को झकझोरते हुए अहम विकेट निकाले। उनकी स्विंग और लाइन-लेंथ इतनी सटीक थी कि बल्लेबाजों के पास जवाब नहीं था। खास बात यह रही कि इस उम्र में भी उनकी फिटनेस और रिदम बिल्कुल युवा गेंदबाजों जैसी नजर आई।
- **अनुभव बना सबसे बड़ा हथियार** – 43 साल की उम्र में इस तरह का प्रदर्शन दिखाता है कि एंडरसन का अनुभव ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। लंबे समय तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने का फायदा उन्हें हर गेंद में नजर आता है। उनका यह प्रदर्शन युवा गेंदबाजों के लिए भी सीख है कि सिर्फ रफ्तार ही नहीं, बल्कि कंट्रोल और निरंतरता भी उतनी ही जरूरी है।
- **करियर में लगातार ऊंचाई** – जेम्स एंडरसन पहले ही दुनिया के महान तेज गेंदबाजों में गिने जाते हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके रिकॉर्ड्स शानदार हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी वह लगातार अपनी छाप छोड़ रहे हैं। 56वीं बार पारी में पांच विकेट लेना इस बात का सबूत है कि उनकी धार अभी भी कम नहीं हुई है। जेम्स एंडरसन का यह प्रदर्शन बताता है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है। सही फिटनेस, अनुभव और अनुशासन के दम पर खिलाड़ी लंबे समय तक शीर्ष स्तर पर खेल सकता है।

## बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड में उथल-पुथल, तीन निदेशकों ने दिया इस्तीफा

**ढाका (एजेंसी)।** ढाका में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की बैठक हुई। बैठक के बाद बीसीबी को बड़ा झटका लगा। कुछ ही घंटों के भीतर तीन निदेशकों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। फैयाजुर रहमान, शानियान तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। बीसीबी में चुनाव के छह महीने से भी कम समय में इस्तीफा देने वाले निदेशकों की संख्या बढ़कर छह हो गई है, जो चिंताजनक है। इससे पहले जनवरी में इश्तियाक सादिक ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ा था। वहीं, पिछले महीने अमजद हुसैन को मीडिया अध्यक्ष पद से हटाए जाने के कुछ दिन बाद उन्होंने भी इस्तीफा दे दिया। गुरुवार को सरकार द्वारा नामित निदेशक यासिर मोहम्मद फैसल ने भी पद छोड़ा था। इसके बाद शनिवार को हुए तीन इस्तीफों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। शनिवार की मीटिंग की अध्यक्षता बीसीबी अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम ने की। मीटिंग में ऐसा क्या हुआ जिसकी वजह से तीनों निदेशक इस्तीफा देने पर मजबूर हुए, इसका खुलासा नहीं हुआ है। मीटिंग के बाद नए मीडिया विभाग के नए अध्यक्ष मोहम्मद मोक्सेडुल कमाल ने बताया कि उन्हें भी फैयाजुर के इस्तीफे की जानकारी मीडिया के जरिए ही मिली। उन्होंने कहा कि बोर्ड में इस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई और इस्तीफा देने वालों ने अपने फैसले को व्यक्तिगत कारणों से जोड़ा है। फैयाजुर ने हाल ही में ढाका लीग के संचालन में बीसीबी की कथित निष्क्रियता की आलोचना की थी। यह आंतरिक असंतोष की ओर इशारा करता है। लगातार इस्तीफों के बीच बीसीबी का माहौल पहले से ही दबाव में है। सरकार द्वारा पिछले साल अक्टूबर में हुए चुनावों की जांच कराई जा रही है, और रिपोर्ट जल्द ही खेल मंत्रालय को सौंपी जा सकती है। खेल मंत्री अमिनुल हक ने यह भी संकेत दिया है कि एक अलग कमेटी बनाई जा सकती है, जो यह जांच करेगी कि बांग्लादेश टीम ने हाल ही में हुए टी20 विश्व कप में हिस्सा क्यों नहीं लिया।



## गिल का न होना गुजरात टाइटंस के लिए बड़ा झटका था : अश्विन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में साई सुदर्शन की पारी पर बात की और कहा कि जिस तरह से सुदर्शन ने अपनी पारी की शुरुआत की उससे पता चलता है कि वह अपनी ताकत को अच्छी तरह समझते हैं। सुदर्शन ने सिर्फ 44 गेंदों में 73 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन यह काफी नहीं था, क्योंकि टाइटन्स ने अहम मौकों पर विकेट गंवा दिए जिससे शनिवार शाम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इस सीजन के अपने पहले घरेलू मैच में उन्हें दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। अश्विन ने जियोस्टार पर कहा, साई सुदर्शन जानते थे कि शुभमन आज नहीं खेल रहे हैं, इसलिए उन्हें खुद ही मोर्चा संभालना था। जिस तरह से उन्होंने शुरुआत की, उससे पता चलता है कि वह अपनी ताकत को समझते हैं। उन्होंने गेंद की गति का अच्छा इस्तेमाल किया, गेंद को थर्ड मैन की तरफ मोड़ा, और फिर फ्रंट फुट पर कुछ अच्छे कवर ड्राइव खेले। जडेजा के आते ही उन्होंने तुरंत उन पर प्रहार किया, गेंद की गति का फायदा उठाया, और उसके बाद एक स्लॉग स्वीप भी खेला। मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गिल आरआर के खिलाफ तज्ञ का मैच नहीं खेल पाए थे और उनकी



गैरमौजूदगी में राशिद खान ने टीम की कप्तानी की। अश्विन को लगता है कि जब गिल वापस आएंगे, तो सुदर्शन के साथ उनकी ओपनिंग जोड़ी तज्ञ को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने आगे कहा, ये सुदर्शन के मजबूत पक्ष हैं, जिन पर वह भरोसा करते हैं और उन्हें इसके नतीजे भी मिले। उन्हें इसी तरह खेलना होगा, पारी को आगे बढ़ाना होगा, लेकिन एक अच्छी गति से। गुजरात टाइटन्स के लिए शुभमन गिल का न होना एक बड़ा झटका था। इसलिए जाहिर है कि जब शुभमन वापस आएंगे, तो यह ओपनिंग जोड़ी एक बार फिर उनके लिए आगे बढ़ने की कुंजी साबित होगी।



## 154 की रफ्तार वाला नया तूफान

### गुजरात के गेंदबाज अशोक शर्मा ने आईपीएल 2026 में डाली सबसे तेज गेंद, मचा दी सनसनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में एक नया तेज गेंदबाज चर्चा का केंद्र बन गया है। उस गेंदबाज का नाम है अशोक शर्मा। गुजरात टाइटंस के इस युवा पेसर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में 150 किमी/घंटा की रफ्तार को दो बार पार किया। उन्होंने 16वें ओवर में पहले डोनोवन फरेरा के खिलाफ 150.7 किमी/घंटा की गेंद डाली, फिर आखिरी गेंद पर ध्रुव जुरेल को 154.2 किमी/घंटा की रफ्तार से चौंका दिया। यह आईपीएल 2026 की अब तक की सबसे तेज गेंद है।

**टॉप स्पीड में भी टक्कर** – अशोक शर्मा की यह गेंद उन्हें इस सीजन का सबसे तेज गेंदबाज बना देती है। दूसरे नंबर पर एनरिक नॉर्त्जे (150.9 किमी/घंटा) हैं। सिर्फ अपने दूसरे आईपीएल मैच में अशोक ने लगातार 145+ की स्पीड से गेंदबाजी कर संकेत दे दिया है कि वे भविष्य के बड़े स्टार बन सकते हैं।

**रफ्तार के साथ जोखिम भी** – अशोक शर्मा की रफ्तार ने सभी को प्रभावित किया है, लेकिन लगातार तेज गेंदबाजी के साथ चोट का खतरा भी बढ़ता है। पहले मयंक यादव और उमरान मलिक जैसे गेंदबाजों के साथ फिटनेस की समस्याएं सामने आ चुकी हैं। ऐसे में टीम मैनेजमेंट को उनके वर्कलोड पर खास ध्यान देना होगा, वरना यह रफ्तार लंबे समय तक टिक नहीं पाएगी। अशोक शर्मा ने अपनी रफ्तार से आईपीएल 2026 में धमाकेदार एंट्री की है। हालांकि, केवल स्पीड ही नहीं, निरंतरता और फिटनेस भी उनके करियर के लिए उतनी ही अहम होंगी।

# देश के बंदरगाहों ने रचा इतिहास, 915.17 मिलियन टन कार्गो हैंडलिंग के साथ निर्धारित लक्ष्य को किया पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के बंदरगाहों ने वित्त वर्ष 2025-26 में 915.17 मिलियन टन कार्गो का आदान-प्रदान कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह पिछले वर्ष के 854.86 मिलियन टन के मुकाबले 7.06 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह है कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 904 मिलियन टन के लक्ष्य को भी पार कर लिया गया है। यह उपलब्धि बंदरगाहों की बढ़ती क्षमता, परिचालन दक्षता, बेहतर लॉजिस्टिक्स और आधुनिक बुनियादी ढांचे का परिणाम मानी जा रही है। इससे भारत के समुद्री क्षेत्र की मजबूती और वैश्विक व्यापार में उसकी बढ़ती भूमिका स्पष्ट होती है। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के अनुसार, यह वृद्धि सरकार की पोर्ट-आधारित विकास नीति, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और डिजिटल पहलों के कारण संभव हुई है। मंत्रालय ने बताया कि कार्गो हैंडलिंग क्षमता में सुधार और आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल से



बंदरगाहों का प्रदर्शन बेहतर हुआ है।

केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने इस उपलब्धि को सरकार के निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दीनदयाल उपाध्याय बंदरगाह 160.11 मिलियन टन कार्गो के साथ शीर्ष स्थान पर रहा। इसके बाद पारादीप बंदरगाह (156.45 मिलियन टन) और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (102.01 मिलियन टन) का स्थान रहा। अन्य प्रमुख बंदरगाहों में विशाखापट्टनम बंदरगाह (91.16 मिलियन टन), मुंबई बंदरगाह (75.14 मिलियन टन), चेन्नई बंदरगाह (57.90 मिलियन टन) और न्यू मंगलौर बंदरगाह (50.04 मिलियन टन) शामिल हैं। कोलकाता बंदरगाह का कुल कार्गो 70.87 मिलियन टन रहा, जिसमें कोलकाता डॉक सिस्टम (19.01 मिलियन टन) और हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (51.85 मिलियन टन) शामिल हैं। इसके अलावा कामराजार बंदरगाह (49.08 मिलियन टन), वीओ चिदंबरनार बंदरगाह (43.31 मिलियन टन) और कोचीन बंदरगाह (38.06 मिलियन टन) का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। वृद्धि दर के लिहाज से मोरमुगाओ बंदरगाह ने 15.91 प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा कोलकाता डॉक सिस्टम (14.28 प्रतिशत), जेएनपीए (10.74 प्रतिशत), विशाखापट्टनम (10.34 प्रतिशत) और मुंबई बंदरगाह (9.50 प्रतिशत) में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। मंत्रालय के अनुसार, यह वृद्धि कोयला, कच्चा तेल, कंटेनर, उर्वरक और पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती मांग, बेहतर कनेक्टिविटी और डिजिटल सुधारों के कारण संभव हो पाई है।

## पश्चिम एशिया युद्ध से लुढ़के शेयर बाजार में छिपे हैं 80 'जेम' स्टॉक्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले को एक महीने से ज्यादा हो गए हैं। इससे भारत समेत दुनियाभर के शेयर बाजार सहम गए हैं। काफी निवेशकों की बड़ी रकम डूब गई है। भारतीय शेयर बाजार में आई तेज गिरावट के बाद अब ब्रोकरेज हाउस इसे निवेश का मौका मान रहे हैं। कई ब्रोकरेज फर्मों ने करीब 80 शेयरों को 'वैल्यू बाय' के रूप में चिन्हित किया है। हालिया गिरावट में बाजार करीब 8 से 10 प्रतिशत तक टूट चुका है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, युद्ध की आशंका और कंपनियों की कमाई पर दबाव ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक कोटक इक्विटीज का मानना है कि बाजार या तो लंबे युद्ध को लेकर चिंतित है या फिर अल्पकालिक झटकों को स्थायी मान रहा है। ब्रोकरेज को उम्मीद है कि तनाव कुछ हफ्तों तक रहेगा, लेकिन तेल के बुनियादी ढांचे को स्थायी नुकसान नहीं होगा।

**इन शेयरों में तेजी की उम्मीद:** ब्रोकरेज हाउसों ने विभिन्न सेक्टरों से उन शेयरों को चुना है जिनमें रिकवरी की मजबूत संभावना है। इन्होंने कंजम्प्शन, डिजिटल और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के शेयरों को प्राथमिकता दी है। दिसंबर 2026 तक निफ्टी का लक्ष्य 29,000 बरकरार रखा है। उन्हें उम्मीद है अर्निंग्स ग्रोथ 15 प्रतिशत के आसपास रहेगी। कच्चे तेल की कीमतें अभी भी सबसे बड़ा जोखिम हैं। अगर युद्ध लंबा खिंचता है, तो मुद्रास्फीति और कंपनियों के मार्जिन पर दबाव बढ़ सकता है।

## एलपीजी के बीच सरकार आपके किचन में करने जा रही है बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया यानी मिडिल ईस्ट में तनाव का असर भारत की ईंधन सप्लाई पर भी पड़ा है। देश में कच्चे तेल और रसोई गैस यानी एलपीजी की दिक्कत पैदा हो गई है। सबसे ज्यादा असर एलपीजी पर देखा जा रहा है। इस बीच केंद्र सरकार ने इंडक्शन हीटर के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए कदम तेज कर दिए हैं। यह कदम रसोई गैस पर निर्भरता कम करने के लिए उठाया गया है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने गुरुवार को एक उच्चस्तरीय अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य देश के भीतर इंडक्शन हीटर और उससे संबंधित बर्तनों के प्रोडक्शन को बड़े पैमाने पर बढ़ाने के लिए रणनीति तैयार करना था।

बैठक में सचिव अमरदीप सिंह भाटिया, पावर सचिव पंकज अग्रवाल और डीजीएफटी प्रमुख लव अग्रवाल समेत कई मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। चर्चा का मुख्य केंद्र इंडक्शन आधारित उपकरणों और उनसे जुड़ी क्रॉकरी की पूरी मैन्युफैक्चरिंग चेन को गति देना था। देश भर में पीएनजी अपनाने को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। ये भविष्य में एलपीजी के बोझ को कम करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कदम बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की बैठक के बाद उठाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने मंत्रालयों को 'भविष्य को देखने और आज ही योजना बनाने' का निर्देश दिया है, ताकि अनिश्चित भू-राजनीतिक स्थितियों से निपटा जा सके।

**इन विकल्पों पर काम कर रही सरकार-** सरकार को आशंका है कि अगर मिडिल ईस्ट में संघर्ष लंबा खिंचता है, तो कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। भारत अपना कच्चा तेल और एलपीजी जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय पाइप वाली प्राकृतिक गैस के कवरेज को बढ़ाने पर काम कर रहा है ताकि एलपीजी पर निर्भरता कम हो सके। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम न सिर्फ मौजूदा संकट से निपटने में मदद करेगा, बल्कि लंबे समय में ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत करेगा।

**सप्लाई चेन की समीक्षा:** अधिकारियों ने पेट्रोकेमिकल उत्पादों और गनी बैग (बोरी) की सप्लाई चेन की भी समीक्षा की है। डर है कि यदि मध्य पूर्व में संघर्ष लंबा खिंचता है, तो इनकी उपलब्धता प्रभावित हो सकती है।

## टोल प्लाजा पर बंद होगी कैश पेमेंट नेशनल हाईवेज पर 10 अप्रैल से चलेगा केवल फास्टैग और यूपीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में नेशनल हाईवेज पर पेमेंट का तरीका अब पूरी तरह बदलने जा रहा है। 10 अप्रैल से टोल प्लाजा पर कैश पेमेंट पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा और केवल फास्टैग तथा यूपीआई से ही पेमेंट किया जा सकेगा। इस तरह टोल प्लाजा पर पेमेंट का




सिस्टम पूरी तरह डिजिटल मोड में आ जाएगा। एक सरकारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि 10 अप्रैल से पूरे देश में नेशनल हाईवे पर केवल डिजिटल टोलिंग सिस्टम की सुविधा होगी। सरकार ने सभी नेशनल हाईवे फीस प्लाजा पर कैश ट्रांजेक्शन को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने का प्रस्ताव दिया था। अब इसे पूरी तरह लागू किया गया है। डिजिटल टोलिंग ईकोसिस्टम बनाने और पूरे नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए यह बदलाव किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पहले ही कहा था कि टोल पेमेंट को केवल डिजिटल तरीकों से प्रोसेस्ड किया जाएगा।

**क्या होगा फायदा:** प्राधिकरण का कहना है कि इस बदलाव से टोल प्लाजा पर भीड़भाड़ कम होगी, पेमेंट में ज्यादा पारदर्शिता आएगी और लोगों का सफर आसान होगा। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे पर 1,150 से अधिक टोल प्लाजा हैं। एनएचएआई का कहना है कि टोल प्लाजा के पूरी तरह डिजिटल पेमेंट्स पर शिफ्ट होने से ट्रैफिक में आसानी होगी और सफर करने वालों को बेहतर अनुभव मिलेगा।

**यूपी में बढ़ा टोल:** इस बीच एनएचएआई और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने टोल के रेट्स में बढ़ोतरी की है। ये रेट्स यूपी में नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे पर लागू होंगी। नेशनल हाईवे पर पैसेंजर कार के लिए टोल 10 फीसदी बढ़ाया गया है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे के लिए रेट्स में 1.5 प्रतिशत से 3.5 प्रतिशत तक बढ़ाए गए हैं। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर कार और स्कू के लिए इसे 665 रुपये से बढ़ाकर 675 रुपये कर दिया गया है। दोपहिया वाहन से सफर करने वालों को 330 रुपये के बजाय अब 335 रुपये देने होंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर कार के लिए टोल 10 रुपये बढ़ाकर 295 रुपये और दोपहिया वाहनों के लिए 5 रुपये बढ़ाकर 145 रुपये कर दिया गया है। कमर्शियल वाहनों को भी अब ज्यादा टोल देना होगा।

## पाकिस्तान में 458 रुपये में बिक रहा पेट्रोल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज फिर कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये प्रति लीटर के रेट से बिक रहा है। वहीं, डीजल का रेट दिल्ली में आज शनिवार को 87.67 रुपये प्रति लीटर है। बता दें, दुनिया भर में इस समय पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आग लगी हुई है। कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी की वजह से दुनिया भर में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। हालांकि, घरेलू स्तर पर भारत सरकार ने आम-आदमी को अबतक इससे बचा कर रखा है।

**पाकिस्तान में 458 रुपये प्रति लीटर बिक रहा पेट्रोल:** पाकिस्तान सरकार ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों को बढ़ाने की घोषणा की। पेट्रोल और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमतों में क्रमशः 43 प्रतिशत और 55 प्रतिशत की भारी बढोतरी की है। इस फैसले के तहत, पेट्रोल की कीमत 321.17 रुपये से 137.23 रुपये प्रति लीटर (करीब 42.7 प्रतिशत) बढ़ाकर 458.41 रुपये प्रति लीटर कर दी गई। वहीं, हाई स्पीड डीजल की कीमत 335.86 रुपये से 184.49 रुपये प्रति लीटर (करीब 55 प्रतिशत) बढ़ाकर 520.35 रुपये प्रति लीटर कर दी गई। ये नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। इसके साथ, केरोसिन तेल की कीमत भी 34.08 रुपये प्रति लीटर बढ़ाकर 457.80 रुपये कर दी गई है।

### देश के अलग-अलग शहरों में किस रेट पर बिक रहा पेट्रोल

दिल्ली - 94.77 रुपये मुंबई - 104.21 रुपये कोलकाता - 103.94 रुपये चेन्नई - 100.75 रुपये अहमदाबाद - 94.49 रुपये बेंगलुरू - 102.92 रुपये हैदराबाद - 107.46 रुपये जयपुर - 104.72 रुपये लखनऊ - 94.69 रुपये पुणे - 104.04 रुपये चंडीगढ़ - 94.30 रुपये इंदौर - 106.48 रुपये

**डीजल का क्या है अलग-अलग शहरों में रेट-** मुंबई - 92.15 रुपये कोलकाता - 90.76 रुपये चेन्नई - 92.34 रुपये अहमदाबाद - 90.17 रुपये बेंगलुरू - 89.02 रुपये हैदराबाद - 95.70 रुपये जयपुर - 90.21 रुपये लखनऊ - 87.80 रुपये पुणे - 90.57 रुपये चंडीगढ़ - 82.45 रुपये इंदौर - 91.88 रुपये पटना - 93.80 रुपये पिछले दिनों प्रीमियम पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इंडियन ऑयल ने इजाफा किया था। जिसके बाद दिल्ली में एक्सपी100 पेट्रोल का रेट 149 रुपये से बढ़कर 160 रुपये प्रति लीटर के स्तर पर और एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल का रेट 91.49 रुपये से 92.99 रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

## पेनी स्टॉक ने निवेशकों को 5 साल में किया मालामाल, कभी 2 रुपये से कम था शेयरों का भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार ने पिछले कुछ सालों में कई मल्टीबैगर स्टॉक बनाए हैं। जिन्होंने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। इन्हीं मल्टीबैगर स्टॉक में से वन प्वाइंट वन सॉल्यूशंस भी है। 2021 से इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। इस पेनी स्टॉक ने 1 लाख रुपये के इन्वेस्टमेंट पर 26 लाख रुपये का रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में उछाल का सिलसिला मार्च 2021 से शुरू हुआ था। यह जुलाई 2024 तक जारी रहा। इस पीरियड में पेनी स्टॉक की कीमतों में 3946 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, यह वही दौर है जब के शेयरों का भाव 77.50 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। इस कंपनी ने निवेशकों को सिर्फ मालामाल नहीं बनाया है। मार्केट कैप 1200 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। बता दें, पेनी स्टॉक की लिस्टिंग 2017 में हुई थी। शेयरों का भाव बीएसई में 1.75 रुपये था। अब स्टॉक का भाव 45.64 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया। यानी कंपनी के शेयरों की कीमतों में 2508 प्रतिशत की तेजी आई है। कंपनी का 52 वीक हाई 69.99 रुपये है। कंपनी का 52 वीक लो वेल 40.58 रुपये है। अपने निवेशकों को एक बार बोनस शेयर दिया है। एनएसई के डाटा के अनुसार 2 रुपये के फेस वैल्यू वाले दो शेयर पर एक शेयर कंपनी ने बोनस के तौर पर दिया था। कंपनी शेयर में 18 जनवरी 2022 को एक्स-बोनस ट्रेड की थी।

## नौकरी करनेवालों की फेवरेट स्कीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नौकरीपेशा लोगों के बीच लोकप्रिय पब्लिक प्रोविडेंट फंड में निवेश करते हैं तो ये खबर आपके काम की हो सकती है। दरअसल, इस स्कीम के निवेशकों के लिए हर महीने की 5 तारीख




काफी अहम है। इस तारीख तक आपने पीपीएफ अकाउंट में पैसे जमा कर दिए तो उस महीने का ब्याज का फायदा आपको मिलेगा। अगर आप यह समय सीमा चूक जाते हैं तो उस महीने का ब्याज नहीं मिलेगा। कहने का मतलब है कि हर महीने की 5 तारीख से पहले अकाउंट में निवेश करने से आपको अपना रिटर्न ज्यादा से ज्याद करने में मदद मिलती है। आपके अकाउंट में जमा पैसे पर 7.1 प्रतिशत ब्याज मिलता है। सरकार हर साल ब्याज दर तय करती है और 31 मार्च को इसे आपके अकाउंट में जोड़ देती है लेकिन इसकी गणना हर महीने की जाती है। अगर आप हर महीने की 5 तारीख से पहले अपने अकाउंट में निवेश करते हैं तो आपकी जमा राशि को उस महीने के ब्याज की गणना में शामिल किया जाएगा। ऐसे में जो निवेशक में एकमुश्त निवेश करने की सोच रहे हैं उन्हें 5 अप्रैल से पहले ऐसा करना चाहिए। वहीं, मासिक किस्तों में भी यही नियम लागू होता है। आपको हर महीने की 5 तारीख से पहले पैसे जमा कर देने चाहिए। यह योजना सरकारी गारंटी वाली है, जिसमें कोई बाजार जोखिम नहीं होता और इसमें टैक्स लाभ भी मिलता है। योजना में न्यूनतम 500 और अधिकतम 1.5 लाख प्रति वित्तीय वर्ष (1 अप्रैल से 31 मार्च) तक जमा किया जा सकता है।



## 41 वाले शेयर में 47 प्रतिशत से ज्यादा उछाल का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी सैगिलिटी इंडिया के शेयर भले ही अभी सुस्त हों लेकिन इसमें बढ़त की संभावना है। यह अनुमान दो बड़े ब्रोकरेज का है। एक ब्रोकरेज नोमुरा है तो दूसरा मोतीलाल ओसवाल है। इन दोनों ब्रोकरेज ने शेयर को खरीदने की सलाह दी है। आइए जानते हैं शेयर की वर्तमान कीमत और टारगेट प्राइस। ब्रोकरेज नोमुरा ने कंपनी पर कवरेज शुरू करते हुए उसे बाय रेटिंग दी है और उसका टारगेट प्राइस 55 रुपये तय किया है। यह 47 प्रतिशत से अधिक के रिटर्न मिलने का संकेत दे रहा है। इसके अलावा, मोतीलाल ओसवाल ने इस स्टॉक के लिए अपनी बाय की सिफ़ारिश दोहराई है और इसका टारगेट प्राइस 58 रुपये तय किया है, जिससे 45 प्रतिशत तक की बढ़त की गुंजाइश बनती है। शेयर की वर्तमान कीमत 41.79 रुपये के स्तर पर है। शेयर के 52 हफ्ते का हाई और लो क्रमशः 57.90 रुपये और 35.82 रुपये है।

**ब्रोकरेज ने क्या कहा:** नोमुरा ने इस कंपनी को एक वर्टिकली इंटीग्रेटेड हेल्थकेयर टेक प्लेयर बताती है, जिसे अपने क्लाइंट्स को लंबे समय तक बनाए रखने और ऑपरेशनल एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते इस्तेमाल से फायदा मिलता है। रिपोर्ट में अगले दो फाइनेंशियल सालों में प्रति शेयर कमाई में 20 प्रतिशत की मजबूत कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट का अनुमान लगाया गया है। मोतीलाल ओसवाल इस कंपनी को यूनाइटेड स्टेट्स में हेल्थकेयर पेयर्स के बीच बढ़ते आउटसोर्सिंग ट्रेंड्स का एक स्ट्रक्चरल बेनेफिशियरी मानती है। ब्रोकरेज का सुझाव है कि हाल ही में किए गए अधिग्रहणों से मिलने वाले तालमेल और बड़े क्लाइंट्स से काम की बढ़ती मात्रा की वजह से कंपनी के रेवेन्यू में मिड-टीन्स (13-17 प्रतिशत) की दर से बढ़ोतरी जारी रहेगी। घरेलू ब्रोकरेज आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने भी बीते दिनों शेयर को खरीदने की सलाह दी थी। ब्रोकरेज ने कहा था कि शेयर 66 रुपये तक जा सकता है। ब्रोकरेज ने कहा था कि कंपनी ने अपनी पहली एनालिस्ट मीट (25 मार्च, 2026 को) आयोजित की। इसमें यह बात सामने आई कि लगातार विकास का एक मुख्य जरिया बना हुआ है। बीते दिनों सैगिलिटी इंडिया ने अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही के नतीजे जारी किए थे। इस तिमाही में मुनाफा सालाना आधार पर 23.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 267.6 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, जबकि राजस्व 35.7 प्रतिशत बढ़कर 1,971.1 करोड़ रुपये हो गया।

## भारत-पाकिस्तान को एक ही चश्मे से देखता है चीन!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन ने पिछले कुछ दशकों में अपनी प्रगति से दुनिया को चौंकाया है। आज वह अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है। उसने दुनिया भर में निवेश कर रखा है। पिछले 20 साल के आंकड़े देखें तो इस दौरान चीन ने सबसे ज्यादा निवेश अमेरिका में किया है। इस दौरान चीन ने अपने जिगरी यार पाकिस्तान में 16.56 अरब डॉलर का निवेश किया है जबकि भारत में उसका निवेश 17.28 अरब डॉलर का रहा है। चीन की इनवेस्टमेंट लिस्ट में भारत 20वें और पाकिस्तान 23वें नंबर पर है। चाइना ग्लोबल इनवेस्टमेंट ट्रैकर के मुताबिक चीन ने 2005 से 2025 के बीच अमेरिका में सबसे ज्यादा 204.14 अरब डॉलर का निवेश किया। दिलचस्प बात है कि अमेरिका और चीन के बीच कई मुद्दों पर मतभेद हैं। दोनों के बीच कई साल से ट्रेड वॉर चल रहा है। इसके बावजूद चीन की निवेश लिस्ट में अमेरिका सबसे ऊपर है। इस लिस्ट में अमेरिका के बाद ऑस्ट्रेलिया है जहां चीन का निवेश 108.12 अरब डॉलर है। यूके में चीन ने पिछले 20 साल में 106.58 अरब डॉलर का निवेश किया जबकि ब्राजील में उसका इनवेस्टमेंट 78.88 अरब डॉलर रहा। स्विट्जरलैंड (62.87 अरब डॉलर) जैसे छोटे देश में चीन का निवेश भारत से करीब तीन गुना ज्यादा है। इसके बाद कनाडा, जर्मनी, इंडोनेशिया, सिंगापुर और फ्रांस का नंबर है। रूस, पेरू, मलेशिया, इटली, कजाकस्तान, नीदरलैंड्स, कांगो, फिनलैंड और चिली में भी चीन का निवेश भारत से ज्यादा है। भारत सरकार ने हाल में चीन से आने वाले निवेश को लेकर नरम रुख दिखाया है। कोरोना काल में घरेलू कंपनियों को चाइनीज टेकओवर से बचाने के लिए सख्त उपाय किए गए थे। भारत में चीन ने पिछले 20 साल में 17.28 अरब डॉलर का निवेश किया है। यह पाकिस्तान में किए गए निवेश से थोड़ा ही ज्यादा है। इसके अलावा चीन ने सऊदी अरब, इराक, कंबोडिया, कोरिया, वियतनाम, गुयाना, हंगरी, स्पेन, अर्जेंटीना, जापान, इजरायल और गिनी में भी काफी निवेश किया है।

# रक्तदान सिबिर कर आयोजन जमा भेलक 44 यूनिट खून

## बड़ संख्या में जुवामन भाग लेलयं

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची साखाआउर श्री रानी सती मंदिर कमेटी कर संजुक्त तत्वावधान में एतवार के रातू रोड स्थित श्री हनुमान बक्स पोद्दार सत्संग भवन में रक्तदान सिबिर कर आयोजन करल गेलक। सिब्र में बड़ संख्या में जुवामन भाग लेलयं। रक्तदान कर समाज सेवा कर संदेस देलयं। सिबिर में कई अदमी पहिल धांव रक्तदान करलयं।

फर्स्ट टाइम डोनर बतालयं कि रक्तदान करेक से केऊ किसिम कर परेशानी नई होवेला, बलकि रक्तदान करेक कर बाद उनके बेस महसूस होलक। ऊ कहलयं कि रक्तदान से डरेक कर जरूरत नई हय।

मंच कर अध्यछ विकास अग्रवाल कहलयं कि रक्तदान महादान आहे। इकर से कई जरूरतमंद मरीजमन कर जान बचाल जाए सकेला। समाज कर अदमी आउर जुवामन कर सक्रिय भागीदारी से ई सिबिर सफल रहे। सचिव मुकेश शर्मा कहलयं कि मंच हमेसा समाज सेवा कर काम में अग्रनी रइह हे।

ई कार्जकरम कर रक्तदान प्रभारी युवा विष्णु अग्रवाल आउर युवा सुमित अग्रवाल आउर सह संयोजक युवा निशांत मोदी सिबिर कर सफल आयोजन में महतपूर्न भूमिका निभालयं। सिबिर के सफल बनायेक में नागरमल मोदी सेवा सदन कर टीम कर जोगदान रहे। रक्तदान सिबिर में पूर्व अध्यछ सुभाष पटवारी, मनीष लोधा, विकाश अग्रवाल, निकुंज पोद्दार, पिंकेश खंडेलवाल, अनीश सरावगी, सैंकी रायका, तरुण अग्रवाल, सीपी रुइया, विशाल महलका, यश सुरेखा, प्रवीण अग्रवाल, राहुल शर्मा, श्री रानी सती कमिटी से सचिव मनोज जालान, सदस्य प्रदीप राजगढ़िया, विमल झुनझुनवाला, अमर पोद्दार सामिल होलयं।



# भारतीय नौसेना कर जहाज 'त्रिकंड' तंजानिया कर दार-एस-सलाम पहुंचलक

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना कर एगो प्रमुख गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस त्रिकंड 3 अप्रैल के तंजानिया कर दार-एस-सलाम पहुंचलक। ई जात्रा दखिन-पछिम हिंद महासागर छेतर में उकर तैनाती कर एगो हिस्सा आहे। ई जातरा कर उद्देस भारत आउर तंजानिया कर बीच समुद्री सहजोग के मजबूत करेक आउर द्विपक्षीय संबंध के बढ़ावा देवेक हय। बंदरगाह में रुकेक कर दौरान होवेक वाला गतिबिधि में आपसी तालमेल आउर समुद्री सहजोग के बढ़ावा देवेक कर उद्देस से पेसेवर संवाद- तंजानियाई नौसेना कर संगे संजुक्त परसिछ्न अभ्यास-सामिल आहे। भारत से लानल गेल जरूरी सामान ई दौरा कर दौरान सौंपल जाई। जहाज कर कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन सचिन कुलकर्णी, तंजानिया पीपल्स डिफेंस फोर्सेज आउर यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तंजानिया कर सरकार कर बरिष्ठ अधिकारीमन से मुलाकात करबयं। आईएनएस त्रिकंड कर ई पोर्ट कॉल भारत कर ह्यमहासागरह्न विजन कर अनुरूप आहे। इकर अर्थ बिभिन्न छेतर में सुरछा आउर बिकास ले आपसी आउर समग्र प्रगति आहे।



# पंचकल्यामक प्रतिष्ठा महोत्सव में भावना योग सिबिर आयोजित

प्रातः नागपुरी संवाददाता





**रांची।** पंचकल्यानक प्रतिष्ठा महोत्सव कर अंतर्गत आइज भावना योग सिबिर आयोजित करल गेलक। इकर में मुनिश्री 108 प्रमाणसागर महाराज साधकमन के आन्तरिक सुद्धि, आत्म-जागरण आउर करुणाझ्रमैत्री कर भावना के जिनगी में बिकसित करेक कर संदेस देलयं। सिबिर में बड़ संख्या में सरधालु उपस्थित रहयं। मुध गोतिया सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, बिधायक सीपी सिंह संगे अन्यय आपन उपस्थिति दर्ज करलयं। जैन समाज कर अध्यछ प्रदीप बाकलीवाल सांसद आउर मंत्री जीतेन्द्र छाबड़ा बिधायक कर सम्मान करलयं। सांत बाताबरन में भावना योग कर अनुभव करलयं। सिबिर कर दौरान मुनिश्री उपस्थित भक्तमन के धीरेझ्रधीरे संयम, समता आउर आत्म-प्रेरन आकार दिसा में आगे बढ़ेक कर आह्वान करलयं। ऊ बतालयं कि पंचकल्यानक जैसन पावन अवसर आत्म-सोधन आउर अध्यात्म कर दने घुरेक कर सर्वोत्तम प्रेरना देवेला। कार्जकरर कर अंत में सामूहिक मंगल भावना गीत मंगल मंगल होय जगत में, सब मंगलमय होय, ई धरती कर हर प्रानी कर मन मंगलमय होय कर गान करल गेलक। जेकर में उपस्थित सरधलुमन ने सांति आउर आत्मझ्र अनुभूति कर बिसेस अनुभव करलयं। ई जानकारी मीडिया प्रभारी राकेश काशलीवाल देलयं।

# श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद कर आयोजन

## मनीष सोनी सुमधुर भजन से भक्तमन के खूब झुमालयं

प्रातः नागपुरी संवाददाता





**रांची।** पुंदाग इस्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में एतवार के श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद कर आयोजन करल गेलक। ई अवसर में श्री राधा रानी कर आकरसक आभूसन से अलौकिक श्रृंगार करल गेलक। महाप्रसाद कर बिधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर कर पुजारी अरविंद कुमार पांडे लगालयं।

महाप्रसाद में मसालेदार भेजिटेबल खिचड़ी, आलू चिप्स, गुलाब कर सरबत बांटल गेलक। मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी बेसी सरधालुमन कर बीच महाप्रसाद बाँटल गेलक। इकर बाद भजन संध्या में ट्रस्ट कर भजन गायक मनीष सोनी आपन सुमधुर भजनों भक्तमन के खूब झुमालयं।

ट्रस्ट कर प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ बतालयं कि मंदिर में बिहाने से हे भक्तमन कर पांइत लागल रहे। करीब 4 हजार से बेसी सरधालुमन भगवान कर दरसन करलयं। मंदिर में हरेक दिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक भेजिटेबल खिचड़ी महाप्रसाद करर बितरन करल जायेला। इकर में 400 से भी बेसी सरधालु प्रसाद ग्रहन करयंना।

ई अवसर में डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,पूरणमल सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, मधु सूदन जाजोदिया, सुरेश भगत, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, पवन पोद्दार, ज्ञान चंद्र शर्मा संगे काफी संख्या में सरधालु उपस्थित रहयं।




## नागपुरी कहानी

# लालची बुढ़ा



संतोष महली, ईटा, लोहरदगा।



नदी किनारे एगो गांव में एगो बुढ़ा रहत रहे,बुढ़ा गरीब तो रहे मुदा बड़ा लालची रहे। एक दिन बुढ़ा बिहाने - बिहान नदी नाहाय ले जायला तो बुढ़ा के एगो चपाइल में बाड़का ले तेलपिया मछरी भेटायला,इ देइख बुढ़ा बड़ा खुस होवेला। पानी बगरा नइ रहेक कारन बुढ़ा मछरी के धइर लेवेला आउर घर लाइन के बेस से बनाय के खाएला।

आब बुढ़ा रोज नदी बटे जायला आउर ओहे चपाइल से कहियो बड़ तो कहियो छोट तेलपिया मछरी के धइर लानेला,कोनो - कोनो दिन तो बेचबो करेला। जब अगल बगल कर पुछैना की रोज मछरी काहां से लानिस ला बउ आजा..? तो बुढ़ा कहेला किन के जुन लानोना के देवि जे रोज - रोज।

बुढ़ा कर मछरी खाएक आउर बेचेक देइख गांव कर कुछ छोड़ा मने बुढ़ा कर पिछे पइड़ जायना,इ जानेले की बुढ़ा सच में किनेला की कनहो से धइर के लानेला। आब बुढ़ा के घइते नी लागे ना केखो बताय सकेला ना उ छोड़ा मन कर नजइर से बाचे पारेला। इसने हे धिरे - धिरे दिन बितते जायला,जहिया बुढ़ा के मोका मिलेला तहिया मछरी धइर के लानेला आउर बेचेला,आब बुढ़ा जगे ठिक भइर पईसा होइ जा रहे जेकर से बुढ़ा कर गुजर - बसर बढ़िया चलत रहे।

एक दिन बुढ़ा के एगो बुदधी सुझेला,बुढ़ा सोचेला की रोज - रोज एकक गो धरेक से बढ़िया है कि पानी के छिछ के सउभे मछरी के धइर लेउ,आउर बेइच के अमीर आदमी बइन जाउ..!!

दिन के छोड़ा मन जोहैना सेले उ दिन बुढ़ा सांझी पहर नदी बटे जायला आउर जे चपाइल में मछरी मिलेला सेके चाइरो बटे से बाइंध देवेला,आउर ओहे ज राईत भइर सुतेला।

बिहान फुरचाएक से पइलेहे बुढ़ा पुरा पानी के छिछेक? सुरू कइर देवेला,आउर जब पानी सिराय जायला तो बुढ़ा देखेला की चपाइल में एको गो मछरिये नखे,खाली बेंग छुछा भइर आहे, इके देईख बुढ़ा के बड़ा ही दुख होवेला,आउर मने मन कहेला की इकर से बेस तो मोय पहिले नियर लेगतो आउर बेचतो ,मोय झुठो दिमाग लगाय आलों। बगरा कर लोभे बेंग भेटाय गेलों। इ कहानी हामरे के सिखायला की जे है सेकरे में आदमी के खुस रहेक चाही,बगरा लोभ नइ करेक चाही।

## नयना हेरि



- डॉ.लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक, तपकरा।

परदेशी पिया मोर
मन में करलंय शोर
काले नई आलंय पिया मोरी
नयना हेरि
आसरा देखों मोय घरी
घरी।। ध्रु।।

बतिया कहमूं केके
निशि दिना बीते सेके
सूना घरे हिया बेधत मोरी
नयना हेरि
आसरा देखों मोय घरी
घरी।। 1।।

टपकी मोर लोर गिरे
नयना में सुरति रहे
आसरा में रहों मन मारी
नयना हेरि
आसरा देखों मोय घरी
घरी।। 2।।

टुईट गेलक आसरा मोर
बीती कईसे जीनगी मोर
*नारायण* संग देबंय मोरी
नयना हेरि
आसरा देखों मोय घरी
घरी।। 3।।
***

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक :** नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर :** शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड :** कुमार राजेश। **फोन नंबर :** 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी :** jharkhandwanitaudyog@gmail.com